मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से प्रकाशितः भोपाल • ग्वालियर • कटनी • बिलासपुर • जबलपुर • छिंदवाड़ा • बालाघाट

www.emsindia.com

भोपाल
मंगलवार 29 अप्रैल 2025
■ वर्षः 30 ■ अंकः 122
■ पेजः 8 ■ मूल्यः 1.50/- रुपए

निष्पक्ष एवं विश्वसनीय खबरों का लोकप्रिय समाचार पत्र

एक्सप्रेस न्यूज

चुपके-चुपके

आखिरकार घुटना पेट की ओर ही मुड़ा

विपक्ष है तो पक्ष के खिलाफ रहेगा ही। इस बात को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सिद्ध कर दिया है। दरअसल, डीजीपी द्वारा विधायक और सांसदों की सेल्यूट मारने के आदेश पर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने कहा कि कई सांसद और विधायक अपराध में घिरे हैं ऐसे में वर्दी वाले अपराधी को सेल्यूट कैसे मार सकते हैं। खबरची का कहना है कि माननीय अध्यक्ष के अनुसार भाजपा के 29 में से 9 सांसद और 163 में से 51 विधायकों पर एफआईआर हैं। राजनीतिक हलकों में पटवारी के आधे अधूरे आंकड़ों को लेकर भी बात चल रही है कि कांग्रेस के आंकड़े उन्होंने क्यों जारी नहीं किए? क्या बचे हुए कांग्रेस विधायकों पर दाग नहीं है? हालांकि लोग कह रहे हैं कि सही भी है घुटना हैं पेट की ओर झुकेगा ही।

-खबरची

फटाफट खबरें

अज्ञात वाहन में घुसी कार, 4 की मौत

धार, ईएमएस। धार के इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर सोमवार सुबह करीब 6 बजे स्विफ्ट कार पीछे से अज्ञात वाहन में जा घुसी। कार सवार चार युवकों की मौके पर मौत हो गई। युवक झाबुआ से शादी समारोह में धार जाने के लिए निकले थे। रास्ते में ये हादसा तिरला थाना क्षेत्र के ग्राम बलगांवडी स्थित प्रिंस होटल के पास हुआ। कार सवार युवक रविवार रात करीब 10 बजे झाबुआ से निकले थे। धार के रास्ते पर उनकी कार की किसी भारी वाहन से टक्कर हो गई।

1700 से ज्यादा बांग्लादेशी हिरासत में

नई दिल्ली, ईएमएस। कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद पूरे देश में आक्रोश है। सरकार ने कहा है कि भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर निकाला जाएगा। गुजरात में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी है। राज्य में तीन दिन में 1700 से ज्यादा बांग्लादेशी हिरासत में लिए जा चुके हैं। वहीं, अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।

धनबाद से गिरफ्तार 4 संदिग्ध आतंकी

रांची, ईएमएस। धनबाद के वासेपुर से गिरफ्तार 4 संदिग्ध आतंकवादी संगठन के सदस्य निकले हैं। झारखंड एटीएस ने चारों संदिग्धों को शनिवार को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार संदिग्धों में गुलफाम , आयान , शहजाद और शबनम थे। एटीएस की पूछताछ में खुलासा हुआ है कि ये सभी आतंकी संगठन हिज्ब-उत-ताहिर (एचयूटी), अलकायदा इंडियन सब कॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस), आईएसआई और अन्य प्रतिबंधित संगठनों के लिए स्लीपर सेल तैयार कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि ये सभी सोशल मीडिया की मदद से युवाओं को गुमराह कर रहे थे।

आज का कार्टून

मप्र में आबकारी अफसरों और शराब ठेकेदारों पर ईडी का एक्शन...

भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा और मंदसौर में भी दबिश, शराब ठेकेदारों के ठिकानों पर सर्चिंग

फर्जी ट्रेजरी चालान में सरकार को करोड़ों की चपत

● भोपाल/इंदौर/रीवा/मंदसौर, ईएमएस

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मप्र के भोपाल, इंदौर, रीवा और मंदसौर में शराब कारोबारियों के ठिकानों पर छापे मारे हैं। सबसे बड़ी कार्रवाई इंदौर में की गई है। यहां अलग-अलग शराब कारोबारियों के 18 ठिकानों पर दबिश दी गई। भोपाल में एक बड़े कारोबारी के यहां सर्चिंग की गई है। जबलपुर और मंदसौर में भी शराब व्यापारियों के ठिकानों पर जांच की जा रही है। अभी तक इस मामले में ईडी की ओर से अधिकृत तौर पर कुछ नहीं कहा गया है।

जांच में पता चला कि इन ठेकेदारों ने चालान में हेरफेर कर करीब 49 करोड़ 42 लाख रुपए का सरकारी नुकसान किया। यह गड़बड़ी वित्त वर्ष 2015-16 से 2017-18 के बीच की गई थी। आरोप है कि शराब के लाइसेंस के लिए भी उन्होंने फर्जी अनापत्ति प्रमाण पत्र बनवाए थे। ठेकेदारों चालाकी करते थे और बैंक में छोटी रकम का चालान भरते थे। चालान में 'रुपए अंकों में' तो सही से भरते थे, लेकिन 'रुपए शब्दों में' वाली जगह खाली छोड़ देते थे। बैंक में पैसा जमा कराने के बाद वे खाली जगह में बड़ी रकम (जैसे हजार या लाख) जोड़ देते थे। फिर इस बदले हुए चालान को शराब गोदाम या जिला आबकारी कार्यालय में जमा कर देते थे। इस तरह वे असली से ज्यादा रकम दिखाकर शराब का स्टॉक लेते थे और सरकार को भारी नुकसान पहुंचाते थे।

इंदौर में 18 ठिकानों पर कार्रवाई...

इंदौर में शराब ठेकेदार अविनाश और विजय श्रीवास्तव, राकेश जायसवाल, योगेंद्र जायसवाल, राहुल चौकसे, सूर्यप्रकाश अरोरा, गोपाल शिवहरे, लवकुश और प्रदीप जायसवाल के ठिकानों पर छापे पड़े हैं। बसंत बिहार कॉलोनी, तुलसी नगर और महालक्ष्मी नगर में ईडी की टीमें पहुंची हैं। दरअसल, इंदौर जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में साल 2015 से 2018 के बीच सरकारी गोदाम से शराब लेने के लिए इस्तेमाल 194 बैंक चालानों में गड़बड़ी सामने आई थी।

जालसाजी करके 49 करोड़ से ज्यादा का नुकसान

ईडी ने शराब ठेकेदारों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर मामले की जांच शुरू की है। इसमें ट्रेजरी चालान में जालसाजी और हेराफेरी करके सरकार को 49 करोड़ से ज्यादा का राजस्व नुकसान पहुंचाने और वित्त वर्ष 2015-16 से 2017-18 तक शराब अधिग्रहण के लिए अवैध रूप से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) हासिल करने का आरोप है। जांच में पता चला था कि आरोपी शराब ठेकेदार छोटी-छोटी रकम के चालान तैयार कर बैंक में जमा करते थे। चालान के निर्धारित प्रारूप में रुपए अंकों में और रुपए शब्दों में लिखे होते थे। मूल्य अंकों में भरा जाता था जबकि रुपए शब्दों में के बाद खाली जगह छोड़ दी जाती थी। रकम जमा करने के बाद जमाकर्ता इस खाली जगह में बढ़ी हुई राशि को लाख के रूप में लिख देता था। ऐसी बढ़ी हुई रकम के चालान की कॉपियां जिला आबकारी कार्यालय में जमा कर दी जाती थी। मंदसौर में ईडी की टीम जनता कॉलोनी स्थित शराब कारोबारी बंटी त्रिवेदी के मकान पर पहुंची है। 7 सदस्यीय टीम घर के अंदर सर्चिंग कर रही है। मौके पर सीआरपीएफ के पुलिस जवान तैनात हैं।

संजीव ने सरकार के खाते में 22 करोड़ जमा कराए

मप्र कांग्रेस कमेटी ने शराब कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी की कार्यवाही के बाद सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। पार्टी ने कहा- इंदौर के फर्जी चालान कांड का मुख्य आरोपी एवं सरगना तत्कालीन आबकारी अधिकारी संजीव दुबे है। लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू में कई शिकायतों और 10 साल से चल रही जांच के बाद भी भ्रष्ट अधिकारी को मुख्यमंत्री ने जबलपुर में पदस्थ क्यों किया? पोल खुलने के बाद चंदा इकट्ठा कर अधिकारियों ने 22 करोड़ रुपए सरकार के खाते में जमा करा दिए, पर सवाल यह है कि यह धन आया कहां से?

ईडी ने 2024 में लिखा पत्र

इस संबंध में इंदौर के रावजी पुलिस स्टेशन में एक एफआईआर 172/2017 दर्ज की गई थी। ईडी ने आबकारी विभाग द्वारा की गई आंतरिक जांच के आधार पर दर्ज प्राथमिकी के संबंध में विवरण उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। इस पत्र में लिखा गया है कि शराब ठेकेदारों से वसूली गई राशि, यदि कोई हो तो उसका विवरण उपलब्ध कराएं। इसके अलावा शराब ठेकेदारों के बैंक खाते का विवरण भी उपलब्ध कराने और जांच की वर्तमान स्थिति की जानकारी देने को कहा है, जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके अलावा, उत्पाद शुल्क विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध अगर कोई जांच हुई है, तो उसकी आंतरिक जांच रिपोर्ट भी उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

ग्वालियर में मंच पर बैठने को लेकर हुआ विवाद, दिग्विजय बोले...

अब मैं कभी मंच पर नहीं बैठूंगा

ग्वालियर, ईएमएस। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि वह अब कभी मंच पर नहीं बैठेंगे। मंच के नीचे बैठेंगे। जब उनके बोलने की बारी आएगी, तभी वो मंच पर चढ़ेंगे। दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस नेताओं से मंच की लड़ाई खत्म करने की अपील की है।

दिग्विजय सिंह सोमवार को ग्वालियर के फूलबाग में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को संबोधित कर रहे थे। दिग्विजय सिंह ने कहा कि मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि मंच की लड़ाई समाप्त करें। आपसे अनुरोध करता हूं कि मैं अब कांग्रेस या किसी भी मंच पर नहीं बैठूंगा। मैं नीचे बैठ जाऊंगा। बस इतना अनुरोध है कि जब बोलने का अवसर आए, तब मुझे बुला लिया जाए। कृपया मंच की लड़ाई को समाप्त कर दीजिए। दिग्विजय सिंह ने कहा कि जो लोग लाते हैं, वे बेचारे रह जाते हैं, और हमारे लोग मंच पर आ जाते हैं। इन बातों पर ध्यान दीजिए। दरअसल, ग्वालियर में हुए कांग्रेस के इस कार्यक्रम में करीब 4 से 5 हजार नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच पर बैठने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में विवाद हुआ।

कांग्रेस ने बनाई थी गाइडलाइन नहीं हुआ पालन...

दरअसल, हाल ही में कांग्रेस ने अपने कार्यक्रमों को लेकर एक गाइडलाइन बनाई थी, जिसमें ये भी तय किया गया था कि मंच पर कोई नहीं बैठेगा। सिर्फ डायस और माइक रहेगा। जिस नेता का भाषण देने का नंबर आएगा, वहीं मंच पर जाएगा, भाषण देगा और फिर नीचे आकर बैठ जाएगा। लेकिन ग्वालियर की इस रैली में इसका पालन नहीं हुआ।

दलित का अंतिम संस्कार रोका, पथराव

शव रखकर 6 घंटे तक किया चक्काजाम

श्योपुर, ईएमएस। जिले के लीलदा गांव में सोमवार को दबंगों ने दलित युवक के शव का अंतिम संस्कार करने से रोक दिया। इसके बाद शव को सड़क पर रखकर पत्थरबाजी हुई।

गांव का जगदीश जाटव बेंगलुरु में प्राइवेट नौकरी काम करता था। सड़क हादसे में पांच दिन पहले उसकी मौत हो गई थी। सोमवार सुबह करीब 10 बजे शव गांव लाया गया। इसके बाद दोपहर करीब 1 बजे शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने लगे। आरोप है कि इस पर रावत समाज के लोगों ने आपत्ति जताई। इसके बाद सड़क पर शव रखकर विवाद शुरू हो गया। आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। मौके पर विजयपुर एसडीएम अभिषेक मिश्रा की समझाइश देने के बाद 6 घंटे बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए माने। परिजन ने शासकीय जमीन पर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान लोगों ने एसडीएम से इस शासकीय जमीन से दबंगों का कब्जा हटाए जाने की मांग भी रखी। इस पर एसडीएम ने कार्रवाई करने का भरोसा दिया। महिलाओं का कहना है जाटव समाज के श्मशान घाट की जमीन रेलवे में चली गई है।

सीएम डॉ. मोहन ने की उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 में होने वाली गतिविधियों की समीक्षा, कहा...

पूरे प्रदेश में एक समान होगा औद्योगिक विकास

भोपाल, ईएमएस। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 के संकल्प को साकार करने के लिए सभी विभागों और एजेंसियों को समन्वित प्रयास करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्ष-भर के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम कैलेंडर के अनुसार सभी गतिविधियों का कुशलतापूर्वक संचालन सुनिश्चित कर हर माह इनकी प्रगति की गहन समीक्षा करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में उच्च-स्तरीय बैठक में उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 में प्रस्तावित कार्यक्रमों और गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक आयोजन प्रदेश के संतुलित और समावेशी औद्योगिक विकास की दिशा

में ठोस कदम साबित हो, ऐसे प्रयास किये जायें। उन्होंने कहा कि सेक्टर कॉन्क्लेव जैसे प्रमुख आयोजन उन्हीं स्थलों पर आयोजित किए जाएं, जहां औद्योगिक गतिविधियां स्वाभाविक रूप से संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोजन केवल जिलों के मुख्यालयों तक सीमित नहीं रहें, बल्कि सुदूर अंचलों और औद्योगिक संभावना वाले क्षेत्रों में भी उनका विस्तार किया जायें, जिससे प्रदेश का हर कोना औद्योगिक उन्नति की धारा से जुड़ें।

जहां कम उद्योग वहां अधिक ध्यान दें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन क्षेत्रों की ओर भी विशेष ध्यान दे, जहां औद्योगिक गतिविधियां अपेक्षाकृत धीमी रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इन क्षेत्रों में सेक्टर-केंद्रित आयोजनों और विशेष प्रयासों के माध्यम से औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की प्रक्रिया को तीव्र गति से किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सक्रिय औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध ऊर्जा और संसाधनों का उपयोग करते हुए अन्य क्षेत्रों में भी औद्योगिक वातावरण का विस्तार किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को कृषकों के हित में डिजाइन किया जाए, ताकि सौर ऊर्जा उनकी आय में वृद्धि का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन सके। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला सशक्ति करण के लिए भी स्व-सहायता समूह की गतिविधियों पर आधारित कार्यक्रम किये जाए जिससे अधिक से अधिक महिलाएं स्व-सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बने और प्रदेश के विकास में सहयोगी बन सकें।

मुंबई हमले के मास्टरमाइंड की कस्टडी 12 दिन बढ़ी

एनआईए ने तहव्वुर राणा की रिमांड बढ़ाने की मांग की थी

नई दिल्ली, ईएमएस। मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा की कस्टडी 12 दिनों के लिए बढ़ गई है। तहव्वुर राणा को सोमवार को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। एनआईए ने उसकी हिरासत बढ़ाने के लिए याचिका लगाई थी।

एनआईए तहव्वुर राणा को 10 अप्रैल को स्पेशल प्लेन से अमेरिका से भारत लेकर आई थी। उसका प्रत्यर्पण टॉप-सीक्रेट मिशन ऑपरेशन राणा के तहत हुआ था। 10 अप्रैल को उसे स्पेशल एनआईए जज चंद्रजीत सिंह ने उसे 18 दिन की कस्टडी में भेज दिया था। सोमवार को राणा की कस्टडी खत्म होने वाली थी। तहव्वुर को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था।

सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं होने पर पीएम पर भड़के खरगे...

56 इंच का सीना अब छोटा हो गया

जयपुर, ईएमएस। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की जान गई और इस पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, तब प्रधानमंत्री उसमें शामिल नहीं हुए।

जयपुर में आयोजित संविधान बचाओ रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि देश का दुर्भाग्य है कि जब देश की शान पर हमला हुआ, तब प्रधानमंत्री बिहार में चुनावी भाषण दे रहे थे। सभी दलों के नेता बैठक में आए, लेकिन प्रधानमंत्री नहीं आए। क्या बिहार दूर था? उन्हें आना चाहिए था और योजना के बारे में बताना चाहिए था कि उन्हें हमसे किस तरह की मदद चाहिए। मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी ने महंगाई और बेरोजगारी दी। ऐसे लोग देश को कमजोर करते हैं। उनका 56 इंच का सीना अब छोटा हो गया है।

भाजपा देश को बांटने की बातें करती है...

खरगे ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये देश बांटने की बात करते हैं, जबकि कांग्रेस देश जोड़ने की बात करती है। उन्होंने आगे कहा कि इस देश में संविधान सबसे बड़ा है और हमारा लोकतंत्र संविधान के अनुसार चलता है। सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग और कांग्रेस नेताओं पर छापों को लेकर सरकार पर हमला करते हुए कहा कि जब भी कांग्रेस आगे बढ़ती है, ये लोग उसे दबाने की कोशिश करते हैं। लेकिन हम दबने वाले नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता विरोधियों को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन झूठे मुकदमे चलाकर वे लोकतंत्र को कमजोर नहीं कर सकते।

भारत में अब नहीं चलेगा पाकिस्तानी प्रोपेगैंडा

नई दिल्ली, ईएमएस। जम्मू-कश्मीर में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनातनी जारी है। अब भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ नया एक्शन लिया है। केंद्र सरकार ने कार्रवाई करते हुए कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस फैसले के साथ ही भारतीय यूट्यूब यूजर्स के लिए शोएब अख्तर, आरजू काजमी और सैयद मुज़म्मिल शाह जैसे पाकिस्तानी चैनलों तक पहुंच प्रतिबंधित कर दी गई है। भारत सरकार की तरफ से एक्शन लिए जाने के बाद यूट्यूब पर पाकिस्तानी चैनलों को सर्च करने पर कुछ इस तरह के टेक्स्ट के साथ का पेज नजर आ रहा है, राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित सरकार के आदेश के कारण यह कंटेंट मौजूदा वक्त में इस देश में उपलब्ध नहीं है। इसके साथ ही पाकिस्तान के कुछ न्यूज चैनल्स के यूट्यूब पेज को भी बैन किया गया है। इसमें डॉन न्यूज, जीओ न्यूज, समा टीवी, बोल न्यूज जैसे कई चैनलों का नाम शामिल है।

बैन किए गए शोएब अख्तर सहित कई न्यूज के यूट्यूब चैनल्स

भारत को मिलेंगे 26 राफेल लड़ाकू विमान

पाकिस्तान से तनाव के बीच फ्रांस से 63000 करोड़ की डील

नई दिल्ली, ईएमएस। भारत-पाकिस्तान के तनावपूर्ण रिश्ते के बीच भारत और फ्रांस ने सोमवार को दिल्ली में 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों के लिए 63 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए। भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया, जबकि नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल के स्वामीनाथन भी मौजूद थे। इससे पहले फ्रांस के रक्षा मंत्री खुद हस्ताक्षर समारोह में शामिल होने वाले थे, लेकिन उन्हें व्यक्तिगत कारणों से अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी।

राफेल एम जेट आईएनएस विक्रांत से संचालित होंगे और मौजूदा मिग-29 के बेड़े का सहयोग करेंगे। भारतीय वायु सेना पहले से ही 2016 में खरीदे गए 36 राफेल विमानों का बेड़ा संचालित कर रही है। ये विमान अंबाला और हासीमारा में स्थित हैं। इस नए सौदे से भारत में राफेल जेट विमानों की कुल संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी, जिससे देश के 4.5 पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के बेड़े में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। सूत्रों ने बताया कि भारतीय विमानवाहक पोतों, विशेष रूप से आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता है।

आईएनएस विक्रांत पर तैनात होंगे राफेल मरीन

भारत राफेल मरीन विमानों को आईएनएस विक्रांत पर तैनात करेगा। विमान बनाने वाली कंपनी दसॉ एविएशन ने इन विमानों में भारत की जरूरत के हिसाब से कई बदलाव किए हैं। इसमें एंटी शिप स्ट्राइक, न्यूक्लियर हथियार लॉन्च करने की क्षमता और 10 घंटे तक फ्लाइट रिकॉर्ड करने जैसे फीचर शामिल हैं। इसके अलावा कंपनी भारत को हथियार प्रणाली, स्पेयर पार्ट्स और एयरक्राफ्ट के जरूरी टूल्स भी देगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन विमानों की डिलीवरी 2028-29 में शुरू होगी और 2031-32 तक सभी विमान भारत पहुंच जाएंगे।

फ्रांस से 36 राफेल खरीद चुका भारत

राफेल मरीन से पहले भारत फ्रांस से एयरफोर्स के लिए 36 राफेल जेट भी खरीद चुका है। 2016 में हुई इस डील के सभी विमान 2022 में भारत पहुंचे थे। इन्हें एयरफोर्स के अंबाला और हाशिनारा एयरबेस से संचालित किया जाता है। ये डील 58,000 करोड़ रुपए में हुई थी। राफेल मरीन विमान के फीचर्स एयरफोर्स के राफेल विमान से एडवांस हैं।

पुतिन ने 3 दिन के एकतरफा सीजफायर का ऐलान किया

मॉस्को, ईएमएस। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन के साथ 3 दिन के एक तरफा सीजफायर का ऐलान किया है। यह सीजफायर 8 मई से लागू होगा। पुतिन ने यूक्रेन से भी ऐसा ही करने की उम्मीद जताई है। इससे पहले रूस ने ईस्टर के मौके पर 20 अप्रैल को एक दिन के सीजफायर का ऐलान किया था। यह सीजफायर रूस के 80वें विक्ट्री डे के मौके पर किया जा रहा है। रूस सेकेंड वर्ल्ड वॉर में नाजी जर्मनी पर जीत के जश्न के तौर पर हर साल 8 मई को विक्ट्री डे परेड का आयोजन करता है। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने कहा है कि यह सीजफायर मानवीय आधार पर किया जा रहा है। इसकी शुरुआत 7-8 मई की दरमियानी रात होगी और 10-11 मई को आधी रात यह सीजफायर खत्म हो जाएगा।



स्पेन-पुर्तगाल-फ्रांस में बिजली गुल

एयरपोर्ट-मेट्रो बंद, मोबाइल नेटवर्क ठप

मैड्रिड/लिस्बन/पेरिस, ईएमएस। यूरोपीय देश स्पेन, पुर्तगाल और फ्रांस में सोमवार को बिजली गुल हो गई है। इसकी वजह से लाखों लोग बिना बिजली के रहने पर मजबूर है।

बिजली सप्लाई रुक जाने से मेट्रो, एयरपोर्ट, रेल और मोबाइल नेटवर्क ठप हो गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक यूरोपीय इलेक्ट्रिक ग्रिड में खराबी के चलते यह संकट खड़ा हो गया है। फ्रांस के दक्षिण-पश्चिम में अलारिक माउंटेन पर आग लग गई जिसने पेरपिगन और पूर्वी नारबोन के बीच एक हाई वोल्टेज इलेक्ट्रिसिटी लाइन को नुकसान पहुंचा है। पुर्तगाल की राष्ट्रीय विद्युत कंपनी आरईएन ने कहा है कि इसे पावर आउटेज का एक संभावित कारण माना जा रहा है।

कई मेट्रो ट्रेन सुरंगों में फंसीं

यूरोन्यूज पुर्तगाल के मुताबिक, पुर्तगाल और स्पेन की राजधानियों में कई मेट्रो ट्रेन स्टेशन के बीच सुरंगों में फंस गई है। लोग इन मेट्रो में फंसे हुए हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, पुर्तगाली पुलिस ने पुष्टि की है कि ट्रेनों का संचालन बंद है, पोर्टो और लिस्बन दोनों शहरों में मेट्रो सेवाएं बंद कर दी गई हैं और पूरे देश में ट्रैफिक सिग्नल भी प्रभावित हुए हैं।

खौफ में पाकिस्तान... विदेश मंत्री कभी चीन तो कभी सऊदी -ब्रिटेन से लगा रहे मदद की गुहार...

पीओके में आतंकियों से खाली कराए लॉन्च पैड...

● नई दिल्ली, ईएमएस

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों को लॉन्च पैड से निकालकर आर्मी शेल्टर्स में शिफ्ट किया जा रहा है।

पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों से कहा है कि वे या तो आर्मी शेल्टर या फिर बंकरों में चले जाएं। पीओके स्थित सभी लॉन्च पैड को खाली करने को कहा गया है। सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि, पीओके में स्थित लॉन्च पैड से गाइड के जरिए आतंकी जम्मू-कश्मीर की सीमा में दाखिल होते हैं। हाल फिलहाल में भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने कुछ लॉन्च पैड की पहचान की थी, जिनमें से इन लॉन्च पैड से आतंकियों को शिफ्ट किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि केल, सारडी, दुधनियाल, अथमुकम, जुरा, लीपा, पछिबन, फॉरवर्ड कहुटा, कोटली, खुइरत्ता, मंधार, निकैल, चमनकोट और जानकोटे में कुछ लॉन्च पैड हैं, जहां हमेश आतंकी मौजूद होते हैं।

एलओसी के पास अपनी सुरक्षा बढ़ा रहे कश्मीरी

सीमा पर तनाव के बीच कश्मीर में एलओसी के पास रहने वाले लोग भी अपनी सुरक्षा के इंतजाम करने लगे हैं। मसलन, कुछ वर्षों की सामान्य स्थिति और शांति के बाद, एलओसी के पास रहने वाले लोगों के लिए तनाव और अनिश्चितता फिर से वापस आ गई है। खासतौर से पीओके में भारतीय सैन्य कार्रवाई की चेतावनियों के बाद स्थानीय लोगों की चिंताएं बढ़ी है।

पाक कर रहा सीजफायर का उल्लंघन

पाकिस्तान पिछले कुछ हफ्तों से जम्मू-कश्मीर में सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है, और पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की ओर से ये उल्लंघन आम हो गए हैं। अप्रैल 2025 तक दर्ज की गई घटनाओं को एलओसी के साथ जम्मू-कश्मीर में कई क्षेत्रों में पाकिस्तान द्वारा उकसावे के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय सेना ने प्रत्येक घटना का तेजी से और प्रभावी ढंग से जवाब दिया है, नागरिकों पर इसका कम से कम प्रभाव हुआ है।

दूसरे देशों से मदद की गुहार

पहलगाम अटैक के बाद भारत की ओर से सिंधु नदी समझौता सस्पेंड किए जाने पर पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारत की ओर से किसी तरह की सैन्य कार्रवाई की संभावनाओं के बीच पाकिस्तान मदद के लिए पलक-छावड़े बिछाए हैं। ऐसे में वह कभी चीन की तरफ तो कभी सऊदी अरब और कभी ब्रिटेन की ओर देख रहा है। इस तनावपूर्ण माहौल के बीच पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने चीन के विदेश मंत्री को फोन कर मदद की गुहार लगाई है। डार ने सिर्फ चीन ही नहीं बल्कि ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी और अन्य क्षेत्रय समकक्षों को भी फोन कर इस स्थिति पर चर्चा की है। स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी को फोन किया और मौजूदा स्थिति से उन्हें वाकिफ कराया।

वाड्रा ने दी सफाई कहा- गलत मायने निकाले गए

नई दिल्ली, ईएमएस। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा अपने ही बयान पर घिर गए हैं। उन्होंने कहा था कि पहलगाम हमला यह संदेश देने की कोशिश है कि देश में मुसलमान असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। बीजेपी ने जब रॉबर्ट वाड्रा पर हमला किया तो वह सफाई देने लगे।

भारत-पाकिस्तान के बीच जंग की आहट

जम्मू, ईएमएस। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान जंग की कगार पर पहुंच गए हैं। इन हालातों को देखकर अमेरिका सक्रिए हो गया है। अमेरिका ने रविवार को कहा कि वह भारत और पाकिस्तान दोनों के संपर्क में है और दोनों देशों से जिम्मेदार समाधान की दिशा में काम करने का आग्रह कर रहा है।

फटाफट खबरें

अमेरिकी हवाई हमलों में आठ की मौत

सना, ईएमएस। यमन की हूती-नियंत्रित राजधानी सना पर हाल में हुए अमेरिकी हवाई हमलों में आठ लोगों की मौत हुई। हूती-संचालित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इसकी जानकारी साझा की। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस हमले में दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। बानी अल-हरिथ जिले में अमेरिकी लड़ाकू विमानों की बमबारी में तीन घरों के मलबों में दबे लोगों की तलाश बचाव दल द्वारा की जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, हूती संचालित मीडिया ने बताया कि उत्तरी यमन में राजधानी सहित कई स्थानों पर करीब 20 अमेरिकी हवाई हमले किए गए।

पप्पू सिंह के घर हुई फायरिंग

मुजफ्फरपुर, ईएमएस। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि कभी भी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने से हिचक नहीं रहे हैं। यही कारण है कि रविवार देर रात मिठनपुरा थाना क्षेत्र के रामबाग चौड़ी मोहल्ले में स्थित जनता दल यूनाइटेड के महानगर उपाध्यक्ष और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष पप्पू सिंह के आवास पर अज्ञात बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत फैला दी। कुछ आपराधिक तत्व बाइक पर सवार होकर आए और घर पर 6 से 7 राउंड फायरिंग कर फरार हो गए। फायरिंग के समय पप्पू सिंह अपने किसी रिश्तेदार के साथ घर लौटे ही थे।

अंतर्राष्ट्रीय जांच की मांग का समर्थन

नई दिल्ली, ईएमएस। पाक के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक रूसी समाचार एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहा कि चीन, रूस या पश्चिमी देश मिलकर एक इंटरनेशनल टीम बनाएं, ताकि यह जांच हो सके कि भारत सरकार जो कह रही है वह सच है या नहीं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी पूरी दुनिया से इसके बारे में बात की है। इस पूरे मामले में चीन ने पाकिस्तान का खुला समर्थन किया है। चीनी सरकार के मुखपत्र की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को पाकिस्तानी विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ फोन पर बातचीत के दौरान वांग यी ने निष्पक्ष जांच की शीघ्र शुरुआत का समर्थन किया।

अब भारत ने की डिजिटल स्ट्राइक

नई दिल्ली, ईएमएस। पाकिस्तान पर शिकंजा कसने में भारत कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। पहले पानी रोका, फिर कई समझौते तोड़े दिए। अब भारत के खिलाफ जहर उगल रहे कई यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाकर डिजिटल स्ट्राइक की है। सूत्रों के मुताबिक गृह मंत्रालय की सिफारिश पर भारत सरकार ने 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों, जिनमें डॉन न्यूज, समा टीवी, एआरवाय न्यूज और जियो न्यूज जैसे बड़े नाम शामिल हैं, पर पाबंदी लगा दी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हिंदू नरसंहार ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। इस हमले में 26 लोग मारे गए। भारत ने इसे पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का हिस्सा बताया।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने पहलगाम हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि, फारुक अब्दुल्ला ने गैलरी में बैठ देखी कार्यवाही, सीएम उमर भावुक हो बोले....

लानत हो हम पर अगर आज भी...

आदिल शाह के बलिदान को सदन ने किया नमन

● जम्मू, ईएमएस

पहलगाम में आतंकी हमले को ध्यान में रखते हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र सोमबार को बुलाया गया। सत्र के प्रारंभ में समस्त विधायकों ने 22 अप्रैल को बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में मारे गए समस्त लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। इस विशेष सत्र की कार्रवाई को नेशनल कॉन्फ्रेंस के संरक्षक फारूक अब्दुल्ला ने भी विजिटर गैलरी में बैठकर देखी।

विशेष सत्र के दौरान सीएम उमर ने सदन में स्पष्ट कहा, कि लानत हो मुझ पर अगर मैं इस मौके को स्टेटहुड के लिए इस्तेमाल करूं। 26 जानें गंवाने का दर्द कोई राजनीतिक अवसर नहीं है। स्टेटहुड की मांग हम करते रहेंगे, लेकिन इस वक्त सिर्फ और सिर्फ हमदर्दी और एकजुटता की जरूरत है। इससे पहले विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में केंद्र शासित प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और एनसी नेता सुरेंद्र चौधरी ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए प्रस्ताव पेश किया। विधानसभा में पेश प्रस्ताव में कहा गया, कि %यह सदन पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का पूरी तरह से समर्थन करता है। 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर किए गए बर्बर और अमानवीय हमले पर यह सदन गहरा दुःख व्यक्त करता है। इस जघन्य और कायराना हमले की साफ तौर पर निंदा करता है। इस तरह के आतंकी हमले कश्मीरियत के चरित्र, हमारे संविधान में निहित मूल्यों तथा एकता, शांति और सद्भाव की भावना पर सीधा हमला है, जो लंबे समय से जम्मू-कश्मीर और हमारे देश की विशेषता रही है। इसके आगे प्रस्ताव में कहा गया, कि यह सदन पीड़ितों और उनके परिजनों के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है। उन सभी लोगों के प्रति हम अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्हें अपूर्णीय क्षति हुई है। हम उनके दुख को साझा करने और उनकी जरूरत की घड़ी में उनका साथ देने के अपने सामूहिक संकल्प की पुष्टि करते हैं।% इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर विधानसभा में प्रस्तुत प्रस्ताव में कहा गया, कि %यह सदन शहीद सैयद आदिल हुसैन शाह के सर्वोच्च बलिदान को नमन करता है, जिन्होंने पर्यटकों को बचाने की खातिर बहादुरी से प्रयास करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के विशेष सत्र में कांग्रेस विधायक गुलाम अहमद मीर ने कहा, कि पहलगाम आतंकी हमले से हम स्तब्ध और दुःखी हैं और इसकी निंदा करते हैं। पहली दफा कश्मीर के लोगों ने आतंकवादी हमले के खिलाफ बंद का आह्वान किया. हम इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाने के सरकार के कदम की तारीफ करते हैं। सभी दलों ने सरकार को अपना समर्थन दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम अब्दुल्ला सरकार पर सवाल नहीं उठा सकते क्योंकि कानून और व्यवस्था उसके अधीन नहीं बल्कि केंद्र के पास है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों को इस चूक के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए, सरकार द्वारा उठाए गए सभी कदमों का हम समर्थन करेंगे।

यह कहते हुए भावुक हुए उमर

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में आतंकी हमले पर आधिकारिक बयान देते हुए भावुक हो गए। उमर ने हमले की कड़ी निंदा की और कश्मीरियों की इंसानियत और साहस को सलाम किया। उन्होंने कहा, उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम, पूरा मुल्क इस त्रासदी से कांप उठा है। हमने पहले भी अमरनाथ यात्रा, डोडा गांव, कश्मीरी पंडितों और सरदारों की बस्तियों पर हमले देखे हैं।

लगातार चौथे दिन पाकिस्तान ने बॉर्डर पर की गोलीबारी, सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब

बारुद के ढेर पर बैठे पाकिस्तान की हरकतें माफी लायक नहीं हैं। बीते चार दिन से सीमा पर लगातार गोलीबारी कर रही है। इधर से भारतीय सेना भी मुंहतोड़ जवाब दे रही है। दोनों तरफ से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है।सुरक्षा बलों के मुताबिक पाकिस्तान पिछले चार दिनों से हर रात हल्के हथियारों से गोलाबारी करता है। भारतीय सेना ने इस सीजफायर उल्लंघन को लेकर जारी एक बयान में कहा, 27-28 अप्रैल 2025 की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने कुपवाडा और पुंछ जिलों के सामने एलओसी पर बिना किसी उकसावे के छोटे हथियारों से गोलाबारी शुरू कर दी। भारतीय सेना की तरफ से भी सैनिकों ने इस हमले का तेजी के साथ और प्रभावी ढंग से जवाब दिया। बता दें कि आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भी आतंकियों और उनके मददगारों को सजा देने का ऐलान किया था। भारत सरकार ने पाकिस्तान पर कार्रवाई करते हुए 1960 के दशक में साइन की गई सिंधु जल संधि को भी निरस्त कर दिया था। इस पर पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 1972 में किए गए शिमला समझौते को स्थगित कर दिया और भारतीय विमानों के लिए अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया। लाइन ऑफ कंट्रोल पर भारतीय और पाकिस्तानी सेना के बीच यह तनाव 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से बढ़ गया है। इस हमले में 26 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। सुरक्षाबल लगातार इस हमले में शामिल लोगों और उनकी मदद करने वाले लोगों की तलाश कर रहे हैं। हमले में शामिल कई आतंकवादियों को घरों को सुरक्षाबलों ने तबाह कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को दक्षिणी कश्मीर में पुलिस ने तीन और आतंकवादियों के घरों को तबाह कर दिया।

आदिल का जिक्र कर मश्मीरी जज्बे को किया सलाम

सीएम उमर ने कहा कि हमले के बाद कश्मीरियों ने बिना किसी डर के घायलों की मदद की। आदिल जैसे नौजवानों ने जान की परवाह किए बिना लोगों को बचाया। होटल मालिकों ने अपने कमरे खोले। मस्जिदों में खामोशी छा गई थी, जो उस दर्द को बयां कर रही थी। मैं कश्मीरियों के जज्बे को सलाम करता हूं। उन्होंने कहा कि इस हमले के बाद कठुआ से लेकर कुपवाड़ा तक हर जगह से लोगों ने खुद से ही बाहर आकर इस हमले की निंदा की। इस अवसर पर उमर ने कहा कि बंदूक से हम मिलिटेंसी को कंट्रोल कर सकते हैं, खत्म नहीं। आतंक खत्म तब होगा, जब लोग हमारे साथ होंगे। और आज वह शुरुआत हो चुकी है।

ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर परोसी जा रही अश्लीलता...

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और कंपनियों से मांगा जबाव

नई दिल्ली, ईएमएस। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अश्लील कंटेंट की स्ट्रीमिंग पर रोक वाली याचिका पर सुनवाई कर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और कंपनियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि याचिका एक गंभीर चिंता जाहिर कर रही है। केंद्र सरकार को इस पर कुछ कदम उठाने की जरूरत है। यह मामला कार्यपालिका या विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसके बाद हम पर आरोप हैं कि हम कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल देते हैं। फिर भी हम इस गंभीर समस्या पर नोटिस जारी कर रहे हैं। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट को लेकर कुछ नियम पहले से मौजूद हैं। मोदी सरकार और नए नियम लागू करने पर विचार कर रही है। याचिकाकर्ता की ओर से मशहूर वकील विष्णु शंकर जैन पेश हुए।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में केंद्र को अश्लील कंटेंट की स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने के लिए सही कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बिना किसी फिल्टर के अश्लील कंटेंट परोस रहे हैं। यह युवाओं, बच्चों और यहां तक कि बड़ों के दिमाग को भी गंदा करती है। याचिकाकर्ता ने कहा कि सोशल मीडिया साइट्स बिना किसी फिल्टर के अश्लील कंटेंट समाज में परोस रहे हैं। कई ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी के एलिमेंट्स भी हैं। इससे विकृत और अप्राकृतिक सेक्स टेंडेंसी को बढ़ावा मिलता है, इससे समाज के अंदर क्राइम रेट बढ़ता है। याचिका में कहा गया, इंटरनेट की पहुंच और सस्ते डेटा के कारण बिना किसी जांच के सभी उम्र के यूजर्स तक अश्लील कंटेंट पहुंच रहा है। बेरोकटोक अश्लील कंटेंट सार्वजनिक सुरक्षा में खतरा पैदा कर सकता है।

कांग्रेस नेता शशि थरुर बोले बिलावल भुट्टो से...

खून बहेगा तो आपका हिस्सा ज्यादा होगा...

नई दिल्ली, ईएमएस। कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के उकसावे भरे बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। बिलावल ने भारत द्वारा सिंधु जल संधि निलंबन के निर्णय पर चेतावनी दी थी कि या तो इस नदी में पानी बहेगा या भारतीयों का खून।

इस पर सख्त प्रतिक्रिया देते हुए शशि थरूर ने कहा, अगर खून बहेगा, तो शायद वह आपके हिस्से में ज्यादा होगा। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने बिलावल भुट्टो की टिप्पणी को उकसावे वाली बयानबाजी करार देते हुए कहा कि भारत की पाकिस्तान के खिलाफ कोई आक्रामक मंशा नहीं रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भारत नो फर्स्ट यूज (पहले परमाणु हमला न करने) की नीति का पालन करता है, लेकिन यदि पाकिस्तान ने कोई दुस्साहस किया तो उसे जवाब के लिए तैयार रहना चाहिए।

रोम में पोप फ्रांसिस के अंतिम दर्शनों के लिए उमड़े लोग। (फोटो-ईएमएस)

रुस के लिए उत्तर कोरिया की सेना मैदान में

कीव, ईएमएस। उत्तर कोरिया ने पहली बार कबूल किया कि किम जोंग-उन के आदेश पर उसके सैनिक रूस के कुर्स्क ओब्लास्त में लड़ रहे हैं। यह खुलासा तब हुआ, जब वेटिकन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की गुप्त मुलाकात ने दुनिया को चौंका दिया। ट्रंप ने रूस से हमले रोकने की मांग की है। वहीं रूस है कि वह ट्रंप की एक नहीं सुन रहा। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सेना लगातार यूक्रेन पर हमला कर रही है। उत्तर कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी ने खुलासा किया कि किम जोंग-उन ने 2024 में रूस के साथ हुए रणनीतिक समझौते के तहत सैनिक भेजे। किम ने अपने सैनिकों को 'मातृभूमि का गौरव' बताया और रूस के साथ गठजोड़ को 'शानदार' कहा। यूक्रेन का अनुमान है कि 11,000 उत्तर कोरियाई सैनिक रूस के लिए लड़ रहे हैं। रूस ने भी 26 अप्रैल को पुष्टि की कि किम के सैनिक कुर्स्क में उसका साथ दे रहे हैं। 26 अप्रैल को वेटिकन के सेंट पीटर बेसिलिका में ट्रंप और जेलेंस्की की अनपेक्षित मुलाकात ने सबको हैरान किया।

यूक्रेन पर रुस ने किए डेढ़ सौ से ज्यादा ड्रोन हमले, 4 की मौत

कीव, ईएमएस। यूक्रेन के कई इलाकों पर रूस ने रविवार को भीषण ड्रोन हमले किए हैं। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, रूस ने 150 से ज्यादा ड्रोन हमले किए थे, जिनके चलते कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई और 21 घरों को गंभीर नुकसान पहुंचा।

रुस द्वारा यह हमला ऐसे समय में हुआ है जबकि हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि उन्हें संदेह है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन युद्ध खत्म करने के मूड में नजर नहीं आ रहे हैं और सिर्फ बहाने बना रहे हैं। ट्रम्प की इस टिप्पणी के दो दिन बाद ही रूस ने करीब डेढ़ सौ से ज्यादा ड्रोन हमले को अंजाम दे दिया। इन हमलों से चार दिन पहले भी रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर 70 मिसाइलों और 145 ड्रोन से हमले किऐ थे, जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई थी और 70 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस हमले को बीते 9 महीनों में कीव पर किए गए तमाम हमलों में सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। हमले की वजह से कई बिल्डिंगों में आग लग गई थी और 42 लोग घायल हुए थे, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था, जिनमें 6 बच्चे भी शामिल थे।

युद्ध का रुख और तेज

जंग के जानकार बताते हैं कि रूस यूक्रेन पर दबाव बढ़ाने के लिए हवाई हमलों को और तेज कर सकता है। यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली वैसे तो कई ड्रोन को मार गिराने का दावा करती है, लेकिन इतने बड़े पैमाने पर हमले को पूरी तरह रोक पाना संभव नहीं हो पाया। अब आगे क्या होगा इस पर दुनियां की नजरें टिकी हुई हैं।

कौशांबी में मिट्टी खुदाई के दौरान ढहा टीला

5 महिलाओं की मौत, तीन गंभीर घायल

कौशांबी, ईएमएस। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जनपद से सोमवार सुबह दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। कोखराज थाना क्षेत्र के टीकरडीह गांव में घर की पुताई के लिए मिट्टी खुदाई कर रही महिलाओं पर अचानक मिट्टी का भारी टीला ढह गया। इस दर्दनाक हादसे में पांच महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतकों की पहचान खुशी, सुमन, कछ्छाई, ममता और लालती के रूप में हुई है। वहीं, घायल महिलाओं में सपना, मैना और सुग्गन शामिल हैं।

गंभीर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। हादसे के तुरंत बाद गांव में चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने मलबे में दबी महिलाओं को बाहर निकालने के लिए बचाव कार्य शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही कोखराज थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सभी महिलाएं घर की पुताई के लिए सफेद मिट्टी छुई एकत्र करने गई थीं। इसी दौरान खुदाई करते समय मिट्टी का बड़ा हिस्सा अचानक ढह गया, जिससे यह भीषण हादसा हो गया।

आकाशीय बिजली गिरने से 4 की मौत

21 राज्यों में है बारिश-आंधी का अलर्ट

नई दिल्ली, ईएमएस। देश के कई हिस्सों में मौसम का कहर जारी है। उत्तर प्रदेश और बिहार में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना में उत्तर प्रदेश के अयोध्या में एक बच्ची और फतेहपुर में एक किसान की जान चली गई। वहीं, बिहार के पटना और हाजीपुर में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है।

इसी के साथ ही भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने आज भी 21 राज्यों में तेज बारिश और आंधी-तूफान की चेतावनी जारी की है। दूसरी ओर, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में भीषण गर्मी (हीटवेव) का अलर्ट दिया गया है।

बाड़मेर में सबसे ज्यादा तपिश

राजस्थान के बाड़मेर में रविवार को तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो देश में सर्वाधिक दर्ज किया गया। दिल्ली में भी भले ही तापमान में थोड़ी गिरावट आई, लेकिन पारा 41.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पंजाब में मौसम विभाग ने आगामी पांच दिनों के लिए लू का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 29 अप्रैल मंगलवार को केरल, कर्नाटक, ओडिशा, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में भीषण गर्मी का कहर जारी रहेगा। इसी प्रकार 30 अप्रैल बुधवार को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश में हीटवेव का अलर्ट है। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, गुजरात और छत्तीसगढ़ में भी तापमान में तेज बढ़ोतरी होगी।

ईरान के बंदरगाह में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या 40 हुई

तेहरान, ईएमएस। ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर शनिवार को हुए भीषण विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है, जबकि 1200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

यह हादसा शाहिद राजाई पोर्ट के सिना कंटेनर यार्ड में हुआ, जहां ऑयल और अन्य पेट्रोकेमिकल प्रोडक्ट्स का स्टोरेज किया जाता था। बताया जा रहा है कि शुरुआती जांच में सामने आया था कि ज्वलनशील पदार्थों के स्टोरेज में गंभीर लापरवाही के चलते ही यह विस्फोट हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, धमाके के बाद इलाके में आग तेजी से फैली थी, जिससे आस-पास खड़े सैकड़ों कंटेनर क्षतिग्रस्त हो गए। कई किलोमीटर दूर तक धमाके की आवाज सुनी गई थी और काले बांदलों में तब्दील होता धुंआ देखा गया था।

व्यापारिक केंद्र है शाहिद राजाई पोर्ट

ईरान का शाहिद राजाई पोर्ट एक प्रमुख समुद्री व्यापारिक केंद्र है, जो राजधानी तेहरान से लगभग 1000 किमी दूर स्थित है। यह पोर्ट देश के लगभग 85 फीसद कंटेनर ट्रैफिक को संभालता है।

महाराष्ट्र में पाकिस्तानी नागरिकों के मामले में शीर्ष नेताओं के विरोधाभासी बयान

मेल नहीं खाते सीएम फडणवीस और शिंदे के बयान

पुणे, ईएमएस। महाराष्ट्र में पाकिस्तानी नागरिकों की उपस्थिति को लेकर सरकार के शीर्ष नेताओं के विरोधाभासी बयानों ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के अलग-अलग सुर सामने आने से स्थिति और अधिक उलझ गई है।

जानकारी अनुसार रविवार को पुणे में हुए एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस ने स्पष्ट किया कि राज्य में कोई भी पाकिस्तानी नागरिक लापता नहीं है। उन्होंने कहा, कि %107 पाकिस्तानी नागरिकों के लापता होने की खबरें गलत हैं। हर व्यक्ति की पहचान कर ली गई है और उनकी वापसी की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को राज्य में अवैध रूप से रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी।% इसी के साथ फडणवीस ने लोगों से अफवाहें न फैलाने और सत्यापित जानकारी साझा करने की अपील भी की। फडणवीस ने आश्वस्त किया कि सोमवार तक सभी संबंधित नागरिकों की वापसी सुनिश्चित कर दी जाएगी।

दूसरी तरफ इस कार्यक्रम के चंद घटों बाद ही बुलढाणा में एक रैली के दौरान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक अलग ही बयान देकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। शिंदे ने कहा, महाराष्ट्र में 107 पाकिस्तानी नागरिक लापता हैं। मैं उन्हें चेतावनी देता हूं कि वे स्वेच्छा से देश छोड़ दें, अन्यथा पुलिस उन्हें ढूंढ निकालेगी। इसी के साथ शिंदे ने इसे देश की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया और कहा कि जनता इस पर बेहद नाराज है।

योगेश कदम पहले ही दे चुके हैं यह जानकारी

गौरतलब है कि राज्य के गृह मामलों के मंत्री योगेश कदम ने शनिवार को ही यह जानकारी साझा करते हुए कहा था कि महाराष्ट्र में लगभग 5,000 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं, जिनमें से लगभग 2,800 लॉन्ग टर्म वीजा (एलटीवी) पर हैं। इन नागरिकों पर हालिया फैसलों का कोई असर नहीं होगा। जो पाकिस्तानी नागरिक शॉर्ट-टर्म वीजा पर आए हैं, उन्हें रविवार तक देश छोड़ने का निर्देश दिया गया है।

दहशत में पाकिस्तानी पीएम को बड़े भाई की नेक सलाह

नवाज ने कहा भारत से युद्ध न ही हो तो अच्छा

● इस्लामाबाद, ईएमएस

पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ युद्ध को लेकर काफी चिंतित हैं। इसको लेकर उनके भाई एवं पूर्व पीएम नवाज शरीफ ने उन्हे युद्ध से बचने की सलाह दी है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब से भारत ने आतंकियों की पनाहगार धरती पाकिस्तान पर सख्त ऐक्शन लेना शुरू किया है। वहां के हुक्मरान तिलिमिला गए हैं और भारत को जवाबी कार्रवाई की गीदड़भभकी दे रहे हैं।



सबसे ज्यादा बुरा हाल पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का है। उनकी बातों में छटपटाहट और बौखलाहट साफ दिखाई दे सकती है। इस बीच खबर है कि शहबाज को उनके बड़े भाई और पूर्व पाक पीएम नवाज शरीफ ने भारत से न उलझने की सलाह दी है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, नवाज ने शहबाज शरीफ को भारत से खराब रिश्तों को सुधारने के लिए राजनयिक स्तर पर मुद्दा हल करने की सलाह दी है। नवाज ने कथित तौर पर कहा है कि वह नहीं चाहते कि भारत से युद्ध पाकिस्तान के लिए अच्छा नहीं होगा। प्रधानमंत्री शहबाज ने गीदड़भभकी देते हुए अपने बड़े भाई को बताया कि पाकिस्तान किसी भी हमले का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है और इसका जवाब अधिक ताकत से दिया जाएगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को पीएमएल-एन अध्यक्ष नवाज शरीफ को भारत द्वारा सिंधु वॉटर ट्रीटी (आईडब्ल्यूटी) के निलंबन के बाद हुई राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी दी। यह निलंबन भारत के कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में एक आतंकवादी हमले के बाद किया गया था। शहबाज शरीफ ने नवाज शरीफ को जाती उमरा में उनके आवास पर बुलाकर यह जानकारी दी, जिसमें पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज भी मौजूद थीं।

पाकिस्तान की भलाई इसी में है कि भारत से न उलझे

पीएमएल-एन के सूत्रों के अनुसार, नवाज शरीफ ने शहबाज को भारत से न उलझने की सलाह दी है। नवाज ने कहा कि वह चाहते हैं कि उनकी सरकार युद्ध के बजाय सभी कूटनीतिक संसाधनों का इस्तेमाल करे ताकि भारत से युद्ध की संभावना को रोका जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह आक्रामक रुख अपनाने के पक्ष में नहीं हैं। इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत को अंतरराष्ट्रीय आयोग बनाने का प्रस्ताव दिया था, जिसमें अमेरिका, ईरान, चीन, रूस और ब्रिटेन के अधिकारी शामिल हों। उनका कहना था कि यदि यह आयोग बनता है तो पाकिस्तान सच्चाई को दुनिया के सामने लाएगा।

आटो चालक ने पिया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान तोड़ा दम

भोपाल(ईएमएस)। ईंटखेड़ी थाना में न्यू चौकसे नगर में रहने वाले आटो चालक ने जहरीला पदार्थ पी लिया। प ी उसे भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनो को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया की उसके मृत्यु पूर्व बयान दर्ज नहीं हो सके थे।

राजधानी लोकल

बालिकाओं को शीतल जल हेतु बोतल वितरित

भोपाल,ईएमएस। सेवा भारती शंकराचार्य मंडल में निवेदिता भारती की 50 किशोरियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। जिसका समापन राधा कृष्ण शादी हॉल भानपुर में सेवा भारती महानगर अध्यक्ष और पूर्व न्यायाधीश शिवमंगल सिंह ने सभी बच्चियों को अपनी ओर शीतल जल हेतु पानी की बोतल वितरित की। सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि संस्था सदैव किशोरियों की समग्र उन्नति के लिए प्रय शील है।

फटाफट खबरें

जवान से मारपीट करने वाले दूसरे आरोपी की हुई पहचान

भोपाल (ईएमएस)। राजधानी के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन परिसर में बंसल वन की पार्किंग में कार में आधी रात को शराब पी रहे युवको द्वारा जीआरपी जवान से मारपीट करने वाले दुसरे आरोपी की पहचान जीआरपी ने कर ली है। यह बात भी सामने आई है की घटना के समय आरोपियों के साथ एक महिला भी मौजूद थी, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। गौरतलब है कि मामले में पुलिस ने एक आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया था। जीआरपी अधिकारियो के अनुसार घटना 26-27 अप्रैल की दरमियानी रात हुई थी। बंसल वन फुड जोन में यहां बाहरी लोग आकर शराब पीते हैं। रात होने पर सुरक्षा के चलते ऐसे बाहरी लोगों को वहां से हटाने की कार्यवाही की जाती है। ड्यूटी पर तैनात जीआरपी के प्रधान आरक्षक दौलत खान पार्किंग में खड़ी स्कार्पियो में पहुंचे थे।

डिवाइडर से टकराई बाइक छात्र की मौत

भोपाल (ईएमएस)। शहर के कमला नगर थाना क्षेत्र में स्थित मैनिट कैंपस में हुई दुर्घटना में एक इंजीनियरिंग छात्र की मौत हो गई। बताया गया है कि दो छात्र बाइक से जा रहे थे, अचानक ही उकनी बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दूसरा छात्र मामूली रुप से घायल हुआ है। थाना पुलिस के अनुसार मूल रुप से बिहार का रहने वाला सिद्धांत सौरभ पिता संजय (22) मैनिट से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। बीती रात करीब 8 बजे वह अपने दोस्त राहुल कुमार के साथ बाइक से जा रहा था। बताया गया है, कि मैनिट कैम्पस में ही उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में सिद्धांत सौरभ को गंभीर चोटें आई थी। उसे इलाज के लिए एम्स अस्पताल ले जाया गया जहॉ थोड़ी देर बाद ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं राहुल कुमार मामूली रुप से घायल हुआ है। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर परिजनों को सूचना देते हुए शव को पीएम के लिय भेज दिया।

ड्रायवर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

भोपाल(ईएमएस)। शहर के छोला मंदिर इलाके रहने वाले ड्रायवर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना पुलिस ने बताया की अक्षय लोधी पिता देवकी नन्दन लोधी (23) मूल रुप से विदिशा जिले का रहने वाला था। वह छोला मंदिर थाना क्षेत्र में रासलाखेड़ी में स्थित एक मकान में किराए से रहते हुए अशोका गार्डन स्थित इंडस्ट्रीयल एरिया में एक कारखाने में ड्रायवरी की नौकरी करता था। बीते दिन उसका भाई और मां विदिशा में एक पारिवारिक शादी में शामिल होने के लिये गए हुए थे। इसी दौरान रात के समय घर पर अकेले रहे अक्षय ने फांसी लगा ली। बाद में परिवार वाले जब घर पहुंचे तब हादसे की जानकारी लगी। मृतक के रिश्तेदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये भेज दिया।

कार चोरी करने के बाद पकड़ा गया

भोपाल (ईएमएस)। हनुमानगंज पुलिस ने शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 लाख कीमत की स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है। आरोपी ने कबाडखाना इलाके से कार चोरी की थी। जानकारी के अनुसार पुतलीघर चौराहा थाना टीला जमालपुरा में रहने वाले फरियादी मो. अनीस (42) ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया की वह आटो डीलका काम करते हैं। उनकी दुकान कबाडखाना स्थित अमीन वाटर सप्लायर्स के पास है, दुकान के सामने ही उनकी गाडियां खड़ी रहती हैं। बीती 21 अप्रैल को अनीस ने अपनी स्विफ्ट डिजायर कार दुकान के सामने खड़ी की थी। अगले दिन सुबह करीब दस बजे दुकान पर पहुंचे तो उनकी कार गायब थी। आसपास तलाश करने के बाद भी जब कार का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

बांटने - काटने की फितरत ने कभी किसी का भला नहीं किया : जीतू पटवारी

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर जीआरपी जवान की पिटाई को लेकर गर्माई सियासत

विपक्षी पार्टियों ने सरकार पर बोला हमला

भोपाल(ईएमएस)।

भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात शराब पीने से रोकने पर आरोपी युवकों ने जीआरपी जवान को पुलिस की जीप में ही जमकर पीटा। आरोपियो ने जवान की वर्दी फाड़ी और गालीगलौज की। इतना ही नहीं आरोपी ने धार्मिक आधार पर आपत्तिजनक टिप्पणियां भी कीं। इस मामले में भोपाल से लेकर दिल्ली तक राजनीतिक उबाल आ गया है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से लेकर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत सहित तमाम विपक्षी नेता घटना को लेकर मप्र की कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। घटना को लेकर एमपी कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है, कि मोहन यादव जी अपने गृहमंत्री से पूछ कर सर्कुलर जारी कर दीजिए, प्रदेश में कितनी बार पुलिस की पिटाई आपके लिए अंसज्ञेय अपराध रहेगी। राजधानी के रानी कमलावती स्टेशन पर पुलिस की शराबी द्वारा पिटाई आपकी और पूरी सरकार की बेशर्मी और अक्षमता का आईना है, पुलिस के स्वाभिमान को भाजपा सरकार ने रसातल में भेज दिया है।

वहीं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने एक्स पर लिखा- भोपाल रेलवे स्टेशन के बाहर गाड़ी में दारू पी रहे गुंडों ने जब कॉन्स्टेबल दौलत खान पर हमला किया, तो साथी कॉन्स्टेबल कमल को कहा ÷तुम हिंदू भाई हो, हट जाओ। शिवराज-मोदी राज ने प्रदेश में कानून नहीं, धर्म की पहचान को जिंदा किया है। गुंडे खुलेआम पुलिस पर हमला कर रहे हैं और सरकार तमाशा देख रही है। ये डबल इंजन नहीं, डबल स्टैंडर्ड की सरकार है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि भोपाल रेलवे स्टेशन पर शराबी युवकों ने जीआरपी जवान की पिटाई कर उसकी वर्दी फाड़ दी। आरोपी ने धार्मिक आधार पर आपत्तिजनक टिप्पणियां भी की। एमपी बीजेपी के शासन में नशे के साथ नफरत भी बढ़ रही है, जबकि बांटने-काटने की फितरत ने कभी किसी का भला नहीं किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कहा की रानी कमलापति स्टेशन पर पुलिस कर्मियों को शराबियों ने पीटकर बेइज्जत किया और सरकार मूक दर्शक बनी रही। इससे साबित होता है, कि सरकार ने कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। पुलिसकर्मी अपमानित हो रहे हैं, अपराधी खुलेआम हंस रहे हैं, क्या यही डबल इंजन सरकार की हकीकत। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि यह हाल है इस देश का जिन गुंडो की पुलिस को देखकर रुह कांपना चाहिए वह एक पुलिस वाले को पीट रहे हैं।

सोम कंपनी के कर्मचारी की अचानक तबीयत बिगड़ी, मौत

भोपाल(ईएमएस)। कोहेफिजा थाना में काम से आये सोम कंपनी के एक कर्मचारी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। बताया गया है की हादसे के समय वह ड्यूटी पर था, और इलाके में कंपनी के काम के सिलसिले में आया था। यहॉ अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। पुलिस के अनुसार हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित अरेरा कॉलोनी में रहने वाला नीलेश मिश्रा पिता सालक राम सिंह (23) सोम कंपनी में नौकरी करता है। रविवार दोपहर वह ड्यूटी पर था, और काम के चलते लालघाटी में स्थित एक शराब दुकान पर आया हुआ था। यहॉ अचानक ही उसकी तबीयत बिगड़ गई।

उसे इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया जहॉ डॉक्टरो ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है की पीएम रिर्पोट आने पर ही मौत के कारणो का पता चल सकेगा, जिसके बाद ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

शराब कारोबारियों पर ईडी की रेड

इंदौर, भोपाल, रीवा और मंदसौर में कई ठिकानों पर दबिश

भोपाल(ईएमएस)।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए एमपी के इंदौर, भोपाल, रीवा और मंदसौर में शराब कारोबारियों के कई ठिकानों पर एक साथ छापामार कार्यवाही की हैं। जानकारी के मुताबिक इंदौर में अलग-अलग शराब कारोबारियों के 18, भोपाल में 1 सहित जबलपुर और मंदसौर में भी शराब व्यापारियों के ठिकानों पर सर्चिंग की जा रही है। खबर लिखे जाने तक सर्चिंग की कार्यवाही को लेकर ईडी की ओर से अधिकृत तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक इंदौर में शराब ठेकेदार अविनाश और विजय श्रीवास्तव, राकेश जायसवाल, योगेंद्र जायसवाल, राहुल चौकसे, सूर्य प्रकाश अरोरा, गोपाल शिवहरे, लवकुश और प्रदीप जायसवाल के ठिकानों पर छापे पड़े हैं। बसंत बिहार कॉलोनी, तुलसी नगर और महालक्ष्मी नगर में और मंदसौर में जनता कॉलोनी स्थित शराब कारोबारी बंटी त्रिवेदी के मकान पर ईडी की टीमें सर्चिंग कर रही है। जानकारी के अनुसार इंदौर जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में साल 2015 से 2018 के बीच सरकारी गोदाम से शराब लेने के लिए इस्तेमाल 194 बैंक चालानों में गड़बड़ी सामने आई थी। हजारों के बैंक चालानों को लाखों रुपए का बनाकर गोदामों से उतनी ही शराब उठाई गई। फिर इसे ठेकेदारों ने अपनी सरकारी शराब दुकान से बेचा। शिकायत मिलने पर ईडी ने साल 2024 में शराब ठेकेदारों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर मामले की जांच शुरू की है। इसमें ट्रेजरी चालान में जालसाजी और हेराफेरी करके सरकार को 49 करोड़ से ज्यादा का राजस्व नुकसान पहुंचाने और वित्त वर्ष 2015-16 से 2017-18 तक शराब अधिग्रहण के लिए अवैध रूप से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) हासिल करने का आरोप है।

टीआईटी कॉलेज की छात्राओं से रेप का मामला

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने दिए दो सप्ताह में जांच रिर्पोट पेश करने के निर्देश

पकड़े गए आरोपियों का निकाला गया जुलूस

भोपाल (ईएमएस)। राजधानी के टीआईटी कॉलेज में पढ़ने वाली कॉलेज छात्राओं सहित अन्य नाबालिगों के साथ गैंगरेप, रेप, ब्लैकमेलिंग और मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक अधिनियम के मामले में लगातार चौकाने वाले खुलासे हो रहे है। हालांकि मामले में पुलिस अफसर जानकारी देने या बातचीत करने से बच रहे है, लेकिन सूत्रो की मानी जाये तो सनसनीखेज कांड में गिरफ्तार आरोपी फरहान के मोबाइल से ज्यादती करते हुए कई वीडियो रिकवर किए गए हैं। इनमें दिखाई दे रही एक नाबालिग ने भी उसके खिलाफ पुलिस को बयान दे दिया है। जिसके बाद पुलिस ने आटो डीलिंग का काम करने वाले फरहान

के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। इस मामले में यह चौथी एफआईआर पुलिस की तरफ से दर्ज की गई है। चौथी एफआईआर की पीड़िता जब नाबालिग थी, तब उसके साथ अलग-अलग समय पर पांच लोगों ने दुष्कर्म किया था। इन सभी आरोपियों के नाम का खुलासा हो गया है। इससे पहले जहांगीराबाद, अशोका गार्डन पुलिस ने दो प्रकरण दर्ज किए थे। इस मामले में तीन एसीपी की एक एसआईटी बनाई गई है।

टीबी की बीमारी से पीड़ित युवक फंदे पर झूला

भोपाल(ईएमएस)। रातीबड़ थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया गया है की मृतक टीबी की बीमारी से पीड़ित होने के कारण मानसिक तनाव में रह रहा था। पुलिस ने बताया की नीलबड़ में रहने वाला साहिल सेन पिता बलवीर सेन (24) औद्योगिक क्षेत्र में ड्रायवरी का काम करता था। उसके पिता बिट्टन मार्केट में मैकेनिक का काम करते हैं। घर में एक भाई भी है, जो पिता के साथ ही काम करने जाता है। इन दिनो उसकी मॉ रिश्तेदारी में गुजरात के बड़ौदा के पास अपने गांव गई हुई थी। बीते दिन पिता और भाई अपनी दुकान पर चले गए थे। सुबह करीब 11 बजे मां ने गांव से साहिल को फोन लगाया लेकिन न तो उसने फोन रिसीव किया और न ही वापस फोन लगाया। कई बार फोन लगाने के बाद में मॉ ने पड़ोसी को फोन कर बेटे को देखने के लिये कहा। पड़ोसी जब उसे देखने के लिये पहुंचा तो उसे दरवाजा अंदर से बंद मिला।

उत्साह हमारे जीवन में ऊर्जा भरता है, वहीं अनुत्साह हमें नकारात्मकता की ओर ले जाता है : मुनिश्री प्रमाण सागर

भोपाल (ईएमएस)। सुबह होते ही पूरी प्रकृति उत्साह से भर उठती है, पौ फटने के पहले से ही पक्षीओं का मधुर कलरव शुरु हो जाता है,ओर वह प्रकृति का अभिनंदन करते हुये अपने अपने लक्ष्य की ओर प्रयान करते हैउसी प्रकार जो मनुष्य प्रातःकाल से ही प्रभु परमात्मा और प्रकृति का आभार प्रकट करते हुये अपने लक्ष्य की ओर उल्लास और उमंग के साथ आगे बड़ता है, वह दिन भर ऊर्जावान बना रहता है, लेकिन इसके उलट कोई व्यक्ति हताश निष्क्रिय, हतोत्साहित, निर्लसित भाव से उठता है तो ऐसा व्यक्ती अक्षम, निस्तेज,और आलसी होता है।

उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने विद्याप्रमाण गुरुकुलम् की स्थापना के पूर्व बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुये प्रात : कालीन धर्म सभा में व्यक्त किये। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया मुनि श्री के द्वारा प्रतिदिन भावनायोग के साथ दिव्य प्रवचन श्रंखला चल रही है। इन प्रवचनों के माध्यम से वह नकारात्मक शक्तिओं को बाहर कर उत्साह

और उमंग बनाये रखकर मन को समर्थ बनाने का पुरुषार्थ कर रहे है। मुनि श्री ने प्रकृति के साथ खुद को जोड़ा है और वह प्रकृति के ही उदाहरण से उत्साह वर्धित करते हुये कहते है कि पक्षियों के अंदर जो उत्साह उमंग दिखाई पड़ता है। यही उनके अंदर की ऊर्जा बन जाती हैअपनी क्षमताओं तथा योग्यताओं को पहचानकर अपने अंदर के उत्साह को बनाऐ रखो, नियमित सकारात्मक संगति तथा सत्संग से आपको प्रेरणा मिलेगी और आपका जीवन उत्साह से भर उठेगा प्रतिदिन अपने भीतर के परमात्मा का आभार प्रकट करो कि में अनंतशक्ति का स्त्रोत हूँ, में अपने आप में पूर्ण हूँ और परिपूर्ण हूँ में अपने सभी कार्यों को करने में समर्थ हूँ । मेरे अंदर उमंग, उल्लास और उत्साह है। ऐसी प्रेरणा आपको ऊर्जा से भर देगा। मुनि श्री ने कहा कि अपने प्रयोजन से प्रयोजन रखो किसी भी काम को बड़ा और कठिन मत समझो। जब आप रुचि पूर्वक किसी काम को करते है,तो वह कार्य जल्दी निपट जाता है और मन को बहूत खुशी मिलती है, वंही रूचि के अभाव में कार्य करने में मन नहीं लगता और मिनटों का काम घंटों में होता है। उन्होंने कहा कि दूसरों की देखा - देखी में मत दोड़ो अपने अंदर की शक्ति को पहचानो और कहो कि हॉ मैं यह कार्य कर सकता हूँ, कार्य की सफलता पर अपने आपको धन्यवाद दो। मुनि श्री ने कहा कि नकारात्मक लोगों की संगति हतोत्साहित करने बाली होती है। उनके साथ मत रहो, जीवन को उत्साहित बनाये रखने के लिये सबसे पहले अपने अंदर की दुर्वलता को स्वीकार करो,तथा उसे सुधारने का पुरुषार्थ करो मन को बहलाओ मत मन को बदलो मन को भृष्ट होंने से बचाना चाहते हो तो नियमित सत्संग और अच्छा साहित्य मन की सबसे अच्छी खुराक है,जो आपके मन को उत्साह और उमंग से भर देगा।

छिंदवाड़ा से होगी पेंच टाइगर रिजर्व में एंट्री

पेंच नदी पर छेड़ियाघाट के पास बन रहा 200 मीटर लंबा पुल

भोपाल,ईएमएस।

अब टाइगर सफारी के शौकीनों के लिए बड़ी खुशखबरी है। जल्द ही छिंदवाड़ा से सीधे पेंच टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में एंट्री संभव हो जाएगी। पेंच नदी पर बन रहा पुल अब तक की सबसे बड़ी बाधा को खत्म करने जा रहा है, जिससे छिंदवाड़ा के जमतरा गेट से भी अब कोर एरिया में सफारी कर सकेंगे। पेंच नेशनल पार्क के भीतर सिवनी और छिंदवाड़ा जिलों का कोर एरिया पेंच नदी से अलग है। नदी पर पुल नहीं होने की वजह से जमतरा गेट से आने वाले पर्यटक कोर जोन तक नहीं पहुंच पाते थे। फिलहाल गर्मियों में पेड़ों के ठूंठों से बने अस्थायी पुल के सहारे नदी पार कराई जाती थी या बाहर का लंबा रास्ता अपनाना पड़ता था।

200 मीटर लंबे पुल से खुलेगा रास्ता

पेंच नदी पर छेडिय़ाघाट के पास करीब 200 मीटर लंबा और 5 मीटर चौड़ा पक्क ा पुल बनाया जा रहा है। पेंच नेशनल पार्क प्रबंधन ने पुल निर्माण के लिए सशर्त एनओसी जारी कर दी है। अब जिला प्रशासन से प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य तेजी से शुरू किया जाएगा। पुल का निर्माण खनिज मद से होगा और इसकी अनुमानित लागत करीब 4 करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुल के बनते ही जमतरा गेट से पर्यटकों की संख्या में इजाफा होना तय है। अभी पेंच नेशनल पार्क का पर्यटन मुख्य रूप से सिवनी जिले के कोर एरिया तक सीमित है। पुल बनने से सिवनी और छिंदवाड़ा दोनों जिलों का कोर एरिया आपस में जुड़ जाएगा।

2 मई को सभी जिलों में मनेगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान में होगा पौध-रोपण

भोपाल,ईएमएस । मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत 2 मई 2025 को प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना मध्यप्रदेश सरकार की बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि हर बेटी को सम्मान, शिक्षा और आत्म-निर्भरता के अवसर प्राप्त हों। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा। उन्होंने प्रत्येक जिला और निकाय स्तर पर कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं, जिससे समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और सशक्तिकरण का वातावरण तैयार हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्ति करण के प्रति साझा संकल्प है। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं द्वारा किया जाएगा। इसमें कन्या-पूजन, दीप प्रज्ज्वलन, लाड़ली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और 'अपराजिता' कार्यक्रम अन्तर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल है। इस उत्सव के जरिये जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

ओंकारेश्वर के एकात्म धाम में दो मई तक मनेगा एकात्म पर्व

500 शंकरदूतों का होगा दीक्षा संस्कार

भोपाल,ईएमएस।

खंडवा जिले की धार्मिक तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में सोमवार 28 अप्रैल से दो मई तक पंच दिवसीय एकात्म पर्व मनाया जाना है। इस पर्व को आचार्य शंकर के प्रकटोत्सव के दौरान ओंकारेश्वर के एकात्म धाम में मनाया जायेगा। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास और संस्कृति विभाग मप्र शासन के द्वारा आचार्य शंकर की गुरु एवं संन्यास भूमि पर इस पर्व का शुभारंभ सोमवार सुबह सात बजे महर्षि सांदीपनि वेद विद्यापीठ एवं आर्ट ऑफ लिविंग गुरुकुल के आचार्यों के द्वारा वैदिक अनुष्ठान से किया गया। भव्य शोभायात्रा नर्मदा स्थित अभय घाट से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए पुन-अभय घाट पर संपन्न होगी। वहीं इस पर्व के दौरान ओंकारेश्वर में अनेकों प्रकार के आयोजनों भी किये जायेंगे। जिनमें आचार्य शंकर के स्तोत्रों का गायन, वैदिक अनुष्ठान, शोभायात्रा, अद्वैत शारदा पुस्तकालय, अद्वैत लोक प्रदर्शनी और वेदांत-विज्ञान विषयक परिचर्चाएं प्रमुख रहेंगी। वहीं इस आयोजन में अनेक संत-संन्यासियों की उपस्थिति भी रहने वाली है।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में तेजी से बढ़ी बाघों की आबादी, 17 साल में 50 गांव किए विस्थापित

घने जंगलों में सिर्फ बाघ रहेंगे लोग नहीं, खाली कराए गए गांव

भोपाल,ईएमएस। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके लिए जंगल में उनका रहवास क्षेत्र भी बढ़ाया जा रहा है। यही कारण है कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में 50वें गांव के विस्थापन की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। इसके बाद सबसे अधिक विस्थापन के मामले में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व देश में अग्रणी हो जाएगा। यहां हुए व्यवस्थित विस्थापन की प्रक्रिया देखने के लिए हाल ही में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के इंस्पेक्टर जनरल ने विस्थापित गांवों का दौरा किया है। जिसमें उन्होंने यहां हुए विस्थापन को देश का सबसे अच्छा विस्थापन बताया है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में पिछले 15 सालों में बाघों के रहवास और उनकी सुरक्षा पर कई काम किए गए हैं। इसी कड़ी में घने जंगल से वनवासियों को हटाकर दूसरे स्थान पर विस्थापित करने की प्रक्रिया सबसे अहम रही है।

17 वर्ष पहले शुरू हुई विस्थापन की प्रक्रिया

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से वर्ष 2007 में 43 गांव विस्थापित की रूपरेखा बनाई गई थी। जिसमें कोर और बफर जोन शामिल थे। धीरे धीरे अब तक 49 वन ग्राम पूरी

तरह विस्थापित हो चुके हैं। जिसमें 36 कोर जोन से तो 13 बफर जोन से खाली हुए हैं। वहीं तीता गांव का 50वां विस्थापन किया जा रहा है। अभी 5 अन्य वन ग्रामों को विस्थापित करने की योजना पर काम चल रहा है।

कैमरे में दिख रहे 64 बाघ

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व 2133 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में पिछले साल बाघ के शिकार का मामला सामने आया था। पूर्व में भी यहां अंतरराष्ट्रीय शिकारी पकड़े गए थे, लेकिन इसके बाद भी बाघों की भरमार है। सतपुड़ा में लगाए गए कैमरे में वर्तमान में 64 बाघ दिखाई दे रहे हैं।

अच्छी सुविधा देने के लिए विस्थापन

जंगल में बाघों की बढ़ती संख्या के कारण उनका रहवास क्षेत्र कम हो रहा था। वही जंगल में बसे वनवासियों के कारण कहीं ना कहीं वन्यप्राणी की सुरक्षा खतरे में पड़ रही थी। इसके आलावा वनवासियों को जंगल से निकालकर अच्छी सुविधा देने के लिए विस्थापन की प्रक्रिया शुरू की गई। जंगल में घास-फूस की झोपड़ी की जगह कॉलोनीनुमा गांव बसा दिया। जंगल की पगडंडी की जगह पक्की सडक़, बिजली, पानी की सुविधा दे दी गई। वनवासियों को समाज की मुख्यधारा से जोडऩे के कारण ही सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन को कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थर्ड एशिया मिनिस्ट्रियल कॉन्फ्रेंस ऑन टाइगर कंजर्वेशन में सम्मान दिया था।

विस्थापन का आदर्श गांव कांकड़ी

सेमरी हरचंद के पास विस्थापित हुआ कांकड़ी गांव अब आदर्श गांव कहलाता है। यहां की बसाहट, सुविधा, हरियाली, स्वच्छता आदि को लेकर इसे आदर्श गांव घोषित किया गया है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने बताया कि बाघों के रहवास और उनकी सुरक्षा को लेकर विस्थापन की प्रक्रिया चल रही है।

नीलामी के बाद खदानों में उतरी मशीनें

मप्र की धरती में मिले सोने के भंडार

भोपाल,ईएमएस।

देश में ऊर्जाधानी के नाम से मशहूर मप्र का जिला सिंगरौली फिर चर्चा में है। सिंगरौली जिले की धरती अब कोयले के बाद सोना उगलने की तैयारी में है। सिंगरौली जिले में गोल्ड खदानों की नीलामी पूरी होने के बाद खुदाई का काम शुरू हो गया है। खदानों में मशीनों ने काम करना शुरू कर दिया है। सोने की चारों खदानें अलग - अलग कंपनियों को आवंटित की गई हैं। इन कंपनियां ने मशीनों से खदानों में काम तेज गति से शुरू कर दिया है।

बता दें कि सिंगरौली जिले ने कोयला खदानों और विद्युत तापीय परियोजनाओं से देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। खनिज संपदा से भरपूर सिंगरौली जिला देश के कई क्षेत्रों में कोयला सप्लाई कर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का कार्य कर रहा है। अब सिंगरौली में कोयले के बाद सोना उगलने की बारी है। इसके लिए 4 खदानों की नीलामी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शुरुआती दौर की खुदाई का कार्य भी खनिज विभाग के देखरेख में शुरू कर दिया गया है। सर्वे रिपोर्ट के बाद सिंगरौली जिले में ये 4 खदानें स्वीकृत की गई थीं।

सोने की चारों खदानों में मशीनों से खुदाई शुरू

सिंगरौली जिले में चकरिया गोल्ड ब्लॉक और सिल्फोरी सिधार गांव का गूढहर पहाड़ की नीलामी पिछले साल की जा चुकी है। 2 अन्य खदानें अमिलहवा गोल्ड ब्लॉक और चुनपुरवा गोल्ड ब्लॉक यानी कुल 4 खदानों की नीलामी पूरी हो चुकी है। खुदाई के कार्य के लिए स्पॉट पर मशीनों ने अपना काम करना शुरू कर दिया है। इन खदानों में प्रति टन मैटेरियल से 1.02 से 1.5 ग्राम तक सोना निकलने की संभावना जताई गई है।

भगवानपुरा आईटीआई में युवा संवाद का आयोजन

खरगोन, ईएमएस। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा स्वामी विवेकांनद युवा शक्ति मिशन अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायत भगवानपुरा के युवाओं से युवा संवाद स्थापित किये जाने के लिए युवाओं को कॅरियर परामर्श, रोजगार के अवसर, त्तश्चरूज्ज (गुणवत्ता, उपयोगिता, दक्षता, स्थिरता, समयबद्धता) के विचारों एवं नेतृत्व को बढाने के उद्देश्य से शासकीय आईटीआई भगवानपुरा में 28 अप्रैल को युवा संवाद का आयोजन किया गया।

विचार मंथन

कलेक्टर ने टीएल बैठक में की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

खरगोन, ईएमएस। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने 28 अप्रैल को टीएल बैठक में समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, अपर कलेक्टर रेखा राठौर, सहायक कलेक्टर श्री जामदार फरहान इरफान, संयुक्त कलेक्टर हेमलता सोलंकी, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर पूर्वा मंडलोई एवं सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

संपादकीय

जो काम अंग्रेज नहीं कर पाए थे वह पिछले 10 सालों में हो गया

वरिष्ठ पत्रकार राहुल देव की पीड़ा सोशल मीडिया में देखने को मिली। वर्तमान परिपेक्ष में जो हालात हैं। उसकी गहरी चिंता को उजागर करती है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बेरसन घाटी में हुए आतंकी हमले के बाद जिस प्रकार भारत में कुछ संगठनों ने नफरत और विभाजन का नैरेटिव खड़ा करना शुरू कर दिया है, उससे गृह युद्ध जैसी स्थितियां पैदा होने के अंदेशा होने लग गया है। जो सामाजिक असंवेदनशीलता का परिचायक है। जिस तरह की घटनाएं हो रही हैं, उसको देखते हुए देश के सामूहिक सोच और विवेक पर भी प्रश्नचिह्न लगने लगा है। उन्होंने पीड़ा व्यक्त करते हुए कड़े शब्दों में कहा, उनके बहुत से पूर्व मित्र अब धार्मिक भेदभाव को लेकर 'भेड़िए' बन गए हैं। कैसे प्रति हिंसा की आग में अपने ही अपनों को नोचने लगे हैं। इस सोच ने घर-घर में लोगों को एक दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया है। उनका यह आक्रोश व्यक्तिगत नहीं, बल्कि व्यापक स्तर पर राष्ट्रीय चिंतन की अभिव्यक्ति है। पहलगाम में आतंकी हमले की घटना के बाद जिस तरह की स्थितियां भारत मे निर्मित हो रही हैं, उसको लेकर भारत जैसे विशाल और विविधता भरे देश के लिए, इस कठिन समय पर सामूहिक संयम और विवेक की सबसे अधिक जरूरत है।

आतंकवादी हमलों का उद्देश्य केवल जान-माल की क्षति नहीं होता। आतंक का उद्देश्य केवल सत्ता तक पहुंचना भी नहीं होता है। आतंकवाद सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने का भी काम करता है। पाकिस्तान सीधे-सीधे कभी भारत से मुकाबला नहीं कर सकता है। इसे खुद पाकिस्तान बेहतर जानता है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रयोजित आतंकवाद ने जिस तरह से धर्म पूछ कर निर्दोष लोगों की हत्या की है, वह निंदनीय है और सख्त से सख्त सजा की हकदार है। भारत में जिस तरह से पिछले कई वर्षों में मुस्लिम समुदाय को लेकर कुछ अतिवादी हिंदू संगठनों द्वारा सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन किया गया है, वह पाकिस्तान जैसे देश के लिए एक हथियार बन गया है। भारत में यदि हिंदू-मुस्लिम के नाम से झगड़े होते हैं। गृह युद्ध जैसी स्थिति होती है। इसमें नुकसान भारत का ही होना है। पाकिस्तान जो चाहता था, वही भारत के हिंदूवादी संगठन कर रहे हैं। पाकिस्तान समर्थित आतंकियों की यह सुनियोजित कोशिश थी। भारत के भीतर हिन्दू-मुस्लिम विभाजन को गहरा किया जाए। दुर्भाग्य से देश के भीतर कुछ तत्व पाकिस्तान की इस साजिश का आवेश में आकर या जानबूझकर हिस्सा बनते दिखाई दे रहे हैं। राहुल देव ने कहा पाकिस्तान ने जो चुनौती पहलगाम में पर्यटकों की हत्या करके दी है, उसका मुकाबला हम पाकिस्तान के तरीके से नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा भारत के पढ़े-लिखे वर्ग में वही मानसिकता देखने को मिल रही है, जो तथाकथित राष्ट्रवाद की आड़ में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। यह स्थिति चिंताजनक है। सामाजिक और राजनीतिक नेतृत्व भी इस ज़हर के खिलाफ मुखर नहीं हो रहे हैं, जिसके कारण और भी स्थिति भयावह हो रही है। जब समाज का पढ़ा-लिखा तबका और जिम्मेदार लोग ही भड़काऊ विचार विमर्श का हिस्सा बन जाएंगे, तब देश का भविष्य क्या होगा। भारत भी पाकिस्तान के रास्ते पर चल पड़ा है। भारत में यह खतरा मंडराने लगा है।

आज आवश्यकता है, हम सभी भारतवासी आतंकवाद का जवाब राष्ट्रीय एकजुटता से दें। भारत की ताकत, उसकी विविधता और सामाजिक सौहार्द्र में है। यदि हम आतंकियों के जाल में फंसकर एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हो जाएंगे, तो यह देश के दुश्मनों के मंसूबों को मजबूत करेगा। यह चेतावनी केवल शब्द नहीं है, यह समय की पुकार है। इस संकट के समय गुस्से को, विवेक से नियंत्रित करना होगा। नफरत के जाल में नहीं फंसना होगा। हम सभी को यह याद रखना होगा, भारत तब तक अजेय रहेगा, जब तक हम भीतर से अखंड रहेंगें। जो काम भारत में अंग्रेज नहीं कर पाए थे। हिंदू मुस्लिम की एक जुटता से हम अंग्रेजों को भारत से भागने में कामयाब हो पाए थे। पिछले तीन-चार दशकों में हिंदू मुसलमान के बीच मतभेद पैदा कराके आज हम जिस तेजी से आगे बढ़ चले हैं, वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह कहा जा सकता है। जो काम अंग्रेज नहीं कर पाए थे। वह हमने स्वयं करके दिखा दिया है। सत्ता में बने रहने के लिए जिस तरह से आतंक का सहारा लिया जा रहा है। यह भारत के लिए बड़ी चुनौती है। नफरत की खेती भारत में सत्ता पाने के लिए शुरू हुई थी। वह चरम पर पहुंच गई है। इसका हश्र क्या होगा, इसको लेकर सभी ओर चिंता देखने को मिल रही है। इसके लिए अब जनता को स्वयं सामने आना पड़ेगा। अन्यथा हमें भी पाकिस्तान अथवा तालिबानी बनते देर नहीं लगेगी।

– सनत जैन

राज काज

काली पट्टी बांधकर मुसलमानों ने पढ़ी नमाज

पहलगाम में आतंकवादी हमले में 28 पर्यटकों की मौत हो गई है। इसकी प्रतिक्रिया भारत के कोने-कोने में हुई है. मुसलमानो ने भी खुलकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। घाटी में पूरा बाजार बंद करके वहां के मुसलमानो और पंडितों ने घटना के विरोध में प्रदर्शन किया है। देश के विभिन्न हिस्सों में मुसलमानो ने घटना का विरोध किया। इसके साथ ही शुक्रवार को जुम्मे की नमाज काली पट्टी बांधकर मस्जिद के अंदर पढ़ी गई है। यह पहली बार हुआ है। जब हिंदू हो या मुसलमान, या किसी भी जाति समुदाय के लोग हों, सबने इस घटना के विरोध में एक जुटता दिखाई है। इसके कारण ना तो आतंकवादियों का मंसूबा पूरा हुआ। नाही भारत के अंदर हिंदू-मुसलमान करने वाले अलगाववादियों का मंसूबा पूरा हुआ।

घाटी में आतंकवादियों के घर पर बुलडोजर का आतंक

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद आतंकवादियों के घरों को तोड़ने सरकार ने बुलडोजर की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के तीन दिन बाद सेना के बुलडोजर अनंतनाग, ब्रिजबेहरा एवं अन्य स्थानों पर जहां आतंकवादी होने का कोई भी सबूत मिलता है। वहां पर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। देखते ही देखते मकानो को ढहाया रहा है। बुलडोजर का जो खौफ अभी उत्तर प्रदेश में देखने को मिल रहा था। वही खौफ अब घाटी में देखने को मिल रहा है। यह अलग बात है कि जिन मकानों को तोड़ा गया है। वहां से किसी आतंकवादी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। मकान टूटने से आतंकवादियों में दहशत फैलेगी। सरकार कुछ कर रही है, यह भी सभी को दिखेगा।

वीजा कैंसिल कर पाकिस्तान और बांग्लादेशियों की वापसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्री के साथ बैठक की है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के जिन नागरिकों को भारत मे वीजा दिए गए थे। उनके वीजा निरस्त कर उन्हें गिरफ्तार कर पाकिस्तान और बांग्लादेश की बॉर्डर पर छोड़ने के लिए फैसला किया गया है। गुजरात और मध्य प्रदेश में इसकी शुरुआत हो गई है। पाकिस्तान एवं बांग्लादेश के जो नागरिक वीजा लेकर भारत आए थे। उन्हें पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर वापस भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। गुजरात में हिरासत में लेकर जुलूस निकालकर वापस भेजा जा रहा है। पाकिस्तान से जो हिंदू और सिंधी आए थे। उसके बारे में अभी तक सरकार ने स्पष्ट निर्देश नहीं दिए हैं। सरकार ने यह दिखा दिया है, जिस तरह से अमेरिका ने प्रवासियों को वापस भेजा था। उसी तरह की कार्रवाई भारत में भी शुरू कर दी है। जनता को यह संदेश चला गया है कि भारत सरकार ने बड़ी कार्रवाई घटना के विरोध में कर दी है।

स्थाई सिरदर्द बन चुका आतंक पोषक पाकिस्तान

तनवीर जाफ़री

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए बर्बरतापूर्ण व अमानवीय आतंकी हमले को देश जल्दी भुला नहीं पायेगा। इसमें 27 बेगुनाहों की जान चली गई जिनमें अधिकांश देश के विभिन्न राज्यों से आये हुये पर्यटक शामिल थे। इस अमानवीय घटना की जितनी भी निंदा की जाये वह कम है। इस घटना के बाद राजनीति,भारतीय मीडिया,सोशल मीडिया, पक्ष और विपक्ष से जुड़े कई ऐसे पहलू थे जिनपर चर्चा होनी स्वभाविक थी और वह हुई भी। जैसे इस त्रासदी को मुख्य धारा के कहे जाने वाले टी वी चैनल्स ने एक बार फिर एजेंडा रिपोर्टिंग की तर्ज़ पर पेश कर देश में विभाजनकारी माहौल बनाने की पूरी कोशिश की। और इस आतंकी हमले को हिंदू बनाम मुस्लिम के रूप में पेश करने का भरसक प्रयास किया। इन टी वी चैनल्स को हमले के बाद कश्मीर सहित पूरे देश में इस हमले के विरुद्ध उपजी सहानुभूति,एकजुटता, पर्यटकों को बचाने,उन्हें पनाह देने व आतंकियों का बहादुरी से मुक़ाबला करते हुये स्थानीय कश्मीरी की जान देने व पर्यटकों के प्रति मानवता से पेश आने के दृश्य नज़र नहीं नज़र आये। न ही सुरक्षा एजेंसियों की लापरवाही न ही आपदा में अवसर ढूंढने वाली विमानन कंपनियों द्वारा आतंकी हमले की दहशत के परिणामस्वरूप पर्यटकों की वापसी की भारी भीड़ को देखते हुये उनसे आठ से दस गुना तक अधिक किराया वसूल किया जाना दिखाई दिया।

बहरहाल 22 अप्रैल से लेकर अब तक इस विषय को लेकर दोनों देशों की ओर से कई क़दम उठाये जा चुके हैं। भारत ने पाकिस्तान के विरुद्ध जो अहम फ़ैसले लिए हैं उनमें मुख्य रूप से भारत-पाकिस्तान के बीच हुये सिंधु जल समझौते को स्थगित करना,अटारी बॉर्डर को बंद करना,भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को इसी मार्ग से लौटने के लिए 1 मई तक की समय सीमा निर्धारित करना,पाकिस्तानी नागरिकों को भारत का वीज़ा न देना,भारत में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय देना, सभी पाकिस्तानी नागरिकों के वीज़ा रद्द करना, नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी हाईकमीशन में तैनात पाकिस्तानी डिफ़ेन्स एडवाइज़र्स को भारत छोड़ने के लिए एक हफ़्ते का समय देना, तथा दोनों हाई कमीशन में तैनात कर्मचारियों की संख्या 55 से घटाकर 30 तक किया जाना शामिल है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भी भारत के विरुद्ध कई फ़ैसले लिये हैं जिनमें भारत के साथ हुआ शिमला समझौता स्थगित करना,वाघा बॉर्डर से व्यापार पूरी तरह बंद करना,30 अप्रैल तक जिन लोगों ने वैध कागज़ों के साथ इस रास्ते से पाकिस्तान प्रवेश किया है, उन्हें वापस लौटने का निर्देश देना,सार्क वीज़ा छूट योजना के तहत भारतीय नागरिकों को दी गई वीज़ा छूट खत्म करना (सिख तीर्थयात्रियों को छोड़कर), भारतीय हाई कमीशन में काम कर रहे सैन्य सलाहकारों - डिफ़ेंस, नेवी और एयर अटैची को अवांछित व्यक्ति(श्चद्गह्म्- ह्यशठ्ठड्ड ठ्ठशठ्ठ द्दह्म्ड्डह्लड्ड) घोषित करना और उन्हें व उनके सहायक स्टाफ़ को 30 अप्रैल तक पाकिस्तान छोड़ने का निर्देश देना,इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के कर्मचारियों की संख्या घटाकर 30 करना,पाकिस्तानी एयरस्पेस को अब भारतीय स्वामित्व या संचालन वाली सभी एयरलाइंस के लिए बंद करना तथा हर प्रकार का व्यापार चाहे वह सीधे भारत से हो या किसी तीसरे देश के ज़रिए, तत्काल प्रभाव से बंद कर देना जैसी घोषणायें शामिल हैं।

उधर दोनों देशों द्वारा एक दूसरे के विरुद्ध उठाये जा रहे इन क़दमों के बीच पाकिस्तान की ओर से की गयी एक ऐसी स्वीकारोक्ति ने भारत द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध लगभग चार दशकों से लगाये जा रहे इन आरोपों को सच साबित कर दिया है कि पाकिस्तान आतंकवाद की नर्सरी भी है और पनाहगाह भी। ग़ौरतलब है कि स्काई न्यूज़ के संवाददाता ने पहलगाम में आतंकी हमले के सन्दर्भ में जब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ़ से पूछा कि- क्या आप मानते हैं कि पाकिस्तान का इन आतंकी संगठनों को समर्थन देने, प्रशिक्षण देने और धन मुहैया कराने का लंबा इतिहास रहा है? तो ख़्वाजा आसिफ़ ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया कराने के साथ-साथ उन्हें हर तरह से समर्थन करता रहा है। ख़्वाजा आसिफ़ ने एक बातचीत के दौरान कहा कि - हम अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए क़रीब तीन दशकों से यह गंदा काम कर रहे हैं। इसे दूसरे शब्दों में कहा जाये तो पाकिस्तान अमेरिका व ब्रिटेन जैसे पश्चिमी देशों की कठपुतली बनकर आतंकवाद की पनाहगाह व आतंकवादियों का मुख्य उत्पादक देश बना हुआ है। रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ़ ने यह भी कहा कि -यदि हम सोवियत संघ के विरुद्ध युद्ध में और बाद में 9/11 के बाद के युद्ध में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग़ होता।

परन्तु सच पूछिये तो धर्म के आधार पर भारत से विभाजित होकर 1947 में ही अलग अस्तित्व में आने वाले पाकिस्तान में शुरू से ही अधर्म,ज़ोर ज़बरदस्ती,कट्टरपंथ,हिंसा व आतंकवाद का बोल बाला रहा है। और समय के साथ से यह और भी बढ़ता ही गया है। पाकिस्तानी नेताओं व शासकों द्वारा पोषित व प्रायोजित आतंकवाद का पहला निशाना तो पूर्वी पाकिस्तान (तत्कालीन) के लोग ही बने। बड़े पैमाने पर हत्यायें बलात्कार क्या नहीं किया गया बंगाली मुसलमानों के साथ ? तब कहाँ चला गया था इनका इस्लामी राष्ट्र ? क्यों 24 वर्षों में ही पाकिस्तान से अलग होकर बांग्लादेश वजूद में आया ? उसके बाद पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों विशेषकर हिन्दुओं, सिखों,शिया व अहमदिया मुसलमानों पर अत्याचार करने व उनकी हत्याओं का सिलसिला भी कोई केवल तीन दशक की कहानी नहीं है बल्कि यह सब घिनौनी हरकतें पाकिस्तान के वजूद में आते ही शुरू हो गयी थीं। स्वयं राष्ट्रपति ज़ियाउलहक़ के दौर में पाकिस्तान में कट्टरपंथ व आतंकवाद ख़ूब फला फूला। इसी पाकिस्तान में धर्म के नाम पर आत्मघातियों की भर्ती की गयी जिन्होंने मस्जिदों,दरगाहों,इमाम बारगाहों व अनेक धार्मिक जुलूसों में अब तक हज़ारों लोग मारे। उसके बाद इसी पाकिस्तान ने तालिबानों को शुरूआती दौर में पूरा संरक्षण दिया। उनके कार्यालय तक खोले गये और ओसामा बिन लादेन व मुल्ला उमर के समय में तालिबानी प्रवक्ता पाकिस्तान में बैठकर पत्रकार वार्ता करता तथा तालिबानी नीतियों को सार्वजनिक करता था। अफ़ग़ानिस्तान की कट्टरपंथी तालिबानी सरकार को मान्यता देने वाला पहला देश पाकिस्तान ही था। पाकिस्तान में पोषित तालिबानी ही आगे चलकर कट्टरपंथी व आतंकी गिरोह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के नाम से जाने गये। और यही बाद में पाकिस्तान-अफ़ग़ानिस्तान सीमा के क़रीब संघीय प्रशासित क़बायली क्षेत्र के चरमपन्थी उग्रवादी गुटों के संगठन के रूप में स्थापित हुये। इसका मक़सद पाकिस्तान में शरिया पर आधारित एक कट्टरपन्थी इस्लामी अमीरात को क़ायम करना था। इस संगठन ने भी कश्मीर में आतंकवाद फैलाने के प्रयास किये थे। तहरीक-ए-तालिबान ही वह संगठन था जिसके छः आतंकियों ने 16 दिसम्बर 2014 को पेशावर के सैनिक स्कूल पर हमला करके पाक फ़ौजियों के ही 126 बच्चों की हत्या कर दी थी। इन सब वास्तविकताओं के बावजूद जब जब पाकिस्तान पर आतंकवाद फैलाने या उसे संरक्षण देने का आरोप भारत द्वारा लगाया जाता तो पाकिस्तान यह कहकर अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश करता कि वह तो स्वयं आतंकवाद का दंश झेल रहा है और इसका भुक्तभोगी है। परन्तु पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ़ की ताज़ातरीन स्वीकारोक्ति से यह साबित हो चुका है कि पाकिस्तान आतंक फैलाने का केवल आरोपी ही नहीं बल्कि दोषी भी है। मसूद अज़हर,कंधार विमान अपहरण, हाफ़िज़ सईद,क़साब, पहलगाम का ताज़ातरीन अमानवीय हमला ऐसे दर्जनों सुबूत हैं जिसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि पाकिस्तान द्वारा पोषित व संरक्षित आतंकवाद भारत के लिये स्थाई सिरदर्द बन चुका है लिहाज़ा इसका स्थाई समाधान होना भी ज़रूरी है।

सुविचार

भविष्य केवल उनका है जो सपनों की सुंदरता में यकीन करते है।

– एलेअनोर रूज़वेल्ट

हमारी पहचान हमेशा हमारे द्वारा छोड़ी गई उपलब्धियों से होती है।

– अमरीकी कहावत

प्रसंग

रचना का सम्मान

यह उस समय की बात है, जब विख्यात बांग्ला लेखक शरतचंद्र य चट्टोपाध्याय ने लेखन की शुरुआत ही की थी। उन दिनों कई बार तो उनकी रचनाएं पत्र-पत्रिकाओं से लौटा दी जाती थीं और प्रकाशित होने पर भी उन्हें दूसरे लेखकों की तुलना में कम पारिश्रमिक मिलता था। इसी संकोच के कारण कई बार तो वह कहानी लिख कर भी छपने के लिए कहीं नहीं भेजते थे। एक बार उन्होंने अपनी 'स्वामी' शीर्षक रचना उस समय की चर्चित पत्रिका 'नारायणा' में छपने के लिए भेजी। पत्रिका के संपादकों को यह रचना इतनी पसंद आई कि दूसरे ही दिन वह पत्रिका के पहले पेज पर छाप दी गई। उस समय नारायणा में प्रकाशित एक कहानी या लेख का पारिश्रमिक कम से कम पचास रुपये हुआ करता था। लेकिन कई बार इससे ज्यादा पारिश्रमिक भी दिया जाता था। इसका निर्णय रचना का स्तर और लेखक की प्रतिष्ठा को देखकर संपादकगण करते थे। लेकिन शरतचंद्र की इस रचना के बारे में संपादक मंडल कोई निर्णय नहीं ले सका। यह तय हुआ कि इसका फैसला शरतचंद्र जी स्वयं करें। दो दिनों के बाद उनके पास पत्रिका के कार्यालय से एक कर्मचारी आया और उन्हें प्रधान संपादक की एक चिट्ठी सौंपी। चिट्ठी के साथ एक हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक भी था। पत्र में लिखा था, हस्ताक्षर करके खाली चेक आप को भेज रहा हूं। एक महान लेखक की इस महान रचना के लिए मुझे बड़ी से बड़ी रकम लिखने में भी संकोच हो रहा है। इसलिए कृपा करके खाली चेक में स्वंय ही अपना पारिश्रमिक डाल लें। मैं आप का आभारी रहूंगा। शरतचंद ने पत्र पढ़ा।

जरा हटके

बुध ग्रह में 18 किमी मोटी है हीरे की परत

4.5 अरब साल पहले हुआ था बुध ग्रह का निर्माण

वॉशिंगटन (ईएमएस)। वैज्ञानिकों द्वारा किए गए नए शोध में दावा किया गया है कि बुध ग्रह की जमीन के नीचे 18 किलोमीटर तक मोटी हीरे की परत छिपी हो सकती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि लगभग 4.5 अरब साल पहले बुध ग्रह का निर्माण हुआ था। इसके तुरंत बाद ही हीरे का निर्माण शुरू हो गया होगा।

ऐसा माना जाता है कि नए-नए बने ग्रह पर ग्रेफाइट की एक परत थी, जो गहरे मैग्मा महासागर के ऊपर तैर रही थी। एनविल प्रेस नामक मशीन के जरिए शोधकर्ताओं की एक टीम ने एक बार फिर उस प्राचीन झुलसने वाले वातावरण को बनाया। इस मशीन का इस्तेमाल यह समझने के लिए किया जाता है कि अत्यधिक दवाब में चीजें कैसे व्यवहार करती हैं। साथ ही सिंथेटिक हीरे बनाने में भी इसका इस्तेमाल होता है। बेल्जियम में लीज विश्वविद्यालय में भूविज्ञान विभाग और निष्कर्षों की रिपोर्ट करने वाले अध्ययन के सह-लेखक बर्नार्ड चार्लियर ने कहा, यह एक विशाल प्रेस है, जो हमें उसी उच्च दबाव और उच्च तापमान पर छोटे नमूनों को प्रस्तुत करने में सक्षम बनाता है, जिसकी हम बुध के मेंटल के अंदर गहराई में, अपेक्षा करते हैं। टीम ने ग्रेफाइट कैप्सूल के अंदर सिलिकॉन, टाइटेनियम, मैग्नीशियम और एल्यूमीनियम सहित तत्वों का एक सिंथेटिक मिश्रण डाला, जो शुरुआती दिनों में बुध के आंतरिक हिस्से की सैद्धांतिक संरचना की नकल करता है। इसके बाद शोधकर्ताओं ने कैप्सूल को पृथ्वी की सतह पर पाए जाने वाले दबाव से लगभग 70,000 गुना अधिक दबाव दिया और 2000 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान दिया।

वैज्ञानिकों का मानना है कि अरबों साल पहले बुध के स्थितियों की यह नकल थी। जब सैंपल पिघल गया तो वैज्ञानिकों ने एक इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप की मदद से रसायन और खनिजों में परिवर्तन को देखा और पाया कि ग्रेफाइट हीरे के क्रिस्टल में बदल गया था। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह तंत्र हमें न केवल बुध की सतह के नीचे छिपे रहस्यों के बारे में बताता है, बल्कि ग्रहों के विकास और समान विशेषताओं वाले एक्सोप्लैनेट की आंतरिक संरचना को लेकर भी अधिक जानकारी दे सकता है।

फोटो ऑफ द डे

बेरुत पर इजरायल हमले के बाद आसमान में उठते हुए धूंए के बादल। (फोटो-ईएमएस)

व्यंग्य

हमारे पतलू भाई

नीरज त्रिपाठी

पतलू भाई जिन्हें कुछ लोग किताबी कीड़ा कहते तो कुछ किताबें चाटने वाला दीमक। पतलू भाई थे मस्त मौला जो इन सब बातों को सुनकर वैसे ही अनसुना कर दिया करते जैसे संगीत के जानकार आजकल के फ़िल्मी गानों को। पढ़ाई और तैयारी तक तो सब ठीक रहता लेकिन परिणाम का तो जैसे छत्तीस का आँकड़ा था हमारे पतलू भाई से, कभी उनके पक्ष में आता ही नहीं था और पतलू भाई चाहें जो कर लें, जब भी परिणाम आता, तो पतलू भाई का डब्बा गोल हो जाया करता था। पतलू भाई का परिणाम एक बार फिर आया और अनुक्रमांक अख़बार में छपते-छपते रह गया जबकि इस बार तो अनुक्रमांक एक सम संख्या थी और लोकसभा मार्ग पर बैठे ज्योतिषाचार्य के तोते ने जो चिठ्ठी निकाली थी उस हिसाब से तो पतलू भाई को उत्तीर्ण हो जाना चाहिए था। इस बार तो पतलू भाई ने इतनी मेहनत की थी कि चप्पल घिस गई थी, पतलून फट गई थी।

अब होनी को कौन टाल सकता है, ये पाँचवी बार लगातार अनुत्तीर्ण होने वाली दुर्घटना घट ही गई। बारहवीं कक्षा की पढ़ाई कठिन है ये तो पतलू भाई ने सुना था लेकिन बारहवीं और दसवीं की पढ़ाई में इतना अंतर है इसका एहसास उन्हें आज हुआ। दसवीं में पतलू भाई ने तीसरे प्रयास में ही विजय पताका फहरा दी थी। पतलू भाई पढ़-लिखकर डाक्टर बनना चाहते थे लेकिन इस बारहवीं में अनुत्तीर्ण होने वाली घटना ने उनके डाक्टर बनने के सपने का पोस्टमार्टम कर डाला। पतलू भाई ने सुन रखा था कि असफलता निराशा का सूत्र कभी नहीं अपितु वह तो एक नई प्रेरणा है, तो इस पाँचवीं लगातार असफलता से प्रेरणा लेकर पतलू भाई ने सोचा कि बहुत हो गई पढ़ाई अब कुछ और ही किया जाए। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि अपना जीवन लेने के लिए नहीं, देने के लिए है, तो पतलू भाई भी कुछ ऐसा करना चाहते थे जिससे उन्हें संतुष्टि मिल सके और समाज को कुछ दे पाने की चाहत तो मन में हिलोरें ले ही रही थी। मनन, चिंतन और गहन विचारमंथन के बाद पतलू भाई ने आख़िर सोच ही लिया की करना क्या है और बस लग गए तन-मन-धन से अपने नए कार्य में। स्वयं को समाज को समर्पित करने की ठान ली थी उन्होंने। बहुत कम समय में ही पतलू भाई महज़ पतलू भाई नहीं रहे बल्कि एक शख़्स़ियत बन गए। अब पतलू भाई स्वयं तो डाक्टर नहीं बन पाए लेकिन न जाने कितने ही लोग उनकी शरण में आकर डाक्टर बन गए और अभी पतलू भाई की तुलना पारस पत्थर से की जाने लगी थी, पारस पत्थर चीज़ों को सोना बनाता था और पतलू भाई लोगों को डाक्टर। तो समाज की बीमारियाँ तो उन्होंने इतने डाक्टर बनाकर लगभग दूर कर दीं साथ ही कुछ इंजीनियर भी दे डाले। सिसरो ने कहा था जीवन में बुद्धि का नहीं लक्ष्मी का साम्राज्य है, यह बात पतलू भाई को हर्षित कर देती थी। पतलू भाई थे लक्ष्मी जी के अनन्य भक्त और ये बात जगजाहिर थी तो लोग पतलू भाई को लक्ष्मी जी के दर्शन कराते और पतलू भाई आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के पर्चे के। पतलू भाई किसी भी पर्चे को बहुत ही सहजता से परीक्षा से पहले ही अपने शुभचिंतकों को और उन लोगों को जो उन्हें लक्ष्मी जी के दर्शन करा सकते थे, उपलब्ध करा दिया करते थे।

चिंतन-मनन

धन का भार

पाटलिपुत्र में नाभिकुमार की गिनती सबसे संपन्न लोगों में होती थी। लेकिन अपार धन-संपत्ति होते हुए भी उन्होंने कभी दान नहीं दिया था। कई लोगों ने उन्हें इस बारे में कहा था पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया। एक रात उनके घर चोर ने सेंध लगाई। उसने सावधानी से घर का कीमती सामान एकत्र किया और उसकी एक बड़ी पोटली बनाई। पोटली सिर पर रखते ही वह गिर गई और आवाज होते ही नाभिकुमार की आंखें खुल गईं।

ह चोर के पास आए और पोटली उठाने में उसकी मदद करने लगे। चोर को डर से कांपते हुए देखकर नाभिकुमार ने उससे कहा-डरो मत, तुम यह सब ले जा सकते हो। मगर तुम भी मेरे ही जैसे लगते हो। मैंने भी अपने जमा धन से किसी और के लिए कुछ नहीं निकाला। इसलिए मेरा धन भी मुझ पर भार की तरह है। अगर तुम भी मेरी तरह नहीं करते और पोटली में से थोड़ा सामान निकाल लिए होते तो तुम्हारे लिए इसे उठाना आसान हो जाता। खैर, तुम अब यह सामान ले जा सकते हो। चोर यह सुनकर दंग रह गया।

उसने प्रायश्चित करने के उद्देश्य से कहा- आप यह सब वापस ले लीजिए और मुझे क्षमा कीजिए। नाभिकुमार ने कहा- तुम्हें एक ही शर्त पर क्षमा किया जा सकता है। तुम इसमें से कुछ धन ले लो और कोई काम-धंधा शुरू कर दो। इस प्रकार मेरा धन परोपकार के काम में लग जाएगा और तुम्हारा जीवन भी सुधर जाएगा। चोर ने वैसा ही किया। नाभिकुमार उस दिन से हर किसी की सहायता करने लगे।

स्वास्थ्य

लाकडोंग हल्दी असरदार साबित हो सकती है फैटी लिवर की समस्या में

नई दिल्ली (ईएमएस)। भागदौड भरी जिंदगी में आज फैटी लिवर एक प्रमुख समस्या बन गई है। इसके मुख्य कारण मोटापा, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और असंतुलित जीवनशैली हैं। अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए, तो यह लिवर सिरोसिस, फेलियर या कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का रूप ले सकता है।

हालांकि, प्राकृतिक तरीकों को अपनाकर इस बीमारी पर काबू पाया जा सकता है। हल्दी, खासकर लाकडोंग हल्दी, इसमें बेहद असरदार साबित हो सकती है। हल्दी में मौजूद कर्क्यूमिन नामक तत्व लिवर के लिए रामबाण माना जाता है। इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण लिवर की सूजन कम करते हैं और विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करते हैं। यह लिवर को डिटॉक्सिफाई करता है, इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है और मेटाबॉलिज़्म को तेज कर लिवर पर अतिरिक्त बोझ कम करता है। इसके अलावा हल्दी वजन घटाने में भी सहायक है, जिससे फैटी लिवर की स्थिति में सुधार आता है। लिवर की सेहत के लिए लाकडोंग हल्दी को सबसे प्रभावी माना जाता है, जो मेघालय की पहाड़ियों में पाई जाती है। इसमें सामान्य हल्दी की तुलना में कर्क्यूमिन की मात्रा कहीं अधिक होती है। यदि यह उपलब्ध न हो, तो सामान्य हल्दी का भी प्रयोग किया जा सकता है, लेकिन इसकी मात्रा बढ़ानी होगी और डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है।

जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत रैली निकाल की गई कुएं की साफ-सफाई

झाबुआ, ईएमएस। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला झाबुआ द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत आज पीएम श्री कॉलेज झाबुआ में एमएस डब्ल्यू और बीएस डब्ल्यू के छात्र-छात्राओं द्वारा जल संरक्षण हेतु तख्तियां लेकर रैली निकाली गई एवं कॉलेज स्थित कुएं की साफ-सफाई भी की गई ।

प्रदेश आसपास

समय-सीमा बैठक सम्पन्न

सीधी, ईएमएस। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि अप्रैल-25 की शिकायतों के निराकरण में सभी विभाग ए-ग्रेड के लिए प्रयास करेंगे। शिकायतकर्ता से संपर्क कर उनकी वैध समस्याओं का तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित समीक्षा करें तथा प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर शिकायतों को निराकृत करायें।

फटाफट खबरें

महंगाई भत्ते की घोषणा पर मप्र शिक्षक संघ ने माना आभार

खरगोन, ईएमएस। मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते में 5 प्रतिशत की घोषणा एवं तत्काल प्रभाव से लागू किये किये जाने पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने आभार व्यक्त करते हुए खुशी व्यक्त की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पाटीदार एवं जिलाध्यक्ष सुनिल भावसार ने बताया कि गत माह संघ के प्रदेश अध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौर एवं कार्यकारिणी द्वारा मुख्यमंत्री को शिक्षको की विलंबित समस्याओं के निराकरण हेतु प्रत्यक्ष भेंट कर महंगाई भत्ते की मांग सहित ज्ञापन सौपा गया था, परिणाम स्वरुप मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा कर मांग पूर्ण की गई। संघ ने आशा जताई है की शिक्षकों की शेष मांगे भी शीघ्र पूर्ण होंगी।

भाजपा ने अजा वर्ग की संगोष्ठी आयोजित की

खरगोन, ईएमएस। संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय पर आज संगोष्ठी रखी गई। इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती नन्दा ब्राह्मणे ने कहा कि बाबा साहेब ने जो संविधान बनाया है, उस पर सभी को चलना है और जो संविधान बनाया है वह देश का सबसे मजबूत संविधान बनाया है। वक्त ा विधायक पाटीदार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान के विरुद्ध अपने स्वार्थ की लालच में काम किया है। दूसरे वक्त ा के रूप में सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि रविवार को हुए मन की बात कार्य म में देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने दुखी मन से बोले कि आतंकवाद को देश की धरती पर एक-एक को चुन-चुन के मारेंगे। बाबा साहेब ने संविधान में जम्मू कश्मीर की 370 ओर 35 ए को अस्थाई रखने के लिए बाबा साहेब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वरना कांग्रेस इसे पूर्ण रूप से स्थाई लगा देती। मंचासिन अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष परसराम चौहान, कल्याण अग्रवाल, पूर्व विधायक बाबूलाल महाजन, अजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुंदर बारसे थे। संचालन चंद्रशेखर भालसे ने किया ओर आभार डॉ. काशीराम शर्मा ने माना।

कलेक्टर ने यूपीएससी में चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान कर दी बधाई

अशोकनगर, ईएमएस। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित देश की सर्वाधिक प्रतिष्ठित परीक्षा में जिले के दो अभ्यर्थियों ने भी सफलता का परचम लहराया है। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा यूपीएससी में जिले के ग्राम डंगौरा निवासी आशीष रघुवंशी द्वारा 202वीं रैंक तथा चंदेरी निवासी विवेक यादव द्वारा 413वीं रैंक प्राप्त करने पर सोमवार को कलेक्टर कक्ष में सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों के अभिभावकगण उपस्थित थे।

▶ समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

आमजन से जुड़ी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत दिलाएं अधिकारी : कलेक्टर

अशोकनगर, ईएमएस।

आमजन से जुडी शासकीय योजनाओं का लाभ अधिकारी शत प्रतिशत दिलाना सुनिश्चित करें। अपने-अपने विभाग से संबंधित विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन से संबंधित शिकायतों का निराकरण सभी अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर करें। जिससे ए ग्रेड प्राप्त हो सके। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि आने वाले समाधान ऑनलाईन में किसी भी विभाग से संबंधित विषय न हो यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सीएम डेशबोर्ड के तहत विभागीय विषयों से संबंधित समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिला अधिकारियों को विभागीय निरीक्षण रोस्टर तैयार कर समय-समय पर सामान्य निरीक्षण,आकस्मिक निरीक्षण एवं टेबिल निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रीष्मऋतु को दृष्टिगत रखते हुए अस्पतालों, स्कूलों, छात्रावासों, आंगनवाडी केन्द्रों तथा शासकीय कार्यालयों में पेयजल की समुचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जल गंगा संवर्धन अभियान से संबंधी समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अभियान की सफलता के लिए स्थानीय लोगों तथा जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर जल संरचनाओं के संरक्षण, जीर्णोद्धार एवं नये जल स्त्रोंतों के निर्माण का कार्य लिये जाएं। जिससे नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्तर में वृद्धि हो सके। उन्होंने विभागीय 2025-26 वार्षिक भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यो की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। शासकीय एवं निजी प्रतिष्ठानों में अप्रिय घटनाओं को रोकने हेतु अग्नि सुरक्षा आडिट कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एनएस नरवरिया, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, आरबी सिण्डोस्कर एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

पेयजल संकट के निवारण हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

अशोकनगर, ईएमएस। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट के निवारण हेतु समय -सीमा में हेण्डपंप संधारण कार्य को दृष्टिगत रखते हुये जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत अशोकनगर के लिए प्रभारी अधिकारी उपयंत्री आरएस गुर्जवार एवं क्षेत्रीय हैण्डपंप संधारण प्रभारी कुलदीप शाक्य, जनपद ईसागढ़ के लिए सृष्टि गुप्ता एवं सुधीर कुमार भानू समय पालक, जनपद पंचायत चंदेरी के लिए धर्मान्शु दीक्षित एवं शहवाज खान (सहायक केमिस्ट) तथा जनपद पंचायत मुंगावली के लिए रोहित त्यागी एवं राकेश श्रीवास्तव हेल्पर की डयूटी लगाई गई है।
कंट्रोल रूम के लिए नियुक्त अधिकारी, कर्मचरियों को तत्काल प्रभाव से हैण्डपंप संधारण हेतु सूचना प्राप्त होने पर तत्काल हैण्डपंप संधारण कार्य कराना सुनिश्चित करें। हैण्डपंप शिकायतों की पंजी संधारित करें, जिससे समय-समय पर सुधारे गये हैण्डपंपों की जानकारी प्राप्त की जा सके। क्षेत्रीय हैण्डपंप संधारण प्रभारी अपने-अपने जनपद स्तर के कंट्रोल रूम पर हैण्डपंप शिकायत पंजी तिथिवार संधारण करना सुनिश्चित करें।

अक्षय तृतीया पर आमखेड़ा धाम पर आयोजित होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

परिणय सूत्र में बंधेगे 12 से अधिक जोड़े, निर्धन कन्याओं को भेंट करेगें गृहस्थी का सामान

अशोकनगर, ईएमएस। शहर से करीब 11 किलोमीटर दूर स्थित सिद्ध धाम आमखेड़ा पर 30 अप्रैल को निशुल्क सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया गया है। जहां पर अक्षय तृतीया के दिन बारह से अधिक जोड़ो के विवाह की रश्में संपन्न होंगे। इसकी तैयारियां धाम की कमेटी द्वारा जोरशोर की जा रहीं है। वहीं इस सामूहिक कन्या विवाह के आमंत्रण भी सिद्ध धाम कमेटी द्वारा साधु-संतो को दिये जा रहे है और उनसे धाम पर होने वाले कन्या विवाह में सम्मिलित होकर वर-वधु को आर्शीवाद देने की अपील की जा रहीं है। उल्लेखनीय है कि श्री सिद्ध आमखेड़ा पर प्रत्येक गुरूवार और शनिवार को बाबा का दरबार लगता है और यहां पहुंचने वाले लोगों की हर मन्नत पूरी होती है, तो वहीं लोगों को बीमारियों में फायदा पहुंचता है। पीठाधीश्वर कल्याण दास महाराज ने बताया कि श्री सिद्ध धाम आमखेड़ा पर बाबा की कृपा से उन निर्धन कन्याओं के विवाह संपन्न कराये जा रहे है, जिनके माता या पिता नहीं है। इस सामूहिक कन्या विवाह में जिला सहित आसपास के जिलों की गरीब कन्याएं शामिल है। जिनका विवाह बाबा की कृपा से अक्षय तृतीया के दिन संपन्न कराया जाएगा। इस दौरान उनके गृहस्थी का सारा सामान भी उपहार के रूप में धाम की ओर दिया जाएगा। वहीं महाराज जी ने लोगों से अपील की है वह इस सामूहिक विवाह सम्मेलन शामिल होकर धर्मलाभ कमाएं। सोने-चांदी के आभूषण के साथ दी जाएगा गृहस्थी का सामानः

श्री कल्याण दास महाराज ने बताया कि श्री सिद्ध आमखेड़ा पर आयोजित होने वाले सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में धाम की ओर से कन्याओं को समस्त गृहस्थी का सामान उपहार के रूप में दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें अक्षय तृतीया के पहनने के लिए लहंगे भी विगत दिवस वितरित किए गए है। वहीं उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह के दौरान कन्याओं को दहेज के रूप सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी, विछिया, पायल आदि कन्याओं को दिये जाएगा। इसके अलावा दहेज के रूप में अलमारी, कूलर, विस्तार सहित गृहस्थी का सामान दिया जाएगा। महाराज जी ने बताया कन्याओं को विवाह के दौरान करीब डेढ लाख के उपहार के रूप में दहेज दिया जाएगा।

होगा भव्य भंडारा

श्री सिद्ध धाम आमखेड़ा पर अक्षय तृतीया के दिन जहां सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया गया, तो वहीं इस दौरान भव्य भंडारा भी रखा गया, जिसके चलते विवाह कार्यक्रम में सम्मलित लोगों को भोजन के रूप में प्रसादी का वितरित की जाएगी। श्री सिद्ध धाम आमखेड़ा की कमेटी द्वारा बताया गया है कि सामूहिक कन्या विवाह के भंडारे के लिए विशेष तैयारियां की गई है, वहीं लोगों के आमंत्रण के अनुसार भोजन प्रसादी बनवाई जाएगी। जिसके चलते जहां 4 क्विंटल शक्कर की बूंदी बनवाने के साथ ही अन्य पकवान बनाये जायेंगे।

अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

अशोकनगर, ईएमएस। रविवार शाम अज्ञात वाहन की टक्क र से 48 वर्षीय बाइक सवार मोवत सिंह की मौत हो गई। घटना कदवाया थाना क्षेत्र के ग्राम सकर्रा की है। घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।जानकारी के अनुसार सकर्रा गांव के रहने वाले मोवत सिंह पिता दसूआ आदिवासी रविवार की शाम अपने गांव से कदवाया सामान लेने जा रहे थे। गांव से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्क र मार दी। जिससे वो नीचे गिर गए। राहगीरों की मदद से घायल मोवत सिंह को कदवाया अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

पांच थानों की पुलिस सुरक्षा में शुरु हुआ खाद्य वितरण

पहले ही दिन पहुंचे 3 हजार किसान, खाद लेने के बीच अचानक मारपीट से बिगड़े हालात

अशोकनगर, ईएमएस।

जिले में खाद की किल्लत अभी से नजर आने लगी है। हजारों की संख्या में किसान खाद वितरण केन्द्र पर पहुंचे रहे हैं इस बीच मारपीट की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। सोमवार को शहर के विदिशा रोड़ स्थित खाद गोदाम पर डीएपी खाद वितरण शुरू हुआ। इसके पूर्व सुबह 4 बजे से ही किसान कतार में लग गये। टोकन वितरण के समय सुबह 8 बजे तक करीब 3 हजार किसान पहुंच चुके थे। भीड़ के कारण धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई।
लाइन में ही किसानों के बीच धक्का-मुक्की होने लगी, जमकर हंगामा हो गया। इसी बीच कई किसान लाइन के बाहर गिर गए और कुछ भीड़ में दबने से बाहर हो गए। जिसके बाद किसानों के बीच मारपीट होने लगी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और झगड़ रहे किसानों को अलग किया। हंगामा कर रहे किसानों पर हल्का बल प्रयोग करते हुए उन्हें दूर किया। बताया जा रहा है कि इसे नियंत्रित करने के लिए देहात, कोतवाली, पुलिस लाइन समेत पांच स्थानों से पुलिस बल बुलाना पड़ा। किसानों को तीन कतारों में खड़ा किया गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में टोकन वितरण किया गया।
वोवनी में 2 महीने का समयः खरीफ की फसल की बोनी में अभी 2 महीने का समय बचा है। अभी से जिले में डीएपी खाद की किल्लत सामने आने लगी है। में खाद के लिए लंबी लाइन देखने को मिल रही है। लाइन में मारपीट भी हो गई। हालात बेकाबू हुआ तो पुलिस बल मौके पर पहुंचा। उनके साथ भी लोगों ने धक्का मुक्की शुरू कर दी। स्थिति पर काबू पाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

पहले भी बांटी जा चुकी है एक खेप

खरीफ सीजन में अभी समय है, फिर भी खाद केंद्र पर भीड़ उमड़ रही है। इससे पहले भी एक खेप का वितरण हो चुका है। प्रशासन का कहना है कि किसानों को आवश्यकतानुसार खाद और डीएपी की व्यवस्था की जाएगी। एसडीएम बृज बिहारी लाल श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को 600 मैट्रिक टन डीएपी की खेप मिली है। एक हेक्टेयर जमीन वाले किसान को दो बैग और दो हेक्टेयर वाले को चार बैग दिए जा रहे हैं। किसी को भी अधिकतम 6 बैग से ज्यादा नहीं दिए जाएंगे।

सफाईकर्मियों का वाहन पलटा एक की मौत, 19 घायल

शव लेकर कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन की मुआवजे की मांग

खरगोन, ईएमएस। शहर नपा में कार्यरत सफाई कर्मचारियों का वाहन सोमवार को टेमला रोड़ पर सड़क हादसे का शिकार हो गया। मिनी लोडिंग टेंपो वाहन में करीब 20 से अधिक सफाईकर्मी सवार थे, जो टेमला में सफाई के लिए जा रहे थे। हादसे में 18 कर्मचारी घायल हो गए, जबकि एक सफाईकर्मी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घायलों को आनन- फानन में जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार किया जा रहा है। इस भीषण हादसे के बाद दोपहर में कर्मचारियों का आक्रोश फुट पड़ा। सफाई वाहन में कर्मचारियों को नपा क्षेत्र से अन्यत्र कार्य के लिए भेजने और क्षमता से अधिक लोगों को बैठाने का हवाला देते हुए सफाईकर्मी मृतक का शव लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए। यहां शव को कलेक्टर कार्यालय के प्रवेश द्वार पर रखकर नारेबाजी की। मिली जानकारी अनुसार हादसे में नपा सफाई वाहन में सवार राजेश पिता राजू की मौत हो गई है। घायलों के अनुसार सभी सफाई कर्मचारी ठेका पद्धति पर कार्यरत होकर नपा अधिकारियों के आदेश पर शहर से बाहर ग्राम टेमला सफाई कार्य क लिए भेजे गए थे। सुबह करीब 8.30 बजे नपा के सफाई वाहन में करीब 20 सफाईकर्मियों को सवार किया गया, जो वाहन की क्षमता से कई अधिक थे। वाहन टेमला रोड़ पर सेंट्रल जेल से कुछ ही दूरी पर जाकर असंतुलित होकर पलट गया। वाहन सवार कामगारों के अनुसार हादसा किस वजह से हुआ कोई समझ नही पाया। वाहन पलटने के बाद चीख-पुकार मच गई। राहगिरों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

नियमानुसार सहायता का दिया भरोसा

प्रदर्शन कर रहे कामगारों को नपा सीएमओ एमआर निगवाल ने आश्वासन दिया कि नियमानुसार मृतक के परिवार को मदद दी जाएगी, इसके अलावा घायलो का निजी एवं शासकिय अस्पताल में शासकीय खर्च पर उपचार कराया जाएगा।

पाल समाज ने निकाली शोभायात्रा, मोमाई माता की भक्ति में झूमे समाजजन

खरगोन, ईएमएस। शहर के गडरिया मोहल्ला क्षेत्र स्थित मोमाई माता मंदिर की स्थापना वर्षगांठ महोत्सव के रुप में मनाई गई। पाल क्षत्रिय समाज ने महोत्सव के तहत सुबह भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसमें बैंड- बाजों की धून पर बज रहे भक्ति गीतों एवं जयकारों से माहौल धर्ममय बना रहा। सुसज्जित बग्घी में माता का चित्र स्थापित किया गया, जिसका रास्तेभर श्रद्धालूओं ने दर्शन किया। मातृशक्ति व युवतियों ने गरबा नृत्य कर माता की आराधना की। शोभायात्रा का तालाब चौक में रामजन्म उत्सव समिति, विश्वकर्मा समाज, सगरवंशी माली समाज ने पुष्पवर्षा कर व नमकीन छांछ आइस ीम से स्वागत किया। भोला चौक, दांगी मंदिर, पहाड़सिंहपुरा, मारू मोहल्ला, तवडी चौक पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। पाल क्षत्रिय समाज के युवाओं ने भी समाजजनों का जगह-जगह स्वागत किया। शोभायात्रा केधर्मशाला पहुंचने पर मां मोमाई माता की भव्य आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालूओं ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की।

देर रात्रि जांच के दौरान रेत के चार ओवरलोड डंपर पकड़ाए

जिला प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई

नर्मदापुरम(ईएमएस)। कलेक्टर सोनिया मीना से प्राप्त निर्देश के पालन में अवैध उत्खनन, परिवहन,भण्डारण के विरूद्ध खनिज,राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है। खनिज विभाग द्वारा 25 अप्रैल की रात्रि ग्रीन पार्क ढाबा नर्मदापुरम के पास से 04 डम्पर क्रमांक-एमपी04जेडएस2858, डम्पर क्रमांक-एमपी04जव1904, डम्पर क्रमांक-एमपी04ज्क3694 एवं डम्पर क्रमांक-आरजे17जीबी2149 को रेत खनिज के ओव्हरलोड अवैध परिवहन में लिप्त पाये जाने पर जप्त कर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, कार्यालय नर्मदापुरम की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया।

उक्त कार्यवाही में नर्मदापुरम एसडीएम नीता कोरी,जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, देवशंकर धुर्वे, तहसीलदार नर्मदापुरम, कृष्णकांत सिंह परस्ते प्र0 खनिज निरीक्षक, हेमन्त राज खनिज

सिपाही एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा। जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम ने बताया कि उक्त जप्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

आयुष विभाग ने देवारण्य योजना अंतर्गत अश्वगंधा की खेती का दिया प्रशिक्षण

सिवनीमालवा (ईएमएस)। आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन के द्वारा चलाई जा रही देवारण्य योजना के अंतर्गत आयुष विभाग नर्मदापुरम मे जिला आयुष अधिकारी डॉ. विमला गढ़वाल निर्देशन में 26 अप्रैल शनिवार को ब्लॉक सिवनीमालवा के ग्राम पंचायत शिवपुर में ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कौशल के मार्गदर्शन मे भोपाल से आये कृषि विशेषज्ञ सुशील कुमार भार्गव द्वारा अश्वगंधा की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए क्षेत्र के किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें अश्वगंधा की खेती से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत शिवपुर सरपंच प्रतिनिधि सन्देश यादव , ग्रामीण विकास उद्यानिकी विस्तार अधिकारी शांतिलाल पटेल, सचिव अरविन्द दायमा, सह सचिव मुकुल यादव, ग्राम के सम्मानीय नागरिक एवं कृषक देवेश यादव, सुदीप दीवान, अभिषेक मेहरा, प्रदीप साहू, रघुनाथ सिंह राजपूत, महेश गिरी, शिव प्रसाद यदुवंशी उपस्थित रहे।आयुष विभाग से नोडल अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कौशल, डॉ. आशुतोष पटेल, सत्यनारायण कुमरे, जितेन्द्र जिनोदिया, मुकेश शर्मा उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कौशल आयुष विभाग द्वारा किसानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

आधार अपडेशन सैंटरों की कमी बनी लोगों की परेशानी का सबब

बुरहानपुर, ईएमएस। इन दिनों शहर में आधार कार्ड अपडेट को लेकर आमजन खासे परेशान नजर आ रहे हैं। आधार अपडेशन करने के लिए लोगों को सुबह 6 बजे से ही सेंटरों के बाहर कतार में खड़े होना पड़ता है बच्चों के स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया चालू होने के कारण आधार में नाम, जन्मतिथि व बायोमैट्रिक डाटा अपडेट की आवश्यकता बढ़ गई है।
लेकिन शहर में पर्याप्त आधार अपडेशन सेंटर न होने के कारण लोगों को घंटों लंबी लाइन में खड़ा रहना पड़ता है और कई बार विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है।शहर की जनसंख्या तीन लाख से अधिक है, इसके बावजूद आधार अपडेट की सुविधा कुछ ही केंद्रों पर सीमित है। खासकर बच्चों के

बायोमैट्रिक डाटा अपडेट के लिए माता-पिता को बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। कुछ केंद्रों पर तो एक दिन में केवल 20-25 ही आवेदन लिए जाते हैं, जिससे सैकड़ों लोग लौटने को मजबूर हो जाते हैं। इस असुविधा के चलते अभिभावकों के साथ-साथ बुजुर्ग और सामान्य नागरिक भी काफी परेशान हैं कई बार तकनीकी खराबी या इंटरनेट की समस्या के कारण काम अधूरा रह जाता है। लोगों की मांग है कि प्रशासन को तत्काल प्रभाव से अतिरिक्त आधार अपडेशन सेंटर खोलने चाहिए, ताकि जनसामान्य को राहत मिल सके।यदि प्रशासन ने जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया, तो यह संकट और भी गंभीर रूप ले सकता है। नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधार सेवा को सुलभ और व्यवस्थित करना समय की आवश्यकता है। वर्तमान में शहर का पोस्ट ऑफिस सेंटर एकमात्र ऐसा सेंटर है जहां सभी प्रकार के अपडेशन हो रहे हैं अन्य सेंटरों पर ऐसी सुविधा नहीं होने से यहां लोग सुबह 6 बजे से ही कतार में लगकर अपने नंबर का इंतजार करते देखे जा सकते हैं आधार सेंट्रो के नहीं होने के मामले को लेकर पहले भी समाचार पत्रों में बहुत कुछ प्रकाशित हो चुका है लेकिन जिले का ईगवर्नेंस विभाग इस मामले को लेकर गंभीर नहीं है!

माहम फातिमा ने 75 से ज्यादा देशों के 95 हजार से ज्यादा बच्चों में गोल्ड मेडल किया हासिल

नर्मदापुरम (ईएमएस)। दिसंबर में आयोजित हुई एसएफओ मेथ्स ओलंपियाड में सेंटपाल्स स्कूल की कक्षा एक की छात्रा माहम फातिमा पिता

रुवेज पठान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंटरनेशनल में 30वी रैंक हासिल की है। सोमवार को स्कूल परिसर में माहम फातिमा को SOF IMO Maths Olampiyad में world Level International में 30वीं रेंक मारकर Gold Medal हासिल करने। India lavel National में 28 रेंक ओर डिस्ट्रिक्ट एवं स्कूल में first renk हासिल करने पर SOF IMO द्वारा भेजे गए गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। माहम ने जोनल में गोल्ड मेडल और सर्टीफिकेट हासिल किए है।जिला एवं स्कूल में प्रथम स्थान पर रही है। एसएफओ मेथ्स ओलंपियाड परीक्षा में 75 से ज्यादा देशों के 95 हजार से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। जिसमें माहम ने शानदार प्रदर्शन करते हुई परीक्षा में 40 में से 36 अंक हासिल कर इंटरनेशनल में 30वी रैंकिंग हासिल की है। विदित रहे माहम समाजसेवी स्व. मेहमूद पठान, स्व. अनीसा मेडम की पोती है। छात्रा की इस उपलब्धि पर शाला प्रचार्य, स्कूल स्टाफ और नाना सरफराज खान, नानी, बुआ मेहनाज, रूही, बुशरा, फूफा नफीस खान, रज़ा खान, नदीम खान, मामा राजा खान, मामी अल्फीशा, मौसी सबरीन खान, अंजुम खान, मौसा शमीम खान सहित परिजनों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उजवल भविषय की शुभकामनाएं दी है।

▶ लगभग 2000 पक्षी घर बनाने का संकल्प, 6 समाजसेवियों ने उठाया कदम

समाजसेवी संस्थाओं को बांटे पक्षीघर एवं पानी के सकोरे

अशोकनगर, ईएमएस। गौरैया पक्षी बचाओ अभियान अंतर्गत समाजसेवियों द्वारा पक्षियों के संरक्षण हेतु बनाये गये 500 से अधिक पक्षी घर को कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कार्यरत समाजसेवी संस्थाओं को वितरित किये गये। साथ ही उन्होंने ग्रीष्मऋतु में पक्षियों को पीने के पानी की व्यवस्था हेतु सकोरे प्रदान किये गये।

इस अवसर पर कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि पक्षीघर एवं सकोरे की व्यवस्था करना पक्षियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। पर्यावरण सुरक्षा के लिए पक्षियों के जीवन को बचाना हम सभी का दायित्व हैं। समाजसेवी और सामाजिक संस्थाएं इस अभियान से जुड़े और इस कार्य में

सहयोग करें। जिससे हम मूक पक्षियों की जान बचा सके, उन्हें आश्रय दे सकें। ऐसा हम सभी मिलकर संकल्प लें और इस सामाजिक कार्य को जन-जन तक पहुंचा सके। उल्लेखनीय है कि लगभग 2000 पक्षी घर बनाने का संकल्प 6 समाजसेवियों ने लिया गया गया है। इस कार्य में योगदान गौ सेवक सोनू जैन, समाजसेवी नरेश जैन एडवोकेट, रश्मि जैन, सुयोग जैन, देवेंद्र जैन तरावली, गौरव जैन, टिंगू मिल, मनीष भारत, इशू नीरज कासल, ऋचा जैन, डॉ. सुदीप का रहा। इन 6 समाजसेवी के माध्यम से 500 पक्षी घर बनाए गए। साथ ही कलेक्टर द्वारा कार्यरत समाजसेवी संस्थाएं पारस जैन मिलन से राष्ट्रीय मंत्री नरेश जैन, सुयोग जैन, अध्यक्ष नीरज जैन, राहुल जैन एवं करुणा निधि संस्था के अध्यक्ष सचिव, गौ चंद्र मोहन शर्मा ,लायंस क्लब से हरि सिंह रघुवंशी अध्यक्ष एवं सचिव अभिजीत जैन, जैन मिलन से निर्मल जैन मिर्ची, रंजीत सिंह यादव, मनीष सिंघई एवं जैन समाज से अध्यक्ष राकेश कंसल एवं राकेश अमरोद, जैन जागृति से नितिन बजाज संस्थाओं को पक्षी घर वितरित किए।

सपा ने फूंका पाकिस्तानी आतंकवाद का पुतला

देवास। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की हत्या के विरोध में सोमवार को समाजवादी पार्टी ने जिलाध्यक्ष लीलाधर चौधरी के नेतृत्व में सयाजीद्वार पर पाकिस्तानी आतंकवाद का पूतला फूंका। वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं मुलायम ब्रिगेड जिलाध्यक्ष इंद्रसेनराव निमोणकर ने बताया कि पाकिस्तान द्वारा किए गए इस कृत्य को देश सहन नही करेगा। देश के 140 करोड देशवासियों में गहरा आक्रोश है।

प्रदेश आसपास

इंदौर के व्यक्ति ने देवास में की आत्महत्या

देवास। सिंगावदा गांव में 55 साल के व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला। इंदौर के गोरी नगर निवासी जालम सिंह (55) का सोमवार को घर से चौराहे पर घूमने जाने की बात कहकर निकले थे। ग्रामीणों ने पेड़ से लटकता शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। परिजनों ने बताया कि जालम सिंह ने आत्महत्या क्यों की इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। वो खुद हैरान हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

फटाफट खबरें

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया श्रमदान

सिरोंज। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शनिवार को स्थानीय तालाब ने श्रमदान किया गया। प्रशासन के आला अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से सभी ने करीब दो घंटे तक परिणाम कर तलब में बिखरे कचरे को साफ किया। इस दौरान एसडीएम स्वयं भी गंदगी को साफ करते हुए दिखाई दिए। इसके उपरांत स्थानीय बस स्टैंड परिसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरण कर रही कलाकारों की टीम के साथ पानी को बचाने एवं प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण की शपथ भी ली। इस दौरान एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देश एवं स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में हमने सिरोंज के प्राचीन बावड़ियों,तालाबों को जीर्णोद्धार कर भू जल स्तर को सुधारने की कार्य योजना बनाई है। इसी श्रृंखला में आज तालाब प्रांगड़ में हमने स्वच्छता अभियान चलाया है जो निरंतर चलत रहेगा। हमारा प्रयास हे कि यह तालाब परिसर सुरक्षित होकर एक सुंदर प्राकृतिक वातावरण देने वाला स्थान बने। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना सहित जनप्रतिनिधि, जागरूक नागरिकगण एवं स्वच्छता कर्मचारी मौजूद रहे।

कन्यादान विवाह: विधायक ने ली समीक्षा बैठक

सिरोंज। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत 30 अप्रैल को होने वाले सामूहिक विवाह आयोजन की तैयारियों को लेकर विधायक उमाकांत शर्मा ने शनिवार को समीक्षा की। एसडीएम हर्षल चौधरी के मौजूदगी में हुई बैठक में विधायक शर्मा ने विवाह कार्यक्रम के आयोजक जनपद पंचायत की सीओ तथा नगरीय क्षेत्र में नगरपालिका सीएमओ से आयोजन की तैयारियों की जानकारी लेते हुए कहा कि आगामी सम्मेलन के लिए तीन सौ से अधिक जोड़ों ने पंजीयन कराया है। इन दिनों भीषण गर्मी का दौर चल रहा है ऐसे में विवाह एवं निकाह के लिए शामिल होने वाले वर वधुओं के साथ उनके परिजनों को असुविधाओ का सामना न करना पड़े। विधायक शर्मा ने विवाह में शामिल होने वाले घराती बारातियों को बैठने एवं शीतल पेयजल के इंतजाम करने के निर्देश दिए।

युवक ने खाया जहर इलाज के दौरान मौत

देवास। रविवार रात एक 25 साल के युवक ने जहर जहरीला पदार्थ खा लिया। मालीपुरा निवासी गोलू गंगापारी पिता राजेश गंगापारी ने परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद उसे अमलतास अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गोलू लकड़ी काटने का काम करता था। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। सोमवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। युवक ने ये कदम क्यों उठाया इसकी कोई जानकारी नहीं मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भाजपा ने डॉ.भीमराव अंबेडकर के सम्मान में संगोष्ठी की आयोजित

संविधान की वजह से नरेन्द्र मोदी बने जनता के सेवक

शिवपुरी, ईएमएस।

संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, लेकिन जीते जी बल्कि उनकी मृत्यु के उपरांत भी कांग्रेस ने उनका अपमान किया। बाबा साहब ने हर वर्ग के कल्याण और सामाजिक समरसता के लिए कार्य किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार बाबा साहब के बताए गए सिद्धांतो पर चलकर उनके सपने को पूरा करने के लिए आगे बढ़ रही है। बाबा साहब के बनाए संविधान की वजह से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनकर जनता के सेवक बन सके। यह बात पूर्व विधायक श्योपुर दुर्गालाल विजय ने भारतीय संविधान रचयिता भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर के सम्मान में स्थानीय नक्षत्र गार्डन में सोमवार को आयोजित संगोष्ठी के दौरान कही।

वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने बाबा साहब को किया याद- एससी मोर्चा के प्रेदश महामंत्री मनीष राजोरिया ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारत की आजादी को अमर बनाने के लिए कार्य किया है। बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने देश के लिए हमेशा एक गुरू की भूमिका निभाई बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। बाबा साहब आजादी से पहले ही विकसित भारत के संकल्प को लेकर कार्य कर रहे थे। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा ने कहा कि कांग्रेस और कांग्रेस का एक परिवार सत्ता को अपनी जागीर मानता है। वह परिवार देश के संविधान को भी नकार देता है, संविधान का गला घोटने का कार्य करता है और कानून से भी खुद को ऊपर मानता है।

कई भाजपा नेता रहे मौजूद-

भाजपा जिला अध्यक्ष जसमंत जाटव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन सरकार बाबा साहेब के विचारों एवं आदर्शों के अनुरूप सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास तथा पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के मंत्र के साथ समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कृत-संकल्पित है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री गगन खटीक द्वारा किया गया तथा आभार पूर्व जिला अध्यक्ष राजू बाथम द्वारा व्यक्त किया गया इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री सुरेश राठखेड़ा, जिला महामंत्री सोनू बिरथरे, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, एससी मोर्चा अध्यक्ष वीर सिंह सगर आदि मौजूद रहे।

शराब तस्करों के विरुद्ध पुलिस की ताबड़-तोड़ कार्रवाई

मैहर। पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी और उनकी टीम द्वारा तीन शराब तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उनके कब्जे से 63 लीटर अवैध शराब और घटना में प्रयुक्त वाहन जप्त किया है। घटना दिनांक 27 फरवरी को थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि रामपथ गमन मार्ग सतना से मैहर की ओर मारुति ऑल्टो कार क्रमांक एमपी 19 सीए 4282 में तीन व्यक्ति अवैध शराब लिए मैहर की ओर आ रहे हैं। पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु टीम रवाना हुई। रामपथ गमन मार्ग पर पेट्रोलिंग करते हुए उमरी पैला मोड़ के पास मारुति ऑल्टो कार क्रमांक एमपी 19 सीए 4282 मिली, जिसकी तलाशी लेने पर कार में से 45 ली. देशी प्लेन शराब एवम 18 ली. गोवा शराब बरामद हुई। जिसके संबंध में आरोपीगण के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस के द्वारा उक्त शराब एवम घटना में प्रयुक्त वाहन जप्त करते हुए आरोपी प्रिंस अहिरवार, अतुल पाण्डेय एवं सुखेंद्र मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है और आरोपीगण के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

थाली बजाकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

सीहोर, ईएमएस।

अपनी मांगों के समर्थन में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मचारियों ने सोमवार को अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। टाउन हाल पर धरना दे रहे ये कर्मचारी घरों से थाली और चम्मच लेकर पहुंचे और बजाते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वे 22 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं और अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल भी शुरू कर दी है।

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की प्रमुख मांग संविदा नीति 2023 को शीघ्र लागू करने की है। कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संविदा कर्मियों की पंचायत में जो वादे किए थे, वे अब तक पूरे नहीं किए गए। कर्मचारियों का कहना है कि बार-बार मांगें उठाए जाने के बावजूद सरकार ने समाधान नहीं किया, जिससे उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है।

संविदा कर्मचारियों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। इसी बीच, एनएचएम के मिशन संचालक ने शुक्रवार को सभी कलेक्टरों और सीएमएचओ को पत्र जारी कर हड़ताली कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके विरोध में कर्मचारियों ने शुक्रवार को उक्त आदेश की होली जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। कर्मचारियों ने इस आदेश को दमनकारी बताया और इसे संवैधानिक अधिकारों का हनन करार दिया। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला इकाई सीहोर द्वारा सोमवार को हड़ताल के सातवे दिन अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की शुरुआत की गई, भूख हड़ताल के पहले दिन सुमन देवी अहिरवार और रुचि आर्य द्वारा भूख हड़ताल की गई, साथ ही थाली बजाकर प्रशासन को जगाया गया।

खसरे में नाम सुधरवाने की पटवारी ने मांगी रिश्वत, गिरफ्तार

शिवपुरी, ईएमएस।

शिवपुरी जिले के खनियांधाना में लोकायुक्त पुलिस ने एक पटवारी को रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। ग्वालियर लोकायुक्त कार्यालय में इस मामले में शिकायत हुई थी। शिकायत के बाद लोकायुक्त ने छापामार कार्रवाई करते हुए पटवारी को रंगे हाथों रिश्वत लेते पकड़ लिया। बताया जाता है कि शिकायतकर्ता की भूमि के खसरे में बुआ के पिता का नाम गलत लिखा था। इस नाम को सुधरवाने के लिए पटवारी ने रिश्वत के तौर पर पैसे मांगे थे। इसकी शिकायत शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त ग्वालियर को की थी इसके बाद यह छापामार कार्रवाई की गई। बताया जाता है कि खनियांधाना में लोकायुक्त की टीम ने सोमवार को पटवारी मनोज निगम को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। पटवारी ने खसरे में नाम सुधार के लिए शिकायतकर्ता हनुमंत सिंह से रिश्वत मांगी थी । ग्वालियर लोकायुक्त की टीम ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर पटवारी को पकड़ा। इस मामले शिकायतकर्ता हनुमंत सिंह ने इसकी शिकायत ग्वालियर लोकायुक्त कार्यालय में की। सोमवार को जब वह बाकी पैसे देने पटवारी के घर पहुंचे, लोकायुक्त की टीम ने पटवारी को रिश्वत लेते पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता हनुमंत सिंह की बुआ के पिता का नाम खसरे में गलत दर्ज था। इसमें मथरी की जगह मथुरा लिखा गया था। नाम सुधार के बिना रजिस्ट्री नहीं हो सकती थी।

अच्छे आचरण से सनातन धर्म और सनातनी हिंदू होगा दृढ़

मैहर। मानसपीठ खजुरीताल में आयोजित पाटोत्सव के पंचम दिवस जगदुरु स्वामी रामललाचार्य जी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें जातिवाद, भाषावाद, नस्लवाद, रंगभेद और वर्णभेद आदि से ऊपर उठकर एक बात स्वीकार करना चाहिए कि हम सनातनी हैं. और हिंदू हैं। यदि हम स्वयं को सनातनी हिंदू मानते हैं तो उसके अनुसार जीवन यापन करें। मैं कोई बहुत कठिन जीवन यापन की बात नहीं कर रहा मैं नहीं कहता आप सब सन्यासी हो जाओ। लेकिन निवेदन करूँ परिणाम में सौ में से तेत्तीस अंक प्राप्त करने वाले को भी उत्तीर्ण माना जाता यदि स्वयं को सनातनी कहते हैं तो कृपया तिलक धारण करिए, गले मे कंठी माला और हाथ मे कलावा धारण करिए। ब्रह्मचर्य का पालन करिए। दिन में कम से कम दो बार निकट के मंदिर में दर्शनार्थ जाइए। माता पिताए गुरुजनों, भक्तों, संतो को देखते ही दंडवत प्रणाम करिए। यदि अध्ययन करने में समर्थ हैं तो कम से कम आधे घन्टे गीता रामचरित मानस पढ़िए। इस अवसर पर छपड़ौर आश्रम से स्वामी संतशरण जू महाराज, मैहर बड़ा अखाड़ा से स्वामी सीतावल्लभ शरण जू महाराज, मधुबन आश्रम से श्रीराम जी महाराज एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता पंकज सिंह परिहार आदि उपस्थित रहे।

देवी अहिल्या के नाम से जाना जाएगा अब बस स्टैंड से आनंद डेरी जाने वाला रोड

सीहोर, ईएमएस।

अब बस स्टैंड से आनंद डेरी जाने वाला रोड का नाम भी बदल दिया है, जिसे अब इंदौर की लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के नाम से जाना जाएगा। नगर पालिका ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के द्वारा धनगर समाज के प्रदेशाध्यक्ष केशर सिंह बगोरिया, जिलाध्यक्ष राजकुमार धनगर, प्रदेश महासचिव आरके धनगर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री मधुसुदन धनगर आदि की मांग पर शीघ्रता से अमल करते हुए बस स्टैंड से डेरी तक जाने वाले इस मार्ग का नाम लोकमाता के नाम होगा। साथ ही रोड़ के नए नाम के शिलापट का अनावरण भी कर दिया गया है।

प्रदेशाध्यक्ष श्री बगोरिया ने बताया कि हमारे नपाध्यक्ष श्री राठौर से मांग की थी कि लोकमाता के नाम से मार्ग का नामाकरण किया जाए। हम सभी मांगों को नपाध्यक्ष ने पूर्ण किया है हम परिषद का आभार व्यक्त करते है। लोकमाता प्रदेश का गौरव थी। देवी अहिल्या बाई होलकर का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व भारत की अमोल निधि है। उन्हें समाज ने पुण्य-श्लोका, लोकमाता, मातोश्री, न्यायप्रिया, प्रजावत्सला, राजमाता आदि से संबोधित किया। यह संबोधन समाज का उनके प्रति सम्मान, श्रृद्धा और आदर्श भाव को प्रकट करते है। उनकी कार्य शैली, व्यवहार, कर्म-कर्तव्य का पालन, विपरीत और विषम परिस्थिति में भी स्थिर रहना, उचित समय पर उचित निर्णय, दूरदृष्टि, संकल्प की दृढ़ता, प्रशासनिक कौशल अद्भुत था। उनके कालजयी विचार और व्यवहार हर युग में %बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' का संदेश देते हैं। व्यक्ति निर्माण, समाज निर्माण, नारी सशक्तिकरण, प्रकृति-पर्यावरण संवर्धन और भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का जो कार्य अहिल्याबाई होलकर ने किया यह उनके विराट व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करता है। उन्होंने परिपूर्ण सुशासन व्यवस्था, स्वावलंबी आत्मनिर्भर समरस समाज, सुरक्षित समृद्ध राज्य का एक आदर्श प्रस्तुत किया। शासन का ऐसा अद्भुत संयोग बिरला ही होता है। जिस तरह पूज्य शंकराचार्य जी ने चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना कर सनातन संस्कृति को पुनर्स्थापित किया। ठीक उसी तरह देवी अहिल्याबाई होलकर ने पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक हमारे विखंडित मान बिंदुओं को स्थापित किया और देशभर में सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की तथा भारत को एक सूत्र में पिरोया।

जैन मिलन ने की वाटर कूलर की स्थापना

गुना, ईएमएस।

जैन मिलन परिवार गुना द्वारा शीतल जल(वाटर कूलर) प्याऊ शहर के शास्त्री पार्क, सब्जी मंडी शिवमन्दिर प्रांगण में स्थापित की गई, जिसका विधिवत उद्घाटन पण्डित जी के द्वारा मंत्रोच्चार के माध्यम से गुना जिला भाजपा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार जी, एवं नगर पालिका अध्यक्ष मती सविता अरविंद गुप्ता जी, योगेन्द्र लुम्बा (म प्र भाजपा कार्यसमिति सदस्य) तथा भारतीय जैन मिलन के विशिष्ट राष्ट्रीय संरक्षक अतिवीर विजय जैन ने फीता खोलकर किया। भारतीय जैन मिलन फाउंडेशन के सौजन्य से इस वाटर कूलर की स्थापना की गई है, इस कार्य के विशेष सहयोगी वीर संतोष जैन भारील्य ग्रुप, एवं शिव मंदिर कमेटी के

बंटी पवैया जी रहे। इस अवसर पर भारतीय जैन मिलन के विशिष्ट संरक्षक विजय कुमार जैन ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि भारतीय जैन मिलन फाउंडेशन द्वारा पूरे देश में जैन मिलन शाखाओं के माध्यम से इस तरह के अनेक सेवा कार्य किये जा रहे हैं, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिकरवार जिला अध्यक्ष भाजपा, नगरपालिका अध्यक्ष माननीय मती सविता अरविन्द गुप्ता एवं प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य योगेन्द्र लुंबा जी, ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैन मिलन द्वारा विगत अनेक वर्षों से शहर में लगातार सेवा कार्य किए जाते रहे हैं, हम सभी जैन मिलन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की प्रशंसा करते हैं, एवं हम जनप्रतिनिधि आपके कार्यो हेतू हमेशा सहयोग के लिए तैयार हैं।

खून से लथपथ मिली युवती कहा- शौकत ने किया रेप

देवास। देवास में एक युवती के साथ दुष्कर्म और जानलेवा हमले की वारदात सामने आई है। पुलिस ने शौकत मंसूरी के खिलाफ मामला दर्ज किया है और उसकी तलाश में कई टीमें लगा दी हैं। पीड़िता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। घटना भौरांसा थाना क्षेत्र में रविवार रात की है। वह रविवार रात को शौच के लिए गई थी, इसी दौरान एक आरोपी ने उसे पकड़कर वारदात को अंजाम दिया। आरोपी युवती को सुनसान जगह ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में गंभीर हालत में छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता को खून से लथपथ हालत में पाया गया, उसने खुद के साथ रेप की वारदात होना बताया और शौकत मंसूरी का नाम लिया। इसके बाद युवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत में उसे इंदौर रेफर कर दिया गया।

चार दिवसीय 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में उमड़ा आस्था का सैलाब

आज किया जाएगा दीप प्रज्जवलित कर महायज्ञ

सीहोर, ईएमएस।

108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के देवपूजन के साक्षी बने लगभग 400 जोड़ों को यज्ञ के दार्शनिक और वैज्ञानिक पक्ष की व्याख्या करते हुए हुए व्यास पीठ पर विराजमान ब्रह्मवादिनी बहनों की टोली नायक सुश्री दीना त्रिवेदी ने कहा कि हमारे शास्त्रों में भारतीय संस्कृति के जनक यज्ञ पिता और गायत्री माता कहे गए हैं। सोमवार को सुबह पांच बजे से ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग, सात बजे यज्ञ का ज्ञान-विधान, दोपहर दो बजे नवदंपति शिविर, दोपहर तीन बजे युवा जागरण एवं जैविक कृषि गोपालन पर विशेष उद्बोधन और शाम को छह बजे नारियों जागों स्वयं को पहचानों विशेष उद्बोधन किया गया। वहीं मंगलवार को मुख्य अतिथि शांतिकुंज-हरिद्वार से आदरणीय शैफाली पंडया दीदी के द्वारा अपने उद्बोधन में राष्ट्र समर्थ और सशक्त कैसे बने सस आंदोलन के विषय पर चर्चा की जाएगी और शाम को 24 जार से अधिक दीप प्रज्जवलित कर महायज्ञ किया जाएगा।

सोमवार को सुश्री दीना त्रिवेदी ने कहा कि अर्थात गायत्री से सदवुद्धि प्राप्त होने पर ही मानव सत्कर्म करने के लिए प्रेरित होता है.यही यज्ञ का दर्शन हैं।

106 साल पुराना राष्ट्रीय संगठन है जिसका मुख्यालय दिल्ली में है

ताम्रकार कसेरा समाज क़े राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन

सीहोर, ईएमएस।

कसेरा ताम्रकार ठठेरा समाज की प्रतिनधित्व सामाजिक राष्ट्रीय संघठन अखिल भारतीय हैहयवंशीय क्षत्रिय केंद्रीय संचालन समीति देहली की साधारण सभा की दिल्ली मे आयोजित बैठक मे सीहोर क़े अधिवक्ता रामनारायण ताम्रकार हैहयवंशी चुनाव प्रक्रिया मे पुन-राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

अखिल भारतीय हैहय वंशीय क्षत्रिय केंद्रीय संचालन समिति ताम्रकार, कसेरा, ठठेरा, कंसारा टमटा, कसारा आदि नाम से जाने वाली जातियों का 106 साल पुराना राष्ट्रीय संघठन है जिसका मुख्यालय दिल्ली है. हर 3 साल में केंद्रीय संचालन समिति के चुनाव होते हैं वर्तमान में सीहोर के रामनारायण ताम्रकार ही राष्ट्रीय अध्यक्ष थे. 27 अप्रैल को दिल्ली में एक दिवसीय महासभा का आयोजन

किया गया था जिसमें मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश बिहार दिल्ली के अलावा अन्य राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए चुनाव प्रक्रिया एक महा पहले से प्रारंभ की गई थी 20 अप्रैल तक नॉमिनेशन जमा होने थे 27 अप्रैल को मतदान निश्चित था राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए दो नामांकन प्रस्तुत हुए थे दोनों प्रत्याशियों ने अपनी कार्य योजना प्रस्तुत प्रतिनिधियों से बातचीत के बाद साधरण सभा ने हर्ष ध्वनि से सीहोर के राम नारायण ताम्रकार हैहयवंशी को 3 साल के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया. साधारण सभा की अध्यक्षता संरक्षक आरबी प्रसाद ने की. सभी पदाधिकारी ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनारायण ताम्रकार का पुष्प मालाओ से स्वागत किया निर्वाचित अध्यक्ष रामनारायण ताम्रकार ने अपनी कार्य योजना प्रस्तुत की. आरंभ में भगवान श्री राजराजेश्वर की पूजन अर्चना के साथ आरती की गई इसके अलावा कश्मीर में हुए नरसंहार की निंदा करते हुए मृतकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए 1 साल की अवधि में जो हैहयवंशी बन्धुओ का निधन हुआ उनको भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई. बैठक में मध्य प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश के पूर्व निगम उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा नंदा वर्मा जबलपुर श्यामलाल कसेरा इंदौर ब्रजेन्द हैह्यवंशी कानपुर. केशवनाथ इलाहबाद. अशोक कसेरा बनारस संरक्षक आरबी प्रसाद, नवनियुक्त संयोजक विजय वर्मा हैह्यवंशी, निर्वाचन अधिकारी क़ेके वर्मा अतुल वर्मा मनोज जसाठी जबलपुर,अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखें. माखन नगर बाबई से आई श्रीमती कीर्ति वर्मा राष्ट्रीय कवि ने भगवान श्री राजराजेश्वर एवं समाज की शाहिद मनवाती देवी पर अपना रचना पाठ किया. 8 मार्च महिला दिवस पर घोषित राष्ट्रीय महिला संगठन की पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र सोपे गए इस अवसर पर समाज की अनेक लोगों को सम्मानित भी किया गया. ताम्रकार 29 अप्रैल क़ो सुबह सीहोर पहुचेगे.

जन्म-मृत्यु की सूचना अब देना होगी 7 दिवस में

सिरोंज, ईएमएस।

जनहित में वार्ड नंबर 5 के पार्षद अजमल शेर खान ने एसडीएम हर्षल चौधरी के नाम तहसीलदार संजय चौरसिया को दिया जिसमें कहा गया है कि नगरपालिका कार्यलय में जन्म मृत्यु शाखा से मिली जानकारी के अनुसार जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अब हितग्राहियों को नगरपालिका पालिका में 7 दिवस के अंदर प्रमाण पत्र के लिए आवेदन पत्र देना होगा नहीं तो जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र तहसील लोकसेवा केन्द्र से बनेगें पार्षद अजमल शेर खान ने आवेदन पत्र में आगे लेख किया है कि नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को तो अभी तक ये मालूम है कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए हितग्राहियों को 21 दिवस के अंदर आवेदन पत्र नगरपालिका में जमा करना होता है लेकिन शासन ने नये नियम कब से लागू कर दिया है कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 7 दिवस के भीतर सूचना हितग्राहियों को नगरपालिका को देने की जानकारी किसी को भी नहीं है। आवेदन में लिखा गया है, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने वाले हितग्राहियों को परेशानी ना हो इस लिए नगर में इस की सूचना नगर में ऐलान कराकर दी जाए एवं नगर के जनप्रतिनिधियों नगरपालिका के वार्ड प्रभारियों एवं आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सूचना दी जाए जिससे सभी को आने वाली असुविधा से बचा जा सके जो जनहित में जरूरी है।

बेटे अंगद पर कमेंट करने वाले लोगों पर भड़की बुमराह की पत्नी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की पत्नी संजना गणेशन ने उनके बेटे अंगद को निशाना बनाने वालों को आड़े हाथों लिया है। इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच हुए मैच के दौरान उनके बेटे अंगद का लोगों ने अजीब से मीम्स बनाकर और कमेंट कर मजाक उड़ाया था।

मयंक की वापसी अच्छी रही : जहीर

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व तेज गेंदबाज और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मेंटॉर जहीर खान ने कहा है कि चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे तेज गेंदबाज मयंक यादव समय के साथ लय हासिल कर लेंगे। जहीर के अनुसार जैसे-जैसे वह मैच खेलेंगे वह पहले वाली रफ्तार भी हासिल कर लेंगे।

आईपीएल में आज होगा केकेआर और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला

शाम साढ़े सात बजे से होगा मैच

नई दिल्ली (ईएमएस)।

आईपीएल में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला अपने घरेलू मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से होगा। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम जीत के साथ ही प्लेऑफ के लिए अपना स्थान पक्का करना चाहेगी। दिल्ली के अभी 12 अंक है ओर वह अंकतालिका में चौथे नंबर पर है, वहीं केकेआर की टीम 7 अंक के साथ ही सातवें नंबर पर है। इस प्रकार देखा जाये तो इस मैच में दिल्ली जीत की प्रबल दावेदार है। दिल्ली की टीम इस मैच में एक बार फिर जीत हासिल कर पिछले चार मैच में से दो में मिली हार से उबरना चाहेगी। दिल्ली की टीम की बल्लेबाजी अच्छी है। उसके पास केएल राहुल जैसा अनुभवी बल्लेबाज है। शीर्ष क्रम में अभिषेक पोरेल भी बल्लेबाजी कर रहे हैं। राहुल इस सत्र में दिल्ली के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं हालांकि पिछले मैच में वह स्पिनरों के खिलाफ विफल रहेहे। ऐसे में उन्हें इस मैच में केकेआर के सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती की अनुभवी स्पिन जोड़ी से सतर्क रहना होगा।

दिल्ली को करुण नायर से भी अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजी की कमान कप्तान अक्षर पटेल और तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क संभालेंगे। बीच के ओवरों में कुलदीप यादव पर बल्लेबाजों पर अंकुख लगाने की जिम्मेदारी रहेगी। दिल्ली को अपने क्षेत्ररक्षण में भी सुधार करना होगा। आरसीबी के खिलाफ उसने कई अवसर छोड़े थे।

वहीं दूसरी ओर केकेआर के अभी सिर्फ सात अंक हैं और टीम तालिका में सातवें स्थान पर चल रही है। टीम अपने पिछले तीन मैच में जीत दर्ज करने में विफल रही है, जिसमें दो में उन्हें हार मिली और एक मैच का परिणाम नहीं निकला। केकेआर को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए यह मैच हर हाल में जीतना होगा। आजिंक्य रहाणे की कप्तानी में उतरी केकेआर की राह आसान नहीं रही है। उसकी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ,सुनील नरेन और रहमानुल्लाह गुरबाज व अंगकृष रघुवंशी पर आधारित रही है। मध्यक्रम में वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह अब तक विफल रहे हैं। टीम की गेंदबाजी वरुण के अलावा नरेन व वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा संभालेंगे।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

दिल्ली कैपिटल्सः अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिज्वी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जाधव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

केकेआर : अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, [illegible]टन डिकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पावेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसोदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोईन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नोर्किया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया।

सुपरजायंट्स को प्लेऑफ में पहुंचने अब जीतने होंगे चार में से तीन मैच

मुम्बई (ईएमएस)। मुम्बई इंडियंस के हाथों मिली हार के बाद अब लखनऊ सुपरजायंट्स टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। सुपरजायंट्स इस बार के बाद छठे नंबर पर खिसक गयी है। इस सत्र में अब तक उसे पांच हार मिली है। इसके अलावा उसका रनरेट भी -0.325 होने के कारण काफी नीचे चला गया है। ऐसे में अब उसे प्लेऑफ में पहुंचने बचे हुए चार में से कम से कम तीन मुकाबले जीतने होंगे।

सुपरजायंट्स ने अपने शुरुआती 8 मैचों में से 5 में जीत हासिल की थी और ऐसे में 10 अंक के साथ ही वह शीर्ष 4 में थी और उसके प्लेऑफ की राज आसान नजर आ रही थी जो अब कठिन हो गयी है। उसके पिछले दो मैचों में लगातार हार का सामना करना पड़ा है। आईपीएल 2025 में अब तक 46 मैच खेले गये हैं। इन मैचों के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) टीम 14 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है और उसका प्लेऑफ में पहुंचना तय है। वहीं गुजरात टाइटंस, मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स 12-12 अंक लेकर दूसरे , तीसरे और चौथे नंबर पर हैं। पंजाब किंग्स भी 11 अंक लेकर प्लेऑफ की रेस में सुपरजायंट्स से आगे निकल गयी है। ऐसे में सुपरजायंट्स को प्लेऑफ में बने रहने बचे हुए चार में से कम से कम 3 मैच जीतने होंगे।

आईपीएल के इस सत्र में सबसे अधिक रन व अर्धशतक बनाने वाले पांच बल्लेबाज

मुम्बई (ईएमएस)।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) आईपीएल में करीब पचास के लगभग मैच हो गये हैं। इस दौरान सबसे अधिक रन और अर्धशतक लगाने वाले पांच बल्लेबाजों में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विराट कोहली पहले नंबर पर हैं जबकि दूसरे नंबर पर गुजरात टाइटंस के बी साई सुदर्शन और तीसरे नंबर पर लखनऊ सुपर जॉयंट्स के मिचेल मार्श हैं। चौथे नंबर पर राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल व पांचवे पर लखनऊ सुपर जॉयंट्स के निकोलस पूरन हैं।

विराट कोहली : आईपीएल 2025 में अब तक सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में आरसीबी के विराट शीर्ष पर हैं। उन्होंने अब तक दिल्ली छह अर्धशतक लगाये हैं। कोहली अब तक 10 मैच में 443 रन बना चुके हैं और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में भी शीर्ष पर होने के साथ ही ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे।

बी साई सुदर्शन : आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा पाचास रन बनाने वाले बल्लेबाजों में गुजरात टाइटंस के बी साई सुदर्शन दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने अब तक 8 मैच में 5 अर्धशतक सहित 417 रन बनाए हैं।

मिचेल मार्श : लखनऊ सुपर जॉयंट्स के मिचेल मार्श तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने अब तक 4 अर्धशतक लगाये हैं। मार्श ने 9 मैच खेले हैं और अब तक 378 रन बनाए हैं।

यशस्वी जायसवाल : इस सत्र में सबसे ज्यादा अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल चौथे नंबर पर हैं। उनके भी 9 मैच में 4 अर्धशतक हैं। उन्होंने अब तक 356 रन बनाए हैं।

निकोलस पूरन : आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा अर्धशतक के मामले में लखनऊ सुपर जॉयंट्स के निकोलस पूरन पांचवें नंबर पर हैं। उन्होंने अब तक 10 मैच में 4 अर्धशतक के साथ 404 रन बनाए हैं।

प्रभसिमरन भरोसे पर खरे उतरे : सुनील

नई दिल्ली (ईएमएस)। पंजाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी ने सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की जमकर प्रशंसा की है। कोच ने कहा कि प्रबंधन ने प्रभुसिमरन पर जो भरोसा दिखाया था। उसपर वह खरे उतरे हैं। इस क्रिकेटर ने अपनी क्षमताएं जाहिर की हैं। प्रभसिमरन ने केकेआर खिलाफ 49 गेंद पर 83 बनाये थे। जोशी ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह सब आत्मविश्वास से जुड़ा होता है।

वेंकटेश को शीर्ष क्रम में भेजे केकेआर : कुंबले

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा है कि आईपीएल के इस सत्र में वेंकटेश अय्यर अब तक बड़ी पारियां नहीं खेल पाये हैं। ऐसे में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजना चाहिये। अब तक के मैचों में इस बल्लेबाज को निचले क्रम पर भेजा गया है। ऐसे में उनके ऊपर अधिक दबाव आ जाता है। वेंकटेश ने आईपीएल 2024 में शीर्ष क्रम पर काफी रन बनाये थे ।

फटाफट खबरें

चीन की हुआवेई ने बनाया शक्तिशाली एआई प्रोसेसर

नई दिल्ली (ईएमएसए)। चीन की विश्वप्रसिद्ध कंपनी हुआवेई टेक्नोलॉजीज ने अपनी और सबसे शक्ति शाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रोसेसर का परीक्षण करने के लिए तैयारी में जुट गई है। इस नए एआई प्रोसेसर को एसेंड 910 डी नाम दिया गया है और इसकी तकनीकी व्यवहार्यता का परीक्षण मई के अंत तक हो सकता है। हुआवेई की तैयारी अमेरिकी चिप दिग्गज एन?विडिया से टक?कर लेने और उसके प्रोडक?ट्स में बदलाव करने की है। चीन इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए जल?द ही कदम बढ़ाने का निर्णय लिया है। अमेरिकी अधिकारियों ने साल 2022 में एन?विडिया के एच 100 चिप की बि ी पर प्रतिबंध लगाया था, लेकिन हुआवेई ने उसके विकास को नकारा और अपनी तकनीकी दक्षता दिखाकर अमेरिकी चुनौतियों का मुकाबला किया है।

एप्पल ऐप स्टोर ने बिलिंग व बिक्री से कमाया मुनाफा

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में एप्पल ऐप स्टोर परिवेश ने 2024 में डेवलपर बिलिंग और बि ी से 44,447 करोड़ रुपये (5.31 अरब अमेरिकी डॉलर) अर्जित किए। कंपनी ने सोमवार को जारी एक नए अध्ययन में यह बात कही। भारतीय प्रबंधन संस्थान (अहमदाबाद) के एक प्रोफेसर द्वारा किए गए अध्ययन में सामने आया कि 4 प्रतिशत से अधिक राजस्व केवल डेवलपर और व्यवसायों से हासिल हुआ। इसमें एप्पल को कोई कमीशन नहीं दिया गया। अध्ययन के अनुसार पिछले पांच वर्षों में भारत स्थित डेवलपर की वैश्विक आय तीन गुना बढ़ी है, जो ऐप स्टोर द्वारा प्रदान किए जाने वाले जबरदस्त व्यावसायिक अवसर व वैश्विक पहुंच को उजागर करती है। ऐप्पल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ऐप स्टोर भारत और दुनिया भर के डेवलपर के लिए एक आर्थिक चमत्कार रहा है।

सेंसेक्स 1005 , निफ्टी 289 अंक ऊपर आया

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुंबई (ईएमएस)।

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से बाजार ऊपर आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,005 अंक करीब 1.27 फीसदी ऊपर आकर 80,218 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 289 अंक तकरीबन 1.20 फीसदी उछलकर 24,328 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में हर क्षेत्र में खरीदारी हावी रही। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी खरीदारी का माहौल रहा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 870 अंक करीब 1.62 फीसदी बढ़कर 54,440 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 129 अंक बढ़कर 0.78 फीसदी की बढ़त के साथ 16,676 पर बंद हुआ। आईटी क्षेत्र को छोड़कर करीब सभी इंडेक्स में खरीदारी हावी रही। वाहन, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, रियल्टी, उर्जा और इन्फ्रा शेयर सबसे ज्यादा ऊपर आये। सन फार्मा, टाटा स्टील, एसबीआई, एक्सिस बैंक, एमएंडएम, एलएंडटी, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, अदाणी पोर्ट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर लाभ में रहे। वहीं एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचयूएल, इटरनल (जोमैटो), नेस्ले और टीसीएसके शेयर गिरे।

सभी शेयरों में से ज्यादा शेयर लाल निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में बीएसई पर 1,958 शेयर लाभ के साथ ही उछले जबकि 2,038 शेयर गिरे। जबकि 183 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी में रिकवरी देखने को मिली है और से शीर्ष स्तर के करीब बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी 50 तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स 100 से ज्यादा अंक च?कर 79,343.63 पर खुला। खुलते ही इसमें तेजी देखी गई। सुबह शुरुआत में सेंसेक्स 327.74 अंक च?कर 79,540.27 पर था। इसी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी मजबूती के साथ 24,152.20 अंक पर खुला। सुबह यह 77.70 अंक की ब?त लेकर 24,117.05 पर कारोबार कर रहा था। शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे। वहीं एशियाई बाजारों में तेजी देखी गई। एमएससीआई एशिया पैसिफिक इंडेक्स (जापान को छोड़कर) 0.1 फीसदी बढ़ा। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.82 फीसदी और टॉपिक्स 1.11 फीसदी चढ़ा। साउथ कोरिया का कोस्पी 0.32 फीसदी बढ़ा। निवेशक चीन से संभावित आर्थिक प्रोत्साहन उपायों और अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता के घटनाक्रम पर नजर रखे हुए हैं।

अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिका-चीन व्यापार विवाद में नरमी के संकेतों से निवेशकों में भरोसा बढ़ा। डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 20.10 अंक की बढ़त के साथ 40,113.50 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 40.44 अंक चढ़कर 5,525.21 पर रहा। नैस्डैक कंपोजिट 216.90 अंक उछलकर 17,382.94 पर बंद हुआ।

भारत में एप डेवलपर्स की आय पांच साल में तीन गुना हुई, स्टडी में हुआ खुलासा

मुंबई (ईएमएस)।



भारत में एप स्टोर इकोसिस्टम ने 2024 में डेवलपर बिलिंग और बिक्री में 44,447 करोड़ रुपए (5.31 बिलियन डॉलर) की सुविधा प्रदान की। इसकी जानकारी सोमवार को एक नई स्टडी से सामने आई है। स्टडी में सामने आया कि एप्पल को बिना कोई कमीशन दिए 94 प्रतिशत से अधिक का व्यापारिक लाभ केवल डेवलपर्स और विभिन्न आकार के कारोबार को मिला। कंपनी ने कहा, बीते पांच वर्षों में, भारत स्थित डेवलपर्स की वैश्विक आय तीन गुना हुई है, जो एप स्टोर द्वारा पेश किए जाने वाले जबरदस्त कारोबारी मौकों और वैश्विक पहुंच को दिखाता है। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने कहा, एप स्टोर भारत और दुनिया भर के डेवलपर्स के लिए एक आर्थिक चमत्कार रहा है और हम उनके काम को सपोर्ट करने के लिए बेहद खुश हैं। यह स्टडी भारत की अविश्वसनीय वाइब्रेंट एप इकोनॉमी की शक्ति को दिखाती है। हम सभी डेवलपर्स की सफलता में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं क्योंकि वे इसतरह के एप बनाते हैं जो महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं और लोगों के जीवन को समृद्ध बनाते हैं। स्टडी भारत में एप स्टोर इकोसिस्टम को आकार देने वाले प्रमुख कारकों पर एक नजर डालती है। इसमें फूड डिलिवरी, ट्रैवल, गेमिंग और एंटरटेनमेंट जैसे सेक्टर में बढ़ते एप इस्तेमाल की बात की गई है। 2024 में ऐप स्टोर डेवलपर्स ने भौतिक वस्तुओं और सेवाओं की बिक्री से कुल बिलिंग और बिक्री में 38,906 करोड़ रुपए (4.65 बिलियन डॉलर), इन-एप विज्ञापन से 3,014 करोड़ रुपए (352.9 मिलियन डॉलर) और डिजिटल वस्तुओं और सेवाओं से 2,527 करोड़ रुपए (302 मिलियन डॉलर) कमाए। वर्ष 2024 में भारत के सक्रिय डेवलपर्स अलग-अलग रेंज की एप कैटेगरी जैसे गेम्स, हेल्थ, फिटनेस, लाइफस्टाइल और यूटिलिटी को लेकर सफल रहे। वर्ष 2024 में इंडिया-बेस्ड डेवलपर्स की एप स्टोर आय का 80 प्रतिशत देश के बाहर के यूजर्स के जरिए आया और 87 प्रतिशत डेवलपर्स मल्टीपल स्टोरफ्रंट पर सक्रिय थे। एप्पल ने कहा, इसतरह के एप जो कि इंडिया-बेस्ड डेवलपर्स ने तैयार किए थे, भारत के बाहर स्टोरफ्रंट में सबसे ज्यादा डाउनलोड होने वाली एप की कैटेगरी में दिखाई दिए हैं। इंडिया-बेस्ड डेवलपर्स के एप भारत के बाहर 70 स्टोरफ्रंट में टॉप 100 सबसे अधिक डाउनलोड किए गए एप में शामिल थे। बीते पांच वर्षों में भारतीय यूजर्स द्वारा एप डाउनलोड में तीन गुना से ज्यादा वृद्धि हुई है और डेवलपर्स की आय भी पांच गुना से अधिक हो गई है। विशेष रूप से छोटे डेवलपर्स को एप्पल के इकोसिस्टम का सपोर्ट मिला है। छोटे डेवलपर्स की कुल ऐप स्टोर आय 2021 और 2024 के बीच 74 प्रतिशत बढ़ी है।

अटारी-वाघा बॉर्डर बंद होने से व्यापार प्रभावित, ड्राई फ्रूट्स महंगे

अफगानिस्तान से आने वाली सप्लाई की रोक लगने से आपूर्ति में गिरावट

मुंबई (ईएमएस)।

भारत-पाकिस्तान सीमा पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने अमृतसर के अटारी-वाघा बॉडर को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। ?जिससे भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाले ड्राई फ्रूट्स से संबंधित व्यापार प्रभा?वित हो रहा है। ड्राई फ्रूट्स का कारोबार खासकर प्रभावित हो रहा है, जहां अफगानिस्तान से आने वाली सप्लाई की रोक लगने के कारण उनकी आपूर्ति में अधिकतम गिरावट हो रही है। इस परिणामस्वरूप बाजार में ड्राई फ्रूट्स के दाम 10 से 15 फीसदी तक बढ़ गए हैं। यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में यह कीमतें और भी बढ़ सकती हैं। अफगानिस्तान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, और दक्षिण अफ्रीका से आने वाली ड्राई फ्रूट्स की आपूर्ति की मुख्य मंडियों में हलचल मच गई है, जिसका सीधा कारण अटारी-वाघा बॉर्डर की बंदिश है।

इसके परिणामस्वरूप ज्यादातर प्रमुख ड्राई फ्रूट्स जैसे अंजीर, हींग, पिस्ता, किशमिश, जीरा, और मुनक्का इस समस्या का शिकार हो रहे हैं। अंजीर के दाम 200 रुपए प्रति किलो, पिस्ता के दाम 400-500 रुपए प्रति किलो, और किशमिश और मुनक्का के दाम 100 रुपए प्रति किलो तक बढ़ चुके हैं। आने वाले समय में इनकी कीमतें और बढ़ने की संभावना है।

आल इंडिया एलआईसी ओबीसी एम्पलाईज वेलफेयर एसोसिएशन मंडल भोपाल की वार्षिक आम-सभा सम्पन्न

भोपाल (ईएमएस)।

आल इंडिया एलआईसी ओबीसी एम्पलाईज वेलफेयर एसोसिएशन मंडल यूनिट भोपाल की प्रथम वार्षिक आम सभा दिनांक 27 04 2025 को होटल सिग्नेटिक ब्ल्यू भोपाल में गरिमापूर्ण माहौल में सम्पन्न हुईद्य विशिष्ट अतिथि योगेंद्र चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रादेशिक प्रबंधक संजीव कुमार कार्यक्रम में उपस्थित हुएद्य भोपाल मंडल यूनिट अध्यक्ष ओमप्रकाश गावंडे ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हमारी एसोसिएशन के शेशवकाल से आज तक के समय में हमने सभी वर्ग के अधिकार दिलाने और उत्थान के लिए कार्य किए है,जिसके परिणाम परिलक्षित हो रहे है । अब हमें ओबीसी संगठन को पूरे देश में नंबर वन बनाना हैद्य हमारा संगठन ही एकमात्र ऐसा संगठन है जिसे एल आई सी में सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है । भोपाल मंडल के सचिव एस एस सोनी ने मंडलीय सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत कियाद्य पी एस चौहान महासचिव मध्य क्षेत्र के प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा रूप नारायण बॉथम ने कीद्य सतना मंडल अध्यक्ष गंगा पटेल ने अपने उद्बोधधन में कहा कि ओबीसी के के प्रत्येक साथी को एकजुट होना अतिआवश्यक है । तब ही हम शोषण से मुक्तिपा सकते हैंद्य पी एस चौहान महासचिव मध्य क्षेत्र ने बताया कि हमे अपने अधिकारों के लिए हर कदम पर संघर्ष करना पड़ता है द्य संगठन के छत्र तले हम अपनी बात रख सकते है । आरक्षण हमारा संवैधानिक अधिकार है । संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि 27% आरक्षण ओबीसी को 1931 की जनगणना के आधार पर दिया जा रहा हैद्य अब तक के नियमों और सुधारों का पूर्ण विवरण दियाद्य संजीव कुमार प्रादेशिक प्रबंधक सी सी ने संगठन की समस्याओं के उचित और स्पष्ट समाधान का आश्वासन दियाद्य उन्होंने प्रत्येक ओबीसी सदस्य को संगठन से जुड़ने पर जोर दियाद्य कार्यक्रम में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न मंडलों से एवं भोपाल मंडल के ओबीसी साथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विजय सेन ने अपने धन्यवाद प्रस्ताव में आम सभा में शामिल सभी साथियों का आभार व्यक्त किया।

रुपया 12 पैसे की बढ़त के साथ 85.29 प्रति डॉलर पर

मुंबई (ईएमएस)। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि और पूंजी प्रवाह जैसे मजबूत घरेलू बुनियादी कारकों के समर्थन से रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 12 पैसे की बढ़त के साथ 85.29 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार वृद्धि रुपये को स्थिरता प्रदान करती है। हालांकि, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से रुपये पर दबाव पड़ सकता है क्योंकि इस तरह की भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं निवेशकों को सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर ले जाती हैं, जिससे उभरते बाजारों से निकासी होती है और रुपये जैसी स्थानीय मुद्राएं कमजोर होती हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.29 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की बढ़त दर्शाता है। शुरुआती सौदों के बाद यह डॉलर के मुकाबले 85.42 के निचले स्तर पर आ गया। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.41 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.63 पर रहा।

इंदौर बाजार भाव

इन्दौर (ईएमएस) ।सुस्त उठाव के बीच सोमवार को खाद्य तेलों मं बाज़ार बने रहे। तिलहनों में सोयाबीन कमजोर रहा। दलहनों में चने में पूछपरख ठंडी-ठंडी रही। मसूर में बाजार मजबूती के रहे। किराना जिंसों में शक्कर बाजार सुस्त हुये। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में सुस्त उठाव के चलते भावों में नरमी का रूख बना रहा। सोया व कपास्या तेलों में बाजार सुस्ती पर ही रहे। तिलहनों में सोयाबीन 4300-4350 रू. प्रति क्विंटल पर कमजोर ही रहा। दलहनों में चना लेवाली अभाव में घटाकर बोला गया। मसूर में मजबूती रही। किराना जिंसों में शक्कर माल के भरावे से सुस्त नज़र आयी। भाव इस प्रकार रहे ।

जिन्होंने निर्दोषों का खून बहाया,उन्हें पानी नहीं मिलेगा : शिवराज

भोपाल,ईएमएस। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने सिंधु जल समझौता निलंबित कर दिया है। अब पाकिस्तान को सिंधु नदी का पानी नहीं मिल पाएगा। केन्द्र सरकार के इस फैसले पर भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने सवाल उठाए। तो केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जवाब दिया।

राजनीतिक प्रशासनिक

भोपाल में 80 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा युवक

भोपाल,ईएमएस। भोपाल के भारत टॉकीज चौराहे के पास सोमवार को हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। नशे की हालत में एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। टावर की ऊंचाई लगभग 80 फीट है। जब लोगों की नजर उस पर पड़ी तो वे हैरान रह गए। करीब एक घंटे तक वह टावर पर चढ़ा रहा और वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

मोहन यादव सरकार का फार्मूला तैयार

4 लाख कर्मचारियों को मिलेगा प्रमोशन

▸ इस साल मिलेगा एक प्रमोशन का लाभ

भोपाल,ईएमएस।

मप्र में कर्मचारी-अधिकारियों की पदोन्नति का रास्ता जल्द ही खुलने जा रहा है। प्रदेश सरकार ने कर्मचारी-अधिकारियों की पदोन्नति को लेकर ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। इसका मसौदा तैयार करके जल्द ही इसे विधि विभाग की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद इसे कैबिनेट में रखा जाएगा। बताया जा रहा है कि प्रदेश के 4 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ तो मिलेगा, लेकिन वेतन बढ़ोत्तरी का लाभ नहीं मिल सकेगा, क्योंकि यह पहले से ही उच्च पद का वेतन प्राप्त कर रहे हैं। हालांकि ऐसे कर्मचारी जिनकी सेवाएं 10 साल से ज्यादा हो चुकी हैं, उन्हें पदोन्नति के साथ वेतन बढ़ोत्तरी का भी लाभ मिलेगा। प्रदेश में ऐसे कर्मचारियों की संख्या 2 लाख से ज्यादा है।

बताया जा रहा है कि प्रमोशन का ड्राफ्ट तैयार करने को लेकर लगातार मंथन चल रहा है। मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में गठित कमेटी ड्राफ्ट को अंतिम रूप देगी। हालांकि अधिकारियों द्वारा 4 बार प्रमोशन से जुड़ा ड्राफ्ट भेजा जा चुका है, लेकिन कमेटी इसे वापस कर चुकी है। कमेटी ने एक बार फिर इसमें कई संशोधन के साथ प्रस्तुत करने के लिए कहा है। बताया जा रहा है कि इस साल कर्मचारियों को सिर्फ एक ही प्रमोशन का लाभ दिया जाएगा, क्योंकि साल में एक ही डीपीसी होती है और 2016 के बाद से भी कर्मचारी क्रमोन्नति और इंक्रीमेंट का लाभ ले चुके है। जल्द ही प्रमोशन के ड्राफ्ट को कमेटी मंजूरी देकर विधि विभाग को भेजगी। विधि विभाग की हरी झंडी के बाद इसे कैबिनेट में भेजा जाएगा।

अजाक्स-सपाक्स अपनी मांगों पर अड़े

उधर सरकारी कर्मचारियों के प्रमोशन को लेकर अजाक्स और सपाक्स अपनी अलग-अलग मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। अजाक्स और उससे जुड़े अधिकारी कर्मचारी जहां 2002 के पदोन्नति के नियमों के तहत पदोन्नति का लाभ दिए जाने की मांग कर रहे हैं। मंत्रालय अजाक्स शाखा के अध्यक्ष घनश्याम दास भकोरिया का कहना है कि हमने शासन के सामने अपना पक्ष रख दिया है। इसमें कहा गया है कि 2002 के नियमों को आधार बनाकर ही पदोन्नति का लाभ दिया जाना चाहिए, या फिर संवैधानिक नियमों के तहत सुप्रीम कोर्ट सीनियर एडवोकेट गोरकेला द्वारा बनाए गए नियमों को पदोन्नति का आधार बनाया जाए। उधर सपाक्स के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. केएस तोमर के मुताबिक एम नागराज मामले से जुड़े फैसले में 2002 के नियम को खारिज किया जा चुका है, इसलिए इस नियम के तहत पूर्व में दी गई पदोन्नति को सरकार रिवर्ट करे और क्रीमीलेयर व्यवस्था को लागू किया जाए।

राजधानी भोपाल के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान सीएम ने दिया निर्देश

भोपाल में सड़क परिवहन का बनेगा समन्वित प्लान

भोपाल,ईएमएस। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल में सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने और ट्रांसपोर्ट सिस्टम को दुरुस्त रखने के लिए जिम्मेदार अफसर एक समन्वित प्लान तैयार कराएं और उस पर अमल किया जाए। इसके साथ ही राजधानी में चोरी और आपराधिक घटनाओं के मद्देनजर सतर्कता जरूरी है। इसलिए जो भी कॉलोनी स्वीकृत की गए, उसमें सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य किया जाए। सीएम डॉ. यादव ने सोमवार को ये बातें राजधानी भोपाल के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान कहीं। उन्होंने प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप, मंत्री कृष्णा गौर, विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा की मौजूदगी में मंत्रालय में भोपाल जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भोपाल से बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने के लिए विधायक रामेश्वर शर्मा और अन्य जन प्रतिनिधियों ने आभार माना। उन्होंने कहा कि इससे भोपाल में सडक़ दुर्घटनाओं में कमी आई है। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सडक़ों पर वाहनों की गति नियंत्रित रखने के साथ वाहनों की संख्या चक्काजाम जैसे हालात न बनने देने के हिसाब से होनी चाहिए।

जो भी कॉलोनी मंजूर हो, उसमें सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य करें

कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में पीसीसी चीफ पटवारी बोले

गरीबों की जमीन छीन रहे ज्योतिरादित्य

भोपाल,ईएमएस।

ग्वालियर में सोमवार को कांग्रेस पार्टी प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन कर रही है। यह कार्यक्रम वीरांगना लक्ष्मीबाई समाधि के सामने मैदान पर हुआ। कार्यक्रम में करीब 4 से 5 हजार लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी बोले- ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विधायकों को दल बदलवाकर एक चुनी हुई सरकार को गिरा दिया। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा था कि वह सडक़ पर उतरेंगे, क्योंकि उनका अपमान हो रहा है। उन्होंने इसे संविधान पर आघात बताया और आपके दिए हुए वोट को चुनौती दी। अगर यह संविधान खतरे में नहीं था, तो फिर और क्या था? आज वही ज्योतिरादित्य सिंधिया देश में मंत्री बने हुए हैं। उन्हें संविधान ने ही वह पद दिया है। जिस प्रकार संविधान उन्हें मंत्री बनने का अधिकार देता है, उसी प्रकार यही संविधान आपको भी आपकी संपत्ति, आपका मकान, आपकी दुकान, आपकी जमीन और आपकी जायदाद पर अधिकार देता है। इसलिए, उस पर मालिकाना हक आपका है, और यह अधिकार भी आपको संविधान से ही प्राप्त हुआ है। पटवारी बोले कि संविधान ने यह अधिकार भी ज्योतिरादित्य सिंधिया को दिया कि राजमाता सिंधिया, जो उस समय विपक्ष की नेता थीं, उन्होंने जीवाजी कॉलेज (जूनियर सिटी) में अपनी जमीन दान की। उन्होंने माधव कन्या विद्यालय को भी अपनी जमीन दान में दी थी। लेकिन आज, उसी संविधान की ताकत के बल पर ज्योतिरादित्य सिंधिया मोतीमहल की जमीन को अपने अधिकार में लेना चाहते हैं। यह ताकत भी उन्हें संविधान ने ही दी है। यह भी संविधान की ही शक्ति है कि आप गरीबों की जमीन जो सरकार की थी उसे भी छीन रहे हैं।

अगर यह संविधान न होता, तो मैं मानता हूं कि हमें यह संघर्ष करने और सभा करने की अनुमति भी नहीं मिलती। कार्यक्रम में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व मंत्री और विधायक जयवर्धन सिंह, विधायक सतीश सिकरवार, विधायक साहब सिंह, विधायक सुरेश राजे, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव समेत अन्य पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। हालांकि, पूर्व सीएम कमलनाथ नहीं पहुंचे।

एनओटीटीओ की वार्षिक रिपोर्ट 2023 के अनुसार

ब्रेन डेड के बाद अंगदान में मप्र सातवें स्थान पर

भोपाल,ईएमएसं। मप्र में अंगदान और देहदान को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने ऐलान किया है कि प्रदेश में अंगदान और देहदान करने वालों के परिवारों को सरकार अब गार्ड ऑफ ऑनर देगी। साथ ही 26 जनवरी और 15 अगस्त को सम्मानित भी किया जाएगा। लेकिन इसके बावजूद मप्र में ब्रेन डेड के बाद अंगदान के मामले में मप्र छह राज्यों से पीछे है। नेशनल ऑर्गन एण्ड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (एनओटीटीओ) की वार्षिक रिपोर्ट 2023 के अनुसार ब्रेन डेड के बाद अंग दान के मामले में मप्र देश में सातवें स्थान पर रहा। सरकार और अस्पतालों की ओर से दूसरों को जीवन दान देने के लिए लोगों को मरने या ब्रेन डेड के बाद अंग दान (कैडेवर डोनेशन) के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कुछ लोग इसके लिए आगे भी आ रहे हैं। लेकिन यूरोपीय देशों के मुकाबले अभी भी भारत में बहुत ही कम लोग ही कैडेवर डोनेशन के लिए सहमत हो रहे हैं। इस मामले में भोपाल सहित मप्र बहुत ही पीछे है।

एनओटीटीओ की वार्षिक रिपोर्ट 2023 के अनुसार 2023 में देश भर में ब्रेन डेड मरीजों से 1099 कैडेवर डोनेशन मिले। इनमें से सबसे ज्यादा 252 तेलांगना में हुए। दूसरे नंबर पर तमिलनाडू और तीसरे स्थान पर कर्नाटक रहा। मप्र का स्थान महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली एनसीआर के बाद भी रहा। मप्र में सिर्फ आठ कैडेवर डोनेशन किए गए हैं। केन्द्र सरकार ने लोगों को उन्नत चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए हालही में आयुष्मान भारत योजना में अतिआधुनिक चिकित्सा तकनीकों को शामिल किया है।

27 प्रतिशत आरक्षण की लड़ाई लड़ेगा मीणा समाज

भोपाल में की बैठक, एक मई से होगी सदस्यता अभियान की शुरुआत

भोपाल, ईएमएस। भोपाल में मीणा समाज शक्ति संगठन ने रविवार को गांधी भवन में अपनी प्रदेश स्तरीय बैठक की। बैठक में निर्णय लिया कि पिछड़े वर्ग के छात्रों के सेंट्रल कास्ट सर्टिफिकेट की वैलिडिटी 5 साल की कराई जाएगी। अभी इसकी वैलिडिटी सिर्फ 1 साल की हैं। बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्याम मीणा और प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार पटेल ने यह प्रस्ताव रखा है। संगठन अपनी मांग को लेकर ज्ञापन सौंपेगा, आंदोलन और प्रदर्शन भी करेगा।

महामंत्री माखन मीणा ने बताया कि 1 मई से प्रदेश में सदस्यता अभियान की शुरुआत की जाएगी। इसमें सामान्य और सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे। प्रदेश प्रवक्ता घनश्याम रावत ने कहा कि जून और जुलाई माह में संगठन की कार्यकारिणी का गठन होगा। इस साल प्रदेश स्तरीय प्रैक्टिस सेशन गांधी सागर डेम पर आयोजित किया जाएगा।

संगठन के स्थापना दिवस पर 'गोत्र वाटिका' बनेगी

मीणा समाज के विभिन्न जिलों में प्रैक्टिस सेशन अगस्त में आयोजित होंगे। वहीं, प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह सितंबर में होगा। संगठन के स्थापना दिवस पर पूरे प्रदेश में कुल गोत्र के पौधों का रोपण कर 'गोत्र वाटिका' बनाई जाएगी। मीणा समाज मध्य प्रदेश के पिछड़े वर्ग में शामिल है। इसलिए समाज 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की लड़ाई भी लड़ेगा। संगठन विस्तार के लिए प्रदेश को चार प्रांतों में बांटा गया है। मध्य भारत, मालवांचल, नर्मदांचल और चंबल प्रांत बनाए गए हैं।

मुख्यमंत्री कल करेंगे श्रमिक परिवारों को राशि वितरित

अनुग्रह सहायता योजना के 27,523 प्रकरणों में 600 करोड़ रूपये की राशि की जाएगी अंतरित

भोपाल,ईएमएस।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 30 अप्रैल को धार जिले के उमरबन में संबल योजना में अनुग्रह सहायता के 27 हजार 523 प्रकरणों में राशि रूपये 600 करोड़ सिंगल क्लिक से वितरित करेंगे। कार्यक्रम में श्रम व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि, हितग्राही उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 01 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये

प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में जहाँ एक ओर महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा में शिक्षा हेतु सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

नीति आयोग की पहल पर प्रदेश के गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारम्भ किया गया है एवं इन्हें भी संबल योजना के अंतर्गत समस्त लाभ प्रदान किये जा रहे हैं। संबल हितग्राहियों को खाद्यान्न पात्रता पर्ची भी प्राप्त होती है जिससे वे केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा रियायती दरों पर राशन प्राप्त कर रहे हैं। संबल योजना प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें श्रमिक को जन्म से लेकर मृत्यु तक आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के लाखों निर्माण श्रमिकों के लिये भी निर्माण मंडल के माध्यम से कई योजनायें संचालित की जाती हैं। इनमें निर्माण श्रमिकों की मृत्यु होने पर अनुग्रह सहायता तथा स्थायी एवं आंशिक अपंगता पर सहायता भी सम्मिलित है। सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत पात्र श्रेणी में चिन्हित किया गया है, अब वे भी 5 लाख रूपये वार्षिक नि : शुल्क चिकित्सा प्राप्त कर रहे है। प्रदेश सरकार द्वारा योजना प्रारंभ से अब तक 01 करोड 75 लाख श्रमिकों का संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन किया गया है।

लोक अदालत में बिजली प्रकरणों में मिलेगी अधिभार में छूट

10 मई को जिला और तहसील न्यायालयों में लगेगी नेशनल लोक अदालत

भोपाल,ईएमएस।

भोपाल में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आगामी 10 मई को प्रदेश के सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस बार लोक अदालत में बिजली अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों में उपभोक्ताओं को बड़ी छूट मिलने जा रही है। लोक अदालत में समझौता करने वाले घरेलू, कृषि, 5 किलोवाट तक के गैर घरेलू और 10 एचपी तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। यह छूट उन प्रकरणों पर लागू होगी, जो न्यायालय में लंबित हैं या जिन पर प्री-लिटिगेशन स्तर पर कार्रवाई होनी है।



दो स्तरों पर मिलेगी छूट

लोक अदालत में बिजली प्रकरणों में दो स्तरों पर छूट मिलेगी। पहला प्री-लिटिगेशन स्तर पर। इसके तहत कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व राशि पर 30 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वहीं ब्याज पर 100 प्रतिशत माफी दी जाएगी, अगर भुगतान में चूक हुई है। वहीं दूसरा लिटिगेशन स्तर पर। इसके तहत आंकलित सिविल दायित्व राशि पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। ब्याज पर 100 प्रतिशत माफी 30 दिन की तय समय सीमा के बाद भी दी जाएगी। ब्याज की गणना 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की छ: माही चक्रवृद्धि दर से होती है, लेकिन लोक अदालत में समझौता करने पर यह पूरा माफ किया जाएगा।

सीएम डैशबोर्ड से विभागों की निगरानी होगी आसान

कलेक्टरों की परफॉर्मेंस का मिलेगा लाइव अपडेट

भोपाल,ईएमएस। मप्र में अब सरकारी योजनाओं की क्रियान्वयन में लापरवाही नहीं हो पाएगी। गुजरात वाला सीएम डैशबोर्ड, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पसंद आ गया है। अब इसके माध्यम से उन्हें प्रत्येक जिले के लाइव अपडेट मिलते रहेंगे। योजनाओं के प्रत्येक हितग्राही की डिटेल एंट्री मिलेगी। यानी अब कोई कलेक्टर लापरवाही नहीं कर पाएगा। सीएम डैशबोर्ड सबकी कलई खोल कर रख देगा। यानी कलेक्टरों की परफॉर्मेंस का लाइप अपडेट शासन और प्रशासन को मिलता रहेगा। जानकारी के अनुसार समाधान ऑनलाइन में सीएम डैशबोर्ड से इस बार प्रदेशभर के कलेक्टरों की परफॉर्मेंस रिपोर्ट तैयार होगी। भोपाल में सीएम डॉ. मोहन यादव खुद विभागों की समीक्षा करेंगे, जिसे देखते हुए जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तैयारियों में जुटे हुए हैं। बताया जा रहा है कि यह समीक्षा भोपाल में होगी, लिहाजा जिले के कलेक्टर, एसपी ने डैशबोर्ड में दिए गए विभागों और योजनाओं के प्रभारी अधिकारियों को हिदायत दी है कि कहीं कोई गड़बड़ी हुई तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। अधिकारियों के मुताबिक, यह पहली बार है जब डैशबोर्ड के माध्यम से जनता से सीधे जुड़े हुए विभाग और प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की जा रही है।

EMS ACADEMY OF JOURNALISM
(AFFILIATED BY BHARTIYA VIDYA BHAVAN, AHMEDABAD)
Become a Media professional

ADMISSION
OPEN FOR PG-DIPLOMA 2025
One Year Diploma Course
1. Journalism & Mass communication
2. Public Relation
3. Digital Media
4. Marketing & Sales management
APPLY NOW
Contact Us:
9302208608,9229226533
www.emsindia.com, Jabalpur express.com
ems_academy@rediffmail.com
यदि आप बनाना चाहते हैं मीडिया की दुनिया में अपनी पहचान तो जुड़िये मध्यप्रदेश की नंबर 1 मीडिया एकेडमी से
Academy premises: Bhopal Teaching mode: Offline
FACILITIES
• Well equipped media lab & TV Studio
• Writing exercise for print and web
• Guidance by Media Professionals
• Practical Training of conducting Interview, Tv Reporting Writing Article, Field reporting etc.
• Regular Field Visits
• Well Qualified Faculty
• Guaranteed Internship and Placement
ADDRESS : 7, COMMERCIAL CHITTOD COMPLEX ZONE 1 M.P. NAGAR, BHOPAL MADHYA PRADESH

बजट में प्रावधान, लेकिन केन्द्र ने नहीं दी राशि

प्रदेश के खजाने को लगा 16155 करोड़ का घाटा

भोपाल,ईएमएस।

भले ही प्रदेश और केन्द्र में भाजपा की सरकार है, लेकिन आर्थिक मोर्चा पर प्रदेश को इसका फायदा पूरी तरह से नहीं मिल पा रहा है। हालत यह है कि बीते माह समाप्त हुए वित्त वर्ष में केन्द्र सरकार ने प्रदेश के हिस्से की पूरी राशि नहीं दी , लिहाजा प्रदेश के खजाने को 16155 को घाटा उठाना पड़ा है। दरअसल, प्रदेश सरकार को केन्द्र से 31 मार्च तक 37652 करोड़ रुपए मिलने थे, लेकिन उसे महज 21497 हजार करोड़ रुपए ही मिल सके हैं।

इस तरह से 16155 करोड़ रुपए कम दिए गए हैं। इसके अलावा कई विभाग तो ऐसे हैं , जिनकी कई मदों में एक रुपए भी जारी नहीं किए गए हैं। यह स्थिति तब रही है, जबकि विभागों की योजनाओं के मद में बजट का प्रावधान भी किया गया था। जिन विभागों के यह हाल रहे हैं, उन विभागों के मंत्रियों की बात करें तो उनमें कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, राजेंद्र शुक्ल, उदय प्रताप सिंह, राकेश सिंह, संपतिया उइके, निर्मला भूरिया जैसे मंत्री

शामिल हैं। अहम बात तो यह है कि केन्द्र प्रदेश के कोटे से मंत्री और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान के विभाग ने भी मप्र को बंजट आवंटित करने में कंजूसी दिखाई है। इसी तरह से मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन के लिए 4571.49 करोड़ रुपए में से भी एक रुपए तक प्रदेश को नहीं मिला है । उधर, प्रदेश से वास्ता रखने वाले दूसरे केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने भी मप्र को लेकर कंजूसी दिखाई है। उनके विभाग ने मप्र को तय बजट में से 60 फीसदी राशि कम दी है। प्रदेश में यह विभाग उप मुख्यमंत्री सीएम राजेंद्र कुमार शुक्ल के पास है।

नगरीय आवास और विकास विभाग को भी कम मिली राशि

नगरीय आवास और विकास विभाग को भी 1400 करोड़ रुपए कम मिले हैं। इसके तहत अमृत 2.0 के लिए 51.03 करोड़, शहरी स्वच्छ भारत मिशन 2.0 कैपिसिटी बिल्डिंग के लिए 22.64 करोड़ रुपए, जबलपुर और उज्जैन स्मार्ट सिटीज के लिए अलग-अलग 14-14 करोड़ रुपए मेट्रो रेल के लिए 120 करोड़ नहीं मिले। इसी तरह से यूज्ड वाटर मैनेजमेंट 255 करोड़ के बदले केंद्र ने 347.59 करोड़ और हाउसिंग फॉर ऑल के लिए 612 करोड़ के बदले 281.44 करोड़ रुपए दिए हैं। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग पंचायत विभाग की ओर से 106.17 करोड़ एमपी को मिलने थे। जिसमें से 40 करोड़ रुपए ही दिए गए हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री जनमन योजना आवास के लिए 600 करोड़, प्रधानमंत्री जनमन योजना सड़क के लिए 300 करोड़, पीएम पोषण शक्ति निर्माण के लिए 540 करोड़, मध्यान्ह भोजन सामग्री परिवहन के लिए 68.25 करोड़ नेशनल रूरल इकोनामिक ट्रांसफॉर्मेशन प्रोजेक्ट के लिए 18 करोड़, स्टार्ट अप विलेज इंटर प्रिन्योर शिप प्रोग्राम के लिए 30 करोड़ और दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के लिए 90 करोड़ रुपए मिलने थे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सनत कुमार जैन के लिए सुपर प्रिन्टर्स, आर-11, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर हॉल नं. 07, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : बलदेवराज गुप्त, एसोसियेट एडीटर : विनीत खरे, स्थानीय संपादक : सौरभ जैन*
फोन-0755-2572334, दिल्ली कार्यालय: ''ईएमएस हाउस'' यू-39-ए, शकरपुर, दिल्ली-110092. फोन नं.011-22022531 फैक्स नं. 011-22022535. ई-मेल: expressnews.advt@gmail.com (रजि नं. RNI 62831/95, डाक पंजीयन सं. म.प्र./भोपाल/402/2024-26) समाचार चयन के लिए *पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।